राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 314
लखनऊ, गुरुवार 16 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



545 ग्राम पंचायतों को कार्यों हेतु 6.11 करोड़ से अधिक की धनराशि उपलब्ध 10
पात्र लाभार्थी आवास से वंचित रहा तो सीधे तौर पर सीडीओ की होगी जिम्मेदारी : केशव 03

# युवाओं के लिए लग रहे रोजगार मेले, हो रहा कैंपस सेलेक्शन : योगी

- सीएम ने कौशल विकास, रोजगार, उद्यमशीलता व उद्योगों से जुड़ी कई योजनाओं का किया शुभारंभ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के अवसर पर बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशल विकास, रोजगार, उद्यमशीलता और उद्योगों से जुड़ी कई योजनाओं का शुभारंभ किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार मेले लग रहे हैं। युवाओं का कैंपस सेलेक्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवा ही उत्तर प्रदेश की ताकत है। यूपी आज देश के अंदर सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले तत्कालीन सरकार प्रदेश के लिए अपशकुन बन चुकी थी। प्रदेश में असुरक्षा का वातावरण था। पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। सरकारी नौकरियों पर एक परिवार का एकाधिकार था। बिना पैसे के कोई काम होता नहीं था।

उत्तर प्रदेश धीरे-धीरे बीमारू राज्य होता गया। प्रकृति और परमात्मा की कृपा का प्रदेश उत्तर प्रदेश फिर भी बीमारू। सुरक्षा नहीं तो प्रदेश में निवेश नहीं आता था। नौजवान भविष्य के लिए चिंतित था। युवाओं के लिए नौकरी नहीं। चाचा-भतीजे वसूली करते थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट था।

योगी ने कहा कि जो सरकार युवाओं की उपेक्षा करती हो,कारीगर को पलायन के लिए मजबूर करती हो उस सरकार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। अब नौकरी के लिए सिफारिश नहीं लगती। युवा अब पलायन करने को मजबूर नहीं।

### 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया, जिसमें से 12.50 लाख को रोजगार मिला। उन्होंने बताया कि 2026-27 में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। मंत्री ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत स्कूली बच्चों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, और ज़ीरो पॉवर्टी योजना के तहत निर्धन परिवारों के युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार अभियान चलाया जा रहा है।

### यूपी में पहली बार कोई सरकार तीसरी बार लगातार रिपीट होगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नौ वर्षों के कार्यों, कानून-व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, कृषि, निवेश और बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव लाने में सफल रही है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान, सुरक्षा और विकास के संकट से जूझ रहा था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में राज्य ने देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यूपी में पहली बार कोई सरकार तीसरी बार लगातार रिपीट होगी। एनडीए सरकार इस बार यूपी में हैट्रिक लगाएगी। मुख्यमंत्री बुधवार को लखनऊ में एक निजी न्यूज चैनल के विशेष कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नौ वर्षों की कार्यपद्धति और रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने है। जनता जनार्दन फैसला करने को तैयार है। 2003 से 2017 तक सपा और अन्य सरकारों की कार्यपद्धतियां भी सबके सामने हैं।

### राम मंदिर ट्रस्ट में सरकारी दखल नहीं, एसआईटी रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

सीएम योगी ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की घटना से हम जैसे राम भक्तों की आस्था को ठेस पहुंची है, लेकिन इस मामले के बहाने अयोध्या और राम जन्मभूमि को बदनाम करना उचित नहीं है। इंडिया टुडे समूह के कार्यक्रम पंचायत आज तक को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों, खासकर समाजवादी पार्टी (सपा), पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे अपने पुराने रिकॉर्ड के बावजूद आस्था से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की घटना ने निश्चित रूप से हम सभी की, हम जैसे राम भक्तों की आस्था को चोट पहुंचाई है। राम मंदिर ट्रस्ट एक स्वतंत्र संस्था है और सरकार को इसके मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। ट्रस्ट ने जांच का अनुरोध किया और राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया। जैसे ही एसआईटी की रिपोर्ट आई, कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन्होंने कहा कि चोरी की घटना में कथित रूप से शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनकी सहायता करने के आरोप में 2 अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

# भारत-ब्रिटेन के बीच आर्थिक व व्यापार समझौता लागू होना महत्वपूर्ण क्षण : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते के लागू होने को महत्वपूर्ण क्षण करार देते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

श्री मोदी ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के सोशल मीडिया पर इस समझौते के आज से लागू होने से संबंधित पोस्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए बुधवार को कहा कि समझौते का लागू होना भारत ब्रिटेन साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण क्षण है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह भारत-यूनाइटेड किंगडम साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते के लागू होने के साथ ही हमारे आर्थिक संबंध और अधिक गहरे होने जा रहे हैं। ये दोनों ऐतिहासिक समझौते हमारी साझा महत्वाकांक्षाओं को दोनों देशों के लोगों के लिए ठोस अवसरों में बदलते हैं। उन्होंने कहा कि सीईटीए हमारे किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के लिए नई गति लेकर आएगा। अनेक उभरते हुए क्षेत्रों को ब्रिटेन के बाज़ार तक बेहतर पहुँच मिलेगी। यह प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाओं और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को भी और सुदृढ़ करेगा, साथ ही कुशल भारतीय प्रतिभाओं की अधिक गतिशीलता को भी प्रोत्साहित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौता ब्रिटेन में अस्थायी रूप से कार्यरत भारतीय पेशेवरों को अमूल्य सहयोग प्रदान करेगा तथा भारतीय उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को और मजबूत बनाएगा।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,60,736/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,20,590/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,50,000/किग्रा |



# केंद्रीय कैबिनेट के बड़े फैसले : वाराणसी में बनेगा 6-लेन ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर

- 2.19 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में देश के बुनियादी ढांचे, रेलवे, कृषि और सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। कुल 2,19,353 करोड़ रुपये के निवेश वाले इन प्रस्तावों का उद्देश्य देश में कनेक्टिविटी मजबूत करना, औद्योगिक विकास को गति देना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसलों की जानकारी दी। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच 46.039 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 14,447.64 करोड़ रुपये होगी। इसे हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) के तहत विकसित किया जाएगा। इस परियोजना में छह लेन का एलिवेटेड मार्ग, आधुनिक केबल-स्टे ब्रिज, एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज, रैंप, लूप, सर्विस रोड और लिंक रोड का निर्माण किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इससे वाराणसी शहर में ट्रैफिक जाम कम होगा और राष्ट्रीय राजमार्ग से निर्बाध संपर्क स्थापित होगा।

कैबिनेट ने वरुणा नदी के किनारे एनएच-31 और वाराणसी रिंग रोड को जोड़ने वाले 43.218 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 10,998.32 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

कैबिनेट ने तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सेमीकंडक्टर 2.0 योजना के लिए 1,27,500 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक चिप डिजाइन और निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है। इसके अलावा मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग योजना (एण्मपीएमएस) के तहत 62,500 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे देश में मोबाइल निर्माण, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं से देश में आधुनिक परिवहन नेटवर्क विकसित होगा, औद्योगिक निवेश बढ़ेगा और लाखों लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनेंगे। विशेष रूप से वाराणसी में स्वीकृत दोनों एलिवेटेड कॉरिडोर शहर की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देंगे और पूर्वी उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगे।

# अमेरिकी हमलों से भड़का ईरान, सबसे बड़ी चेतावनी दी, कहा-अब किसी को भी नहीं मिलेगा तेल व गैस

**एजेंसी, तेहरान।**



- या तो क्षेत्र से तेल और गैस का निर्यात सभी के लिए होगा, या फिर किसी के लिए नहीं : आईआरजीसी

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान पर फिर से नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर दी और उसके कई सैन्य ठिकानों पर सात घंटे तक हवाई हमले किए। जवाब में ईरान ने पूरे मध्य पूर्व से तेल और प्राकृतिक गैस के निर्यात को रोकने की धमकी दी है। दोनों देशों के बीच बढ़ते टकराव से एक बार फिर पूरे पश्चिम एशिया में बड़े युद्ध की आशंका गहरा गई है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरानी तटीय क्षेत्रों के पास स्थित कई सैन्य ठिकानों पर सात घंटे तक लगातार हवाई हमले किए। अमेरिका का दावा है कि इन हमलों का उद्देश्य ईरान की समुद्री मार्गों और व्यापारिक जहाजों को खतरा पहुंचाने की क्षमता को कमजोर करना था। अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों पर फिर से नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर दी है। इससे पहले अप्रैल में भी ऐसी नाकेबंदी की गई थी, जिसे जून में अंतरिम समझौते के बाद हटा लिया गया था। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अमेरिकी हमलों में कम से कम 7 सैनिकों की मौत हुई है, जबकि 260 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

सरकारी मीडिया के मुताबिक, सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के बामपुर स्थित 388वीं मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के सैन्य बैरक पर अमेरिका ने कम से कम 13 मिसाइलें दागीं। मारे गए लोगों में नियमित सैनिकों के अलावा अनिवार्य सैन्य सेवा कर रहे जवान भी शामिल हैं।

अमेरिकी कार्रवाई के बाद ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो पूरे मध्य पूर्व से तेल और गैस का निर्यात रोक दिया जाएगा। आईआरजीसी ने कहा, या तो क्षेत्र से तेल और गैस का निर्यात सभी के लिए होगा, या फिर किसी के लिए नहीं। यह बयान वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए बड़ी चेतावनी माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉस्टल मेस में नॉनवेज खाना बनाने व परोसने पर केजीएमयू ने लगाई रोक

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ने सभी हॉस्टल मेस और कैंटीन में नॉनवेज खाना बनाने और परोसने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। जिसको लेकर बुधवार को साधु-संतों ने विश्वविद्यालय के इस फैसले का स्वागत किया है। यह कदम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हालिया कैंपस निरीक्षण के बाद उठाया गया है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब हॉस्टल मेस और कैंटीन में नॉनवेज खाना न तो तैयार किया जाएगा और न ही परोसा जाएगा लेकिन छात्रों को अपनी व्यक्तिगत पसंद के अनुसार बाहर से ऐसा भोजन मंगाने या खुद पकाने की स्वतंत्रता बनी रहेगी।

### इलेक्ट्रिक स्कूटी की स्पार्किंग से भीषण आग, महिला समेत दो की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित सेक्टर-66 के ममूरा गांव में बुधवार को एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ग्राउंड फ्लोर पर चार्जिंग के दौरान एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में स्पार्किंग हुई, जिसके बाद आग तेजी से आसपास खड़े अन्य वाहनों तक फैल गई। देखते ही देखते पूरा परिसर घने धुएं से भर गया। हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि फायर ब्रिगेड और पुलिस की संयुक्त टीम ने 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह घटना थाना फेस-3 क्षेत्र के गली नंबर-2, मामूरा में हुई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां, हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, मुख्य अग्निशमन अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया।

### 10 अगस्त को खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का वर्तमान चरण प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में 10 अगस्त, 2026 को आयोजित किया जायेगा। छूटे हुये लाभार्थियों को टैबलेट एल्बेण्डाजोल (कृमि नाशक गोली) 14 अगस्त, 2026 को मापअप दिवस को खिलाई जायेगी। वर्तमान चरण में लगभग 9.92 करोड़ बच्चों को कृमि मुक्ति किये जाने का लक्ष्य है।

# जौहर विश्वविद्यालय पर चलेगा बुलडोजर

- रामपुर विकास प्राधिकरण ने बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण को माना अवैध, विस्तृत सुनवाई के बाद जारी किया ध्वस्तीकरण का आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश में अवैध निर्माण और भू-उपयोग नियमों के उल्लंघन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर में बिना नक्शे की स्वीकृति के निर्मित भवनों के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-27(1) के तहत की गई है। आदेश में विस्तृत सुनवाई और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद विश्वविद्यालय परिसर में बने 38 भवनों को अवैध निर्माण की श्रेणी में माना गया और ध्वस्तीकरण के आदेश दिये गये हैं। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि जिले में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार एक्शन लिया जा रहा है।

### आयुष्मान योजना में लापरवाही पर बड़ा एक्शन बिजनौर के 16 सूचीबद्ध अस्पतालों पर गिरी गाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए साचीज लगातार सख्त निगरानी कर रही है। इसी के तहत बिजनौर के 20 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान लापरवाही मिलने पर 16 चिकित्सालयों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साचीज द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष टीम ने बिजनौर के 20 विभिन्न सूचीबद्ध अस्पतालों का बिना पूर्व सूचना के निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार प्रक्रिया, दस्तावेजों, रिकॉर्ड, क्लेम प्रक्रिया और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। जांच में कई अस्पताल योजना के निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए नहीं पाए गए।

# व्यावसायिक शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन को मजबूत करने के लिए भारत व आस्ट्रेलिया के बीच समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के बाद कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) और ऑस्ट्रेलिया की ऑस्ट्रेलियन स्किल्स क्वालिटी अथॉरिटी (एएसक्यूए) ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में गुणवत्ता आश्वासन को मजबूत करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय गुणवत्ता नियामकों के बीच संस्थागत साझेदारी को बढ़ावा देना है। एनसीवीईटी की अध्यक्ष देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि यह सहयोग ज्ञान के आदान-प्रदान, नियामक प्रथाओं को मजबूत करने, संस्थागत क्षमता निर्माण और नवाचार को बढ़ावा देने में मदद करेगा। समझौते के तहत दोनों संस्थाएं गुणवत्ता आश्वासन ढांचे, मान्यता प्रक्रियाओं, निगरानी प्रणाली, क्षमता निर्माण, स्टाफ एक्सचेंज, संयुक्त कार्यशालाओं और अन्य पहलों में सहयोग करेंगी। एएसक्यूए संबंधित हितधारकों को जोड़कर योग्यता की पारस्परिक मान्यता, डिजिटल क्रेडेंशियलिंग, व्यावसायिक मानकों के संरेखण और श्रम बाजार प्रवृत्तियों पर जानकारी साझा करने में भी मदद करेगा। एनसीवीईटी के कार्यकारी सदस्य प्रो. अशोक कुमार गाबा ने कहा कि यह समझौता व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में गुणवत्ता आश्वासन को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### केवड़ा का पौधा इंसानों से भी करोड़ों साल पुराना असम में मिले 2.4 करोड़ साल पुराने जीवाश्म

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केवड़ा पौधा इंसानों से भी करोड़ों साल पुराना है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि केवड़ा का पौधा भारत में करीब 2.4 करोड़ साल से मौजूद है। यानी यह पौधा इंसानों के आने से भी बहुत पहले और हिमालय बनने के पहले से धरती पर था। असम के माकुम कोयला क्षेत्र में केवड़ा के पत्तों के जीवाश्म मिले हैं। इन जीवाश्मों का अध्ययन बिरबल साहनी पुराजीव विज्ञान संस्थान, लखनऊ के वैज्ञानिकों ने किया। उन्होंने पाया कि ये पत्ते आज के केवड़ा पौधे जैसे ही हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, करोड़ों साल पहले केवड़ा जैसे पौधे दुनिया के कई हिस्सों में पाए जाते थे लेकिन जलवायु बदलने के बाद ये कई जगहों से खत्म हो गए। भारत उन चुनिंदा स्थानों में रहा, जहां यह पौधा आज तक बचा रहा।

# बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त, भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक की स्थिति पर जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर दायर जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट आज (गुरुवार) को सुनवाई करेगा।

जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे वांगचुक की सेहत को लेकर चिंता जताते हुए अदालत में याचिका दाखिल की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा कि मामले की तात्कालिकता को देखते हुए सुनवाई जल्द जरूरी है। सोनम वांगचुक 28 जून से जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन में शामिल हुए थे और तभी से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। यह प्रदर्शन कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) की ओर से नीट में कथित अनियमितताओं के विरोध और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर किया जा रहा है। याचिकाकर्ता राकेश कुमार सैनी ने अदालत में कहा कि स्थिति बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि एक नागरिक अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से अनशन कर रहा है, जिससे उसके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। जनहित याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि संबंधित अधिकारियों को वांगचुक की मदद करने और उनसे बातचीत करने के निर्देश दिए जाएं। इसके अलावा याचिका में जरूरत पड़ने पर वांगचुक को जबरन भोजन कराने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट विधिज्ञ परिषद (बार एसोसिएशन) के कार्य बहिष्कार के चलते संबंधित प्राधिकरणों की ओर से कोई प्रतिनिधि अदालत में उपस्थित नहीं हो सका। इसके बाद पीठ ने सुनवाई को एक दिन के लिए टाल दिया। अदालत ने आदेश की प्रति संबंधित अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और दिल्ली सरकार के वकील को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**सहूलियत** | उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांग व वृद्ध राशन कार्डधारकों की सुविधा के लिए लिया बड़ा फैसला

# वृद्ध व दिव्यांग कार्डधारकों के घर पर राशन पहुंचायेंगे कोटेदार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांग और वृद्ध राशन कार्डधारकों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब ऐसे पात्र लाभार्थियों को राशन लेने के लिए उचित दर की दुकान तक नहीं जाना होगा। कोटेदार स्वयं उनके घर जाकर राशन पहुंचाएंगे। यह जानकारी खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री मनोज पांडेय ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी।

मनोज पाण्डेय ने बताया कि सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद और असहाय लोगों को बिना किसी परेशानी के समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुविधाजनक बनाना है। अब खाद्यान्न के आवंटन और वितरण से संबंधित जानकारी लाभार्थियों को एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के योजना का लाभ पहुंचे।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं 16 जिलों का दौरा कर राशन वितरण व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 47 लाख नए पात्र लाभार्थियों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा।

मनोज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित यह व्यवस्था देश की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में शामिल है। योजना के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।



उन्होंने बताया कि लाभार्थियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर शुरू किया जाएगा। राशन की आपूर्ति करने वाले वाहनों की विभागीय स्तर पर मार्किंग की जाती है, जिससे खाद्यान्न की आवाजाही और वितरण प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके।

खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रदेश की ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक 7,534 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 2,576 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सरकार का उद्देश्य राशन वितरण व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाना है। मनोज पांडेय ने बताया कि विवाह के बाद बेटियों के राशन कार्ड की यूनिट को उनके नए जिले अथवा राज्य में स्थानांतरित करने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इस पहल का लाभ अब तक 55,910 महिलाओं को मिल चुका है, जिससे उन्हें नए निवास स्थान पर राशन प्राप्त करने में सुविधा हो रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



▸ सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक रणनीति पर हुआ मंथन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रम विभाग द्वारा मजदूर यात्रियों की सुविधा के लिए किराया कार्ड जारी किए जाएं, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान निर्धारित सुविधाओं का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि आमजन के बीच mParivahan ऐप के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग डिजिटल माध्यम से वाहन संबंधी आवश्यक सेवाओं एवं दस्तावेजों का सरलता से उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सड़क सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है और इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित प्रयास करें।

**दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा पीएम कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दुर्घटना की स्थिति में घटनास्थल के निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से ही घायल व्यक्तियों को आवश्यकता अनुसार सीधे निकटवर्ती एम्पैनल्ड अस्पतालों में रेफर किया जाए, जिससे उन्हें समय पर बेहतर उपचार मिल सके और बहुमूल्य जीवन की रक्षा की जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को इस व्यवस्था को पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ लागू करने के निर्देश दिए। **विद्यालयों में सड़क सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल-**

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक, जूनियर एवं इंटरमीडिएट स्तर तक के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी विषयवस्तु को शामिल कराने के लिए आवश्यक पहल की जाए।

## राजनीतिक द्वेश भावना के अंतर्गत मुझे बदनाम किया जा रहा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विगत दिवस दूरभाष पर राहुल सिंह चौहान से जब इस बात की जानकारी मांगी गई कि क्या आपको गिरफ्तार कर लिया गया है उन्होंने कहा कि मुझे सिर्फ बदनाम किया जा रहा है और जिन लोगों ने इस प्रकार की शर्मनाक हरकत की है मैं उनकी जानकारी करके उनके खिलाफ मुकदमा लिखवाऊंगा जब इस पर उनसे पूछा गया कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है तो उन्होंने कहा की बहुत ही कम समय में जनता को हमसे उम्मीदें हैं और मैं जनता के सेवक के रूप में 24 घंटे उनके सामने प्रकट रहता हूं बस इसी से जलन करके जो हमारे राजनीतिक विरोधी है।

# पंचायत सहायकों व ग्राम पंचायत सचिवों के लिए आयोजित किया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को ब्लॉक सभागार जरवल में पंचायत सहायकों और ग्राम पंचायत सचिवों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत गुलामुद्दीन जिलानी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य सत्र में प्रशिक्षक आशीष श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी पंचायत सहायकों और सचिवों को बताया कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत अब पंचायतों को मिलने वाले बजट में स्वच्छता, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन और पेयजल आपूर्ति जैसे 'टाइड ग्रांट' के कार्यों पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा आरक्षित किया गया है। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया कि आयोग की नई सिफारिशों के अनुसार केवल उन्हीं ग्राम पंचायतों को समय पर विकास निधि और अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिल सकेगी जो 'ई-ग्राम स्वराज' और 'पीएफएमएस' पोर्टल के माध्यम से शत-प्रतिशत पारदर्शी डिजिटल भुगतान और रियल-टाइम ऑडिट की प्रक्रिया को पूरा करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने तथा पंचायत एडवांस इंडेक्स के मानकों के आधार पर कार्य करने के तौर-तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रशिक्षक मोहम्मद आबिद ने ग्राम पंचायतों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पंचायत की अपनी आय के स्रोतों (ओएसआर) को बढ़ाने के विभिन्न उपायों, जैसे स्थानीय कर, शुल्क और हाट-बाजारों के प्रबंधन के बारे में कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के सभी पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव तथा विकास खंड के अन्य संबंधित कर्मचारी व अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खरगपुर: दीपक से डीजल गोदाम में भीषण आग, 3400 लीटर डीजल जलकर स्वाहा

**खरगपुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोकर्णनाथ शिवाला के पास मंगलवार रात डीजल गोदाम में लगी भीषण आग से हड़कंप मच गया। आग में 14 ड्रमों में रखा करीब 3400 लीटर डीजल जलकर राख हो गया। समय रहते परिवार बाहर निकल आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। खरगपुर थाना क्षेत्र के गोकर्णनाथ शिवाला के पास स्थित डीजल गोदाम में मंगलवार रात करीब 8 बजे आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक रोशनी के लिए जलाए गए दीपक से आग लगी और देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में रखे 14 ड्रमों में 3400 लीटर डीजल आग की लपटों में स्वाहा हो गया। ऊंची-ऊंची लपटों से आसपास दहशत फैल गई। आग पास के मकान तक पहुंच गई। हादसे में गृहस्थी का सामान और 2 बाइक जलकर खाक हो गईं। किचन में रखा गैस सिलेंडर भी फट गया। इसके बाद आसपास के लोगों ने डर के मारे अपने घर खाली कर दिए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां और SDRF की टीम मौके पर पहुंचीं। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस ने बताया कि समय रहते परिवार बाहर निकल गया, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल नुकसान का आकलन जारी है।

### किसान यूनियन ने सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन, अमेरिका ट्रेड डील रद्द करने और एमएसपी गारंटी की मांग

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला, (बलरामपुर)।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) और भारतीय मजदूर किसान संगठन (राष्ट्रवादी) ने शनिवार को जिलाधिकारी उतरौला के माध्यम से राज्यपाल को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं के खिलाफ किसानों की प्रमुख मांगें उठाई गईं। ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तझान और भारतीय मजदूर किसान संगठन (राष्ट्रवादी) के जिला अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में सौंपा गया। किसानों ने केंद्र सरकार से अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील समझौते को तुरंत रद्द करने की मांग की। न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की अपील की। उद्योगपतियों की तरह किसानों के कृषि ऋणों की पूर्ण माफी की मांग, ताकि किसानों की आत्महत्या रुके और उनका बोझ कम हो। निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली बंद हो और सभी स्कूलों में सरकारी किताबें लागू की जाएं, जिससे शिक्षा में एकरूपता आए। किसान आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमों को वापस लेने की मांग की स्मार्ट मीटर को बंद कर पुराने मीटर पुनः लगाने की अपील। किसानों का कहना है कि स्मार्ट मीटर महंगे हैं और बिजली बिल अधिक आ रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर छोटेलाल यादव, बड़ेलाल पांडे, सत्यराम यादव, अजित यादव, जीवनलाल यादव, शिवशंकर वर्मा, परवेज आलम, सियाराम मौर्य, धनराम मौर्य, घनश्याम वर्मा, सुधीर कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम इटैहिया में जलभराव की स्थिति समाप्त

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा पूर्व में विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम इटैहिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया था। ग्राम में हेंगहा नाले के कैचमेंट क्षेत्र में निर्माण कार्यों के कारण जल प्रवाह प्रभावित होने से गांव के एक हिस्से में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित विभागों को नालों के प्राकृतिक प्रवाह में किसी भी प्रकार का अवरोध न रहने देने, जलनिकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सिंचाई विभाग, खाद खंड, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा समन्वित रूप से कार्य करते हुए हेंगहा नाले के जल प्रवाह को सुचारु बनाया गया तथा आवश्यक जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके परिणामस्वरूप वर्तमान में ग्राम इटैहिया में जलभराव की स्थिति समाप्त हो चुकी है। आवागमन भी सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। स्थिति सामान्य होने के उपरांत पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम में विशेष साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों की व्यापक सफाई, नालियों की सफाई, कचरे का निस्तारण तथा आवश्यक स्वच्छता संबंधी कार्य कराए गए, ताकि जलजनित एवं संचारी रोगों की संभावनाओं को रोका जा सके। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम इटैहिया का भ्रमण कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा संभावित संचारी एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से दवा किट का वितरण किया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, पानी उबालकर पीने, घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने तथा बुखार, दस्त, उल्टी अथवा अन्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि ग्राम की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखते हुए जलनिकासी व्यवस्था, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर प्रभावी रखा जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा संचारी रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

## 2.180 किलो अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

▸ थानाध्यक्ष दीपक सिंह की अगुवाई में पयागपुर पुलिस की बड़ी सफलता



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थानाध्यक्ष पयागपुर दीपक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2.180 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दीपक सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पयागपुर-इकौना मार्ग स्थित नगर पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.180 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरविंद पुत्र रामनरेश, निवासी नौशहरा, थाना बौंडी, जनपद बहराइच (उम्र 24 वर्ष) के रूप में हुई। बरामदगी के आधार पर थाना पयागपुर में मु.अ.सं. 302/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से भी आपराधिक मुकदमा दर्ज है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेश्वरनाथ तिवारी, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल बाबूनन्दन तथा कांस्टेबल रामप्रसाद शामिल रहे।

# 'ऑपरेशन रक्षा' के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर व होटलों में चलाया गया मानव तस्करी रोकथाम अभियान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश शासन एवं अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार बच्चों के विरुद्ध दुर्व्यवहार संबंधी अपराधों की रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद गोण्डा में दिनांक 10 जुलाई से 24 जुलाई, 2026 तक 15 दिवसीय 'ऑपरेशन रक्षा' विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 15.07.2026 को थाना एएचटीयू/एसजेपीयू, अपराजिता सामाजिक समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन गोण्डा की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर, होटल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्पा सेंटर, मसाज पार्लर एवं होटल संचालकों के अभिलेखों का सत्यापन किया गया तथा कर्मचारियों की पहचान एवं अन्य आवश्यक विवरणों की जांच की गई। संचालकों को निर्देशित किया गया कि बिना वैध पहचान पत्र एवं आवश्यक अभिलेखों के किसी भी व्यक्ति को कार्य पर न रखें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। संयुक्त टीम द्वारा उपस्थित कर्मचारियों, संचालकों एवं आमजन को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों तथा इनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि किसी महिला, बालक अथवा बालिका के साथ शोषण, तस्करी अथवा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। महिला हेल्पलाइन-1090, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई तथा पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। जनपद गोण्डा पुलिस महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। 'ऑपरेशन रक्षा' अभियान के माध्यम से मानव तस्करी, बाल शोषण एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता एवं प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# ग्रामीण क्षेत्र को मिली रोडवेज बस सेवा की सौगात

▸ मंगल मेला गोडहिया नंबर-2 से लखनऊ के लिए सीधी बस सेवा शुरू

▸ वर्षों की मांग हुई पूरी क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कैसरगंज के ग्रामीणों को आखिरकार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस सेवा की सौगात मिल गई।

वर्षों से सीधी रोडवेज बस सेवा की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों का इंतजार समाप्त हो गया। मंगल मेला गोडहिया नंबर-2 से लखनऊ के लिए सीधी राजकीय बस सेवा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। बताया गया कि क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज सिंह के अथक प्रयासों एवं लगातार किए गए जनसंपर्क के फलस्वरूप यह बस सेवा शुरू हो सकी। बस के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए इसे ग्रामीणों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी राहत बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बस सेवा से बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अंचल के लोगों को सीधे लखनऊ तक आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर एआरएम रोडवेज बहराइच ज्ञानचंद, डिपो इंचार्ज बी.बी. सिंह, मनोज सिंह, अमित सिंह काका, बाल गोविंद निषाद, मोहम्मद आयान, शिव गोविंद, पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे भविष्य में क्षेत्र के लिए और अधिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की।

## जिले में यातायात पुलिस ने 786 वाहनों का किया चालान

▸ नियम उल्लंघन करने पर 9.58 लाख का जुर्माना लगाया



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले में यातायात पुलिस ने बुधवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 786 वाहनों का चालान कर उन पर जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर यह अभियान नगर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चलाया गया। यातायात प्रभारी राम प्रसाद यादव के नेतृत्व में दो पहिया और चार पहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 9 लाख 58 हजार 100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और गलत या अस्पष्ट नंबर प्लेट लगाने वालों पर कार्रवाई की गई है, इस दौरान चार वाहनों को सीज भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से सड़क दुर्घटनाओं को होने वाली जनहानि को रोका जा सकेगा।

## कतर्नियाघाट में जंगली हाथी ने वृद्ध पर किया हमला

**हमले में साइकिल सवार 60 वर्षीय बुजुर्ग घायल, राहगीरों ने बचाई जान**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के कतर्नियाघाट वन रेंज अंतर्गत बिछिया-आम्बा मार्ग पर सोमवार को जंगली हाथी के अचानक सामने आ जाने से इलाके में दहशत फैल गई। हाथी को देखकर साइकिल सवार बुजुर्ग गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आम्बा गांव निवासी 60 वर्षीय वारिस साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में जंगली हाथी आ गया। हाथी को सामने देखकर वारिस घबरा गए और साइकिल समेत सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल वारिस को एम्बुलेंस के जरिए पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना के बाद से बिछिया-आम्बा मार्ग और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को जंगल की तरफ खदेड़ने और गश्त बढ़ाने की मांग की है।डीएफओ कतर्नियाघाट ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि साइकिल सवार व्यक्ति हाथी को देखकर डरकर गिर गया, जिससे वह घायल हुआ। मामले की जांच की जा रही है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



▸ उत्थान आडिटोरियम में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

स्कूल चलो अभियान (द्वितीय चरण) के तहत बुधवार को बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जन-जागरूकता रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास भवन से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने रैली निकालकर लोगों को बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया।

रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर उत्थान आडिटोरियम पहुंची, जहां विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराकर उन्हें नियमित रूप से शिक्षा दिलाएं।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, बीएसए आशीष कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी,सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, राजकीय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुराग मिश्र,रजनीत कुमार, संतोष सिंह, प्रदीप वर्मा, राकेश सिंह, इसरार पठान, आशा राम सहित दर्जनों अधिकारी कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।

## जमुनिया गांव में तस्कर हाथी का हमला

**खेत की रखवाली कर रहे किसान को दौड़ाकर किया घायल**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज स्थित जमुनिया गांव में बीती रात एक तस्कर हाथी ने खेत की रखवाली कर रहे किसान को दौड़ा लिया। इस दौरान भागते समय किसान गिरकर घायल हो गया। यह घटना रात करीब 11:00 बजे हुई। 40 वर्षीय किसान संतोष पुत्र मुन्ना सिंह अपने खेत में फसल की रखवाली कर रहे थे तभी उन्हें अचानक एक हाथी आता दिखाई दिया। अपनी जान बचाने के लिए किसान भागे, लेकिन इसी दौरान वे गिर गए और उन्हें छोटे आईं। ग्रामीणों ने शोर मचा कर हाथी को वहां से भगाया। घटना की सूचना मिलते ही सुबह कतर्नियाघाट वन क्षेत्राधिकारी आशीष गोंड के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पूरे क्षेत्र का जायजा लिया।

# कार-टेंपो की टक्कर, भाई बहन समेत 3 की मौत, दो अन्य घायल

▸ दो ने मौके पर तीसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम, टेंपो के उड़े परखच्चे



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में लखनऊ बहराइच मार्ग पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई वहीं चालक की मंगलवार देर रात अस्पताल में मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों का इलाज जारी है। कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित इस मार्ग पर रात करीब 12:00 बजे हुए हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में 13 वर्षीय किशोरी सोनम की मौत हो गई। सनम के भाई फैजान 8 वर्ष और टेंपो चालक शफीक की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मंगलवार को लखनऊ रेफर किया गया था। मंगलवार देर रात इलाज के दौरान फैजान और शफीक ने भी दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतकों में जरवल रोड थाना क्षेत्र निवासी अखलाक अहमद की बेटी सोनम और बेटा फैजान शामिल है। टेंपो चालक शफीक भी इस हादसे का शिकार हुए। अखलाक अहमद उनकी पत्नी नाजरून 35 वर्ष और उनके बच्चे बहराइच से खरीदारी कर अपने घर लौट रहे थे। अखलाक और उनकी पत्नी नाजरून का इलाज अभी भी चल रहा है। कैसरगंज थाना प्रभारी राजकुमार पांडे ने बताया कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# 20 लाख से अधिक की स्मैक बरामद, भारत-नेपाल सीमा से पकड़ा

▸ चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में मोतीपुर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने बुधवार को एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान उसके पास से लाखों रुपए की स्मैक बरामद की गई। मोतीपुर थाना प्रभारी ब्रह्मा गोंड के नेतृत्व में उप निरीक्षक अनिल यादव, बृजानंद, आरक्षी विक्रांत और एसएसबी की टीम ने बुधवार सुबह करीब 12 बजे भारत नेपाल सीमा से सटे पडरिया चौराहा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखकर वाहन मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो वाहन में छिपाकर रखी गई 237 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। थाना प्रभारी मोतीपुर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान इसरार पुत्र करामत अली निवासी ग्राम मेढ़किया पौड़ा थाना मोतीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद स्मैक और बाइक को जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा जा रहा है।

# पात्र लाभार्थी आवास से वंचित रहा, तो सीधे तौर पर सीडीओ की होगी जिम्मेदारी : केशव

▸ प्रधानमंत्री आवास योजना 4.0 के तहत उत्तर प्रदेश को मिले 6,18,482 नए पक्के मकान, डबल इंजन सरकार का लक्ष्य-हर आसराहीन को मिले सम्मानजनक जीवन



**आवास से वंचित न रहे कोई भी जरूरतमंद परिवार**

केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 4.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लिए 6,18,482 नए पक्के मकानों की मंजूरी दी गई है, वर्ष 2014 से अब तक उत्तर प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा लगभग 36 लाख आवास दिए जा चुके हैं, जिसके साथ ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास प्राप्त करने वाला राज्य बन गया है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि देश का प्रत्येक पात्र एवं आवासहीन परिवार सम्मानजनक जीवन जी सके और उसे अपना पक्का आवास प्राप्त हो। इसी संकल्प को साकार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण 4.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लिए 6,18,482 नए पक्के आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक आसराहीन परिवार को पक्की छत देकर उन्हें एक सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जा सके। डबल इंजन सरकार का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्रामीण एवं आश्रयहीन परिवार को सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन का आधार उपलब्ध कराना है, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि समाज के प्रत्येक पात्र वर्ग तक योजना का लाभ पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद परिवार आवास से वंचित न रहे।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को ग्राम्य विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाई-जी) की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना का लाभ प्रत्येक वास्तविक एवं पात्र ग्रामीण परिवार तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे, केन्द्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य किसी भी पात्र परिवार को आवास योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने देना है।

सभी 75 जनपदों में गठित त्रिसदस्यीय अपीलीय समिति के माध्यम से ऐसे सभी मामलों की पुनः समीक्षा कराई जाए, जिनमें किसी कारणवश पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हों जिन आवेदकों को अपात्र घोषित किया गया है उनकी कारण सहित सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए, जिससे पात्रता संबंधी स्थिति पूर्णतः स्पष्ट एवं पारदर्शी बनी रहे। उप मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक त्रिसदस्यीय अपीलिएट कमेटी उन मामलों की गहन जांच करेगी जहाँ कोई पात्र व्यक्ति किन्हीं कारणों से लाभ से वंचित रह गया हो। इसके साथ ही, जिन लोगों को अपात्र पाया गया है, उनकी सूची स्पष्ट कारणों सहित उपलब्ध कराई जाए ताकि व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता बनी रहे, किसी भी जनपद में कोई भी वास्तविक पात्र लाभार्थी आवास योजना के लाभ से वंचित पाया जाता है, तो इसके लिए सीधे तौर पर जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

# सतीश महाना के चार वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रकाशित स्मारिका के लिए पीएम मोदी ने मेलबर्न से भेजा संदेश

▸ लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने व संसदीय परंपराओं को समृद्ध बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रयास सराहनीय : मोदी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना के अध्यक्षीय कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रकाशित होने वाली स्मारिका के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के समय मेलबर्न से अपना संदेश प्रेषित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में सतीश महाना को चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने, संसदीय परंपराओं को समृद्ध बनाने तथा जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक विमर्श को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की है।

उल्लेखनीय है कि सतीश महाना ने इसी वर्ष 29 मार्च को अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के चार वर्ष पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सतीश महाना के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधान सभा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

इस अवधि के प्रमुख प्रयासों, नवाचारों और उपलब्धियों के संकलन का प्रकाशन सराहनीय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की सांस्कृतिक चेतना, लोकतांत्रिक परंपराओं और विकास यात्रा का प्रमुख केंद्र है। प्रदेश की विधान सभा लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुदृढ़ आधारशिला होने के साथ जन-आकांक्षाओं को नीति-निर्माण से जोड़ने तथा सुशासन को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम भी है।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे की जमीन पर बनीं 400 दुकानों पर चला बुलडोजर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र के मवैया में बुधवार को रेलवे की जमीन पर बने अवैध कब्जों पर बुलडोजर चला। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और नगर निगम की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। अभियान के तहत मवैया तिवारी होटल से मछली मंडी तक रेलवे की जमीन पर बनी 400 से अधिक अवैध दुकानें और झोपड़ियां हटाई जा रही हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस इलाके में लंबे समय से जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था, जिसे हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर संयुक्त टीम ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आरपीएफ जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवान बड़ी संख्या में मौके पर तैनात हैं। नगर निगम और रेलवे के अधिकारी भी अभियान की निगरानी की।

### व्यापारी के घर में फंदे से लटकी मिली किशोरी, परिजन बोले हत्या हुई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सआदतगंज थाना क्षेत्र के रामनगर सी–ब्लॉक स्थित एक मकान में 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घरवालों ने मंगलवार रात करीब 12 बजे इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान रजनी (17) पुत्री रामशरण निवासी ग्राम सुल्तानपुर, थाना सदरपुर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। वह अविवाहित थी और पिछले करीब तीन वर्षों से रामनगर स्थित मकान में घरेलू कार्य करती थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय किशोरी ने मकान के बाथरूम में फांसी लगा ली थी। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही उसे फंदे से उतारकर बरामदे में लिटा दिया था। जानकारी के अनुसार मकान मालिक रामगोपाल वर्मा की मोहन रोड स्थित फतेहगंज चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान है। मृतक के पिता राम सरन ने बताया कि उनके शाम मंगलवार शाम 3 बजे घटना की जानकारी हुई। जब वो पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी का शव बरामदे में रख दिया था। उन्होंने आशंका जताई है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतका के परिजनों से प्राप्त तहरीर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच और विवेचना में सामने आने वाले अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रामक पोस्टरों के विरोध में सपा नेता पहुंचे हजरतगंज थाना, मुकदमा दर्ज कराने की मांग



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के नेता मोहम्मद इखलाख ने बुधवार को हजरतगंज थाने पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ कथित तौर पर लगाए गए आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्टरों का मामला उठाया गया। उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों के सार्वजनिक स्थानों पर इन नेताओं के खिलाफअपमानजनक और भ्रामक पोस्टर लगाए गए हैं। आरोप लगाया गया कि इस तरह की हरकत का उद्देश्य नेताओं की छवि धूमिल करना और समाज में वैमनस्य तथा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करना है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफइस तरह के पोस्टर और भ्रामक प्रचार सामग्री लगाए जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इससे यह आशंका जताई गई कि कुछ लोग सुनियोजित तरीके से इस तरह की गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। मोहम्मद इखलाख ने पुलिस से मामले की तत्काल जांच कराने, संबंधित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर उनकी जांच करने, पोस्टर लगाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही यदि घटना के पीछे किसी संगठित समूह की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफभी विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

# कृषकों की समृद्धि व खुशहाली योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



▸ कृषि मंत्री ने विधान भवन समिति कक्ष में किसान समृद्धि आयोग के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उनकी समृद्धि के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को विधान भवन के समिति कक्ष संख्या-8 में कृषक समृद्धि आयोग के सदस्यों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसके साथ ही उन्होंने मूल्य समर्थन योजना तथा एचसीएल फाउंडेशन द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे हैं कार्यों की भी समीक्षा की।

कृषक समृद्धि आयोग की बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कृषकों की समृद्धि और खुशहाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक हर स्तर पर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा प्राप्त व्यावहारिक सुझावों को धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। विभिन्न जनपदों से आए कृषक समृद्धि आयोग के सदस्यों ने किसानों की समृद्धि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सुझाव दिए। सदस्यों ने मॉडल कृषि, जैविक खाद, गोबर के उपयोग, उपजाऊ क्षमता बढ़ाने, सिंचाई, पशुपालन, भंडारण, प्राकृतिक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली, फसल विविधीकरण, भंडारण सुविधाओं के विस्तार और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सदस्यों ने प्रमुख रूप से प्राकृतिक खेती की चुनौतियों को दूर करने के लिए किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने और जैविक खाद के ढांचे को बढ़ाने का सुझाव दिया। किसानों को दिए जाने वाले आधुनिक कृषि यंत्रों के रख-रखाव और मरम्मत के लिए सर्विस सेंटर की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि ट्रैक्टर के अलावा अन्य उपकरणों का रख-रखाव किसान आसानी से करा सकें। बैठक में किसानों की खेती की लागत को कम करने के लिए जैविक खेती, प्राकृतिक खेती और ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय स्तर पर मंडियों के सुदृढ़ीकरण और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग पर भी चर्चा हुई।

बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा कृषक समृद्धि आयोग के सम्मानित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के जमीनी अनुभवों को साझा किया। कृषि मंत्री ने सभी सुझावों का स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि इन सुझावों को कृषि नीतियों में शामिल कर किसानों को सीधे लाभ पहुंचाया जाएगा। इसके बाद कृषि मंत्री ने मूल्य समर्थन योजना (एमएसपी) को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शासनादेश के अनुरूप लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, जो योगी सरकार की प्राथमिकता है।

# ग्रामीण विकास में मील का पत्थर साबित हो रही मेरी पंचायत हरित पंचायत अभियान : राजभर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



पंचायती राज विभाग की ओर से ग्रामीण अंचलों को पर्यावरण-अनुकूल और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' ने धरातल पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों को हरा-भरा करने और जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 14 जुलाई, 2026 तक कुल 5,667 ग्राम सभा बैठकों का निर्धारण किया गया था, जिनमें से अब तक रिकॉर्ड 3,673 बैठकों का सफ़ल आयोजन संपन्न कराया जा चुका है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को पौधरोपण, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है।

अग्रणी जनपदों में महराजगंज शीर्ष पर आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बैठकों के निर्धारण और उनके आयोजन में कुछ जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेश की पंचायतों को आत्मनिर्भर और ईको-फ्रेंडली बनाने की दिशा में लगातार कार्य जारी है, जिसे आने वाले दिनों में और अधिक गति दी जाएगी।अभियान की सफलता और व्यापक जन-भागीदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्री राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' अभियान प्रदेश के ग्रामीण विकास में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

# हर्ष व श्रद्धा के साथ मनाया गया पूज्य स्वामी अभयानंद सरस्वती महाराज का जन्मोत्सव

▸ लखनऊ आश्रम, मेरठ आश्रम, सीतापुर माल्या आश्रम, मुंबई आश्रम व हरिद्वार से अनेक साधु संतों ने महाराज जी के अवतरण दिवस पर की सहभागिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



आज का यह पावन दिवस हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और श्रद्धा का अवसर है। पूज्य स्वामी अभयानंद सरस्वती जी महाराज के जन्मोत्सव पर हम उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम एवं हार्दिक शुभकामनाएँ अर्पित करते हैं।

स्वामी जी का संपूर्ण जीवन धर्म, अध्यात्म, सेवा, संस्कार और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा है। आपने अपने ज्ञान, तप, त्याग और सरल व्यक्तित्व से असंख्य लोगों के जीवन को नई दिशा प्रदान की है। आपकी वाणी में शास्त्रों का सार, व्यवहार में करुणा और जीवन में सनातन संस्कृति के उच्चतम आदर्शों का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

आपके सान्निध्य में अनगिनत श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रेरणा, आत्मविश्वास और जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा मिली है। आपका आशीर्वाद समाज में प्रेम, सद्भाव, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को निरंतर सुदृढ़ करता रहे–यही हमारी मंगलकामना है।

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, अखंड यश और निरंतर लोकमंगल के कार्यों को आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करें। आपके जीवन का प्रकाश सदैव समाज और सनातन धर्म का पथ आलोकित करता रहे। कार्यक्रम का संचालन नित्य आलोक ने किया लखनऊ आश्रम मेरठ आश्रम सीतापुर माल्या आश्रम मुंबई आश्रम और हरिद्वार से अनेक साधु संतों ने महाराज जी के अवतरण दिवस पर सहभागिता किया आश्रमों के सेवा में वरुण तिवारी जी बीके सिंह जी मेरठ से पधारे अरविंद जी हजारों की संख्या में शिष्यों ने भोजन प्रसाद ग्रहण कर आनंद के भागी बने!

पूज्य गुरुदेव को जन्मोत्सव की अनंत शुभकामनाएँ एवं सादर चरण वंदन।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।

गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

# 69000 शिक्षक भर्ती : अनुप्रिया पटेल से मिले अभ्यर्थी, इको गार्डन में धरना जारी

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।**



69000 शिक्षक भर्ती के तहत जारी 6800 की सूची में शामिल अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से उनके लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय में मुलाकात की और अपनी बात रखी और केन्द्रीय मंत्री ने अभ्यर्थियों को उचित कार्यवाही का अश्वासन दिया।

उधर, इको गार्डन में अभ्यर्थियों का धरना भी जारी हैं। वहां मौजूद अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में प्रदेश की सरकार शुरू से ही हीलाहवाली करती रही है। इसी वजह से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया और वहां भी सरकार अपना पक्ष रखने में कोई खास पहल नहीं कर रही। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होनी है। इसी संबंध में केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमण्डल जिनमें अमित मौर्य, विक्रम यादव, इरशाद, धनंजय गुप्ता ने मुलाकात की। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में कही बातों के मुताबिक काम नहीं कर रही है इसीलिए वह सभी धरने पर बैठे हैं। बीते 19 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता ने 13 अगस्त 2024 हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार लिस्ट री–विजिट करने के लिए छह सप्ताह का समय मांगा था। जो पूरा हो चुका है लेकिन सरकार कार्यवाही नहीं कर रही। विक्रम और अमित मौर्य ने बताया की उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी के कारण आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए। पिछले लगभग 6 वर्षों से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी लगातार आरक्षण नियमों के पालन की मांग करते हुए चले आ रहें है। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा था सुप्रीम कोर्ट ने जो समय दिया था वह पूरा हो चुका है लेकिन सरकार द्वारा अभी तक लिस्ट री–विजिट नहीं की गयी है इससे अभ्यर्थी नाराज हैं।

धरना स्थल पर संग्राम सिंह निषाद, पुष्पेन्द्र कुमार, मोनू चाहर, अवधेश कुमार, विवेक चाहर, विनय कुमार, कृष्णा पटेल, सौरभ कुमार, भास्कर, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा का हुआ जोरदार स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





बुधवार को अवध क्षेत्र कार्यालय निरालानगर पर नव नियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्षा सरोज कुशवाहा का जोरदार स्वागत हुआ।

इस अवसर पर सरोज कुशवाहा ने कहा कि हमारी पहचान परिवारवादियों की नहीं हम राष्ट्रवाद पर विश्वास करते हैं हम वोट बैंक के लिए नहीं, हम विकास के राजनीति पर विश्वास करते हैं।

इस अवसर पर परिचयात्मक बैठक भी हुई जिसमें महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्षा कल्पना तिवारी, क्षेत्रीय संयोजक सुमन लता कुरील, प्रदेश कार्यलय प्रभारी रमा सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री मिथिलेश ओझा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अवध रेखा अवस्थी, सहमीडिया प्रभारी रीना उपाध्याय सहित तमाम महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### केजीएमयू के हॉस्टलों में नॉनवेज बैन, सपा बोली- तुगलकी फरमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के हॉस्टलों में नॉन–वेज पर बैन को लेकर सियासत शुरू हो गई है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने बुधवार को कहा कि यह आदेश तुगलकी फरमान है। जो भाजपा सांसद बंगाल में मछली–भात खाते हैं, उनके लिए कोई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कोई आदेश देंगी क्या? केवल यूपी में आने के बाद आपकी विचारधारा बदल जाती है। लखनऊ ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा केजीएमयू प्रशासन को फैसला वापस लेना चाहिए। भारत में 61 प्रतिशत से अधिक लोग मांसाहारी हैं। मेडिकल के नजरिए से मांसाहारी भोजन मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

**उत्सव** | भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षांत समारोह संपन्न

# 255 पदकों के साथ गूंजा संस्कृति का स्वर

▸ 'नेशन फर्स्ट' की भावना से बढ़ें युवा, विकसित भारत का सपना होगा साकार : जयवीर सिंह

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के 16वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को शिक्षा, संस्कृति, संगीत और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला। कैसरबाग स्थित कलामण्डपम् प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में शिक्षण सत्र 2025–26 के कुल 23 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। एम.पी.ए. (कथक) की छात्रा श्वेता गुप्ता सर्वाधिक सात स्वर्ण पदक प्राप्त कर समारोह का मुख्य आकर्षण रहीं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

पदक विजेताओं में एम.पी.ए. (कथक) की रूनझुन सिंह को दो रजत पदक तथा एम.पी.ए. (गायन) के छात्र स्पर्श कुमार कश्यप को एक कांस्य और तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। बी.पी.ए. (कथक) की वल्लरी नारायण पाठक और तनिष्का सक्सेना को दो–दो पदक मिले, जबकि बी.पी.ए. (तबला) के छात्र आलोक कुमार मिश्रा को चार पदकों से सम्मानित किया गया। नेहा काजी को गिटार विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पांच स्वर्ण पदक और प्रिया दुबे को गायन विभाग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चार पुरस्कार प्रदान किए गए। भरतनाट्यम की छात्रा दीप्ति सिंह को तीन स्वर्ण पदक तथा नाट्यकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर करतुम्म तरैया को पद्मश्री प्रो. राज बिसारिया स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के छह विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राथमिक विद्यालय कटिंगरा, लखनऊ की प्रधानाचार्याएं पूजा सक्सेना और नम्रता मिश्रा को पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। कुलाधिपति की प्रेरणा से जनभवन स्कूल के बच्चों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें और लेखन सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा चिन्हित जनपदों के पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को 300 किट प्रदान की गईं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पत्रिका तथा प्रो. सृष्टि माथुर की पुस्तक 'संगीत सृष्टि' का भी विमोचन किया गया।

विश्वविद्यालय की कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रतिनिधि के रूप में समारोह में उपस्थित राज्यपाल के विशेष कार्यकारी अधिकारी (रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव) सुधीर एम. बोबडे ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री और पदक देने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति और मूल्यों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 255 पदक वितरित किए गए हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पदकों के साथ–साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी आगे लेकर जाएं। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात तबला वादक पंडित कुमार बोस ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदुस्तानी संगीत नव रसों पर आधारित है। इन रसों को आत्मसात किए बिना संगीत की वास्तविक अनुभूति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कलाकार जब भारतीय संस्कृति, संवेदनाओं और जीवन मूल्यों को भीतर से महसूस करता है, तभी वह भारतीय संगीत की आत्मा तक पहुंच पाता है।

# सर्जरी दिवस पर लखनऊ गोल्फ क्लब में जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन, 100 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

▸ प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य बढ़ाने तक सीमित नहीं : डॉ. राजीव अग्रवाल



विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस), लखनऊ के प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स विभाग द्वारा बुधवार को लखनऊ गोल्फ क्लब में एक भव्य जागरूकता वॉकथॉन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पारंपरिक रूप से गुब्बारे उड़ाकर एवं हरी झंडी दिखाकर वॉकाथॉन का शुभारम्भ किया।

वॉकाथॉन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकाथॉन का प्रारम्भ गोल्फ रेंज से हुआ, जहाँ से प्रतिभागी ला मार्ट्स टेनिस अकादमी तक पैदल चले और वहाँ से वापस लखनऊ गोल्फ क्लब पहुँचकर लगभग एक किलोमीटर की यात्रा पूर्ण की। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक सर्जरी के महत्व को दर्शाने वाले आकर्षक पोस्टर एवं स्लोगन हाथों में लेकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। वॉकाथॉन में एसजीपीजीआईएमएस के संकाय सदस्य, चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर, वार्ड एवं ऑपरेशन थिएटर की नर्सिंग टीम, तकनीशियन, गोल्फ खिलाड़ी, टेनिस खिलाड़ी, प्रातः भ्रमण करने वाले नागरिक तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी आधुनिक चिकित्सा की ऐसी महत्वपूर्ण शाखा है, जो केवल शरीर की विकृतियों का उपचार ही नहीं करती, बल्कि रोगियों का आत्मविश्वास, सम्मान और जीवन की गुणवत्ता भी पुनर्स्थापित करती है।

ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने और लोगों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकार को धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र में एक पत्रकार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म मैसेंजर पर जान से मारने की कथित धमकी देने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी सदर शुभम वर्मा ने बुधवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के विष्णु विष्णु पुरम कालोनी निकट सैटालाईट बस अड्डा के रहने वाले विनायक मिश्रा पेशे से पत्रकार है।आरोपी को एक मामले में गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी किया गया था जिसके आधार पर पत्रकार द्वारा खबर को प्रकाशित किया गया था। जिससे बौखलाये आरोपी अर्जुन कोरी उर्फ लुक्का ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म मैनजर पर आकर पत्रकार विनायक मिश्रा को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि मुझ पर 8 मुकदमें पहले से ही दर्ज हैं, एक मुकदमा तुम्हारा और सही अब संभल कर घर से निकलना। उन्होंने बताया कि पत्रकार विनायक मिश्रा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर रोजा पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी अर्जुन कोरी उर्फ लुक्का के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सड़क दुर्घटना में घायल श्रमिक की इलाज के दौरान मौत



**बंडा, शाहजहांपुर।** वर्षों से कंपनी में काम कर रहे श्रमिक की सड़क हादसे में मौत हो गई शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। गांव देवकली के अनिल 45 वर्ष करीब 20 वर्षों से सिकंदराबाद की एक कंपनी में काम करते थे। शनिवार शाम छुट्टी होने के बाद वह सब्जी लेकर अपने कमरे पर लौट रहे थे पीछे से आ रहे चार पहिया बाहन की टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें दिल्ली के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई शव घर पहुंचने पर पत्नी सुनीता देवी पुत्र गौरव, बादल, अक्षय पुत्री अंशू का रो रो कर बुरा हाल है।

### अजीत शर्मा ने पीजीटी में हासिल की 20वीं रैंक



**तिलहर-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग द्वारा घोषित पीजीटी (बालक वर्ग) रसायन विज्ञान प्रवक्ता परीक्षा परिणाम में नगर के मौजमपुर मोहल्ला निवासी अजीत शर्मा ने प्रदेश में 20वीं रैंक हासिल की है। अजीत की सफलता पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी रमेश कुमार शर्मा की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। अजीत शर्मा ने बताया कि वह इस परीक्षा में पहली बार ही बैठे हैं और उन्हें सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य साधकर उन्होंने पढ़ाई की और निरंतर अभ्यास किया जिसका परिणाम मिला है। इससे पहले वह पीसीएस प्री और मेन की परीक्षा दे चुके हैं। उनके बड़े भाई अमित शर्मा यूरोप में मैकेनिकल इंजीनियर है।

### फ्री ट्रेड समझौते के विरोध में जिला मुख्यालय पर गरजे किसान

**पुवायां तहसील से जिला मुख्यालय पहुंचे भाकियू चढूनी गुट पदाधिकारी**



**शाहजहांपुर।** भारत अमेरिका मुक्त व्यापार फ्री ट्रेड को रद्द किए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट ने पुवायां तहसील से जिला मुख्यालय कूच कर जिला प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही स्थानीय मुद्दों का समाधान कराएं जाने संबंधित अपना ज्ञापन नगर सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत व को सौंपा। किसानों का कहना था कि भारत अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते से देश के किसानों खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। यह समझौता भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। अत यह समझौता किसानों का डेथ वारंट है। जो किसी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। देश बचाओ मोर्चा इस भारत-अमेरिका ट्रेड डील का पूर्ण रूप से विरोध करता है। हमें यह ट्रेड डील किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। हम भारत सरकार से स्पष्ट रूप से माग करते हैं कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड)। समझौते को तत्काल प्रभात से वापस लिया जाए तथा देश के किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार हमारी इस न्यायोचित मांग की अनदेखी करती है. तो देशा बचाओ मोर्चा देशभर में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जन आदोलन बलाने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। ज्ञापन के दौरान में कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान संजय मिश्रा, भारत सिंह, करमजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह गिल, महेश चंद्र वर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

# जिला सहकारी बैंक की नई शाखा का सहकारिता मंत्री ने किया शुभारंभ

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में स्थित जिला सहकारी बैंक की नई शाखा का सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने पूजा अर्चना करने के बाद फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने किया। कार्यक्रम में सांसद अरुण सागर विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता ने भी अपनी बात रखी वही मंत्री जेपीएस राठौर ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भाजपा सरकार के पूर्व की सरकारों में लोगों के पैसे



बैंक में जमा होकर फंस गए गए थे लखीमपुर हरदोई सहित कई जनपदों में बैंक की शाखा है बंद पड़ी थी। भाजपा सरकार के आने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मैने सहकारिता मंत्रालय संभाला है तबसे उन लोगों का पैसा भी वापस हुआ एवं शाखों में सुधार भी हुआ भारत सरकार की किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसान तक सीधे पहुंच रही है। भाजपा सरकार ने गंगा एक्सप्रेस सहित कई परियोजनाओं को लागू किया है जिससे विकास के पंख लगे हैं एवं भूमि विकास बैंक का ब्याज भी 11 प्रतिशत से 6 प्रतिशत करने पर विचार कर रही है सरकार बहुत ही जल्द कैबिनेट में प्रस्ताव पास किया जाएगा। एवं बहुत ही जल्द भाजपा सरकार भारत टैक्स का शुभारंभ करने जा रही है यह ओला जैसी सुविधा देगी एवं ट्रैक्टर ई रिक्शा को लेने पर बैंक पैसा देगीवही प्रदेश मे 6500 बंद पड़ी वैको को चालू कराकर किसान का भरोसा भाजपा सरकार ने जीता है।

## 18 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना करेंगे स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण

▸ **करीब डेढ़ वर्ष में पूर्ण हुए निर्माण कार्यों के बाद खिलाड़ियों के लिए खुलेगा स्टेडियम**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में लगभग डेढ़ वर्ष से चल रहे निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य अब पूर्ण हो चुके हैं। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना 18 जुलाई 2026, शनिवार को प्रातः 9:30 बजे स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। निर्माण कार्यों में 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, तरणताल, बैडमिंटन हॉल, कबड्डी इनडोर हॉल, बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट, मुख्य भवन, बाउंड्री वॉल, शौचालयों का जीर्णोद्धार, खिलाड़ियों के बैठने हेतु पवेलियन पर शेड, सीसीटीवी कैमरे, आरओ वाटर सहित अन्य आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास किया गया है। लोकार्पण के बाद स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए खोल दिया जाएगा। आयोजन में क्षेत्र के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं आम नागरिकों को आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## नगर आयुक्त ने बड़े नालों की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने महानगर क्षेत्र के सुभाषनगर, निसरजई एवं हाथीथान स्थित बड़े नालों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महानगर क्षेत्र के सभी नालों की सफाई अभियान चलाकर समयबद्ध ढंग से कराई जाए। साथ ही नालों से निकलने वाले मलवा एवं सिल्ट को तत्काल हटवाया जाए, ताकि यातायात प्रभावित न हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।नगर आयुक्त ने नालों की सफाई कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चीफ इंजीनियर को संबंधित फर्म के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## किसान यूनियन ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में किसानों और आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि गोरा रायपुर की लोकेशन पर पंजीकृत एक जन सेवा केंद्र सिधौली में संचालित किया जा रहा है, जहां फर्जी तरीके से लोगों के खातों से रुपये निकालकर धन उगाही की जा रही है। किसान यूनियन ने सरैया जत्ती निवासी श्रीपाल के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी, जिस पर साइबर सेल द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाये।

इसके अलावा गांव भरगवां में प्रधान और सचिव पर मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की गई। संगठन ने प्रत्येक थाना दिवस में खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई, ताकि राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके। ज्ञापन में सिधौली से बंडा मार्ग पर महानंदपुर और मझिगवां में बने टोल प्लाजा के स्थान पर एक ही टोल रखने, की मांग की। कोरोकुइया में जलभराव से निजात के लिए नाला निर्माण कराने, आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने तथा तिलहर क्षेत्र के गांव खैरपुर स्थित बंद स्वास्थ्य केंद्र को पुनः संचालित कराने की मांग भी की गई। इस दौरान मुनेश्वर दयाल कठेरिया, सबील हसन, राजू गुप्ता, जीशान रजा, शकील मंसूरी, संगम गुप्ता सहित किसान यूनियन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आलू से भरा ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौके पर मौत

▸ **पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुटार थाना क्षेत्र में बंडा रोड स्थित रूरा गांव के पास सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में आलू से भरे ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। बदायूं जनपद के चंदौसी से आलू लादकर लखीमपुर खीरी की सब्जी मंडी जा रहा ट्रक रूरा स्थित संत सुखदेव सिंह स्कूल के पास सुबह करीब 4:30 बजे अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक नसीम अख्तर (45) केबिन में बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलने पर खुटार पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कई घंटे तक चले राहत एवं बचाव अभियान के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कार्यवाहक थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि सुबह करीब 4:30 बजे ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। हादसे में चालक नसीम अख्तर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। चालक का शव ट्रक के केबिन में फंस गया था, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### तेज रफ्तार ऑटो डंपर से टकराया, चालक समेत छह घायल



**कांट, शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार ऑटो सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गया। हादसे में ऑटो चालक सहित छह लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकालकर उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वन्ने धर्म कांटा के सामने डिपो से मौरंग-बजरी लेकर जा रहे डंपर से ऑटो की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में घायल होने वालों में 65 वर्षीय अनसार निवासी उदयपुर भूड़ा, थाना मिर्जापुर, 28 वर्षीय बबली निवासी करनापुर, थाना जलालाबाद, नौरंग निवासी करनापुर, थाना जलालाबाद, मंजू निवासी जरौली, थाना मिर्जापुर, ओमकार निवासी कावरगंज, थाना मिर्जापुर तथा ऑटो चालक 60 वर्षीय रामपाल निवासी जल्लापुर, थाना कलान शामिल हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य कराया और सभी घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज भेजा। चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित पिता का आरोप है कि गांव का रहने वाला आशीष उसकी पुत्री को अपने झांसे में लेकर कहीं चला गया। उन्होंने बताया कि घर से जाते समय युवती अपने साथ 20 हजार रुपये नकद भी ले गई है। काफी तलाश के बाद भी पुत्री का कोई पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी आशीष के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खुदागंज पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग एवं गश्त अभियान, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना खुदागंज पुलिस ने थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में सघन पुलिस गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कस्बे के प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा मुख्य मार्गों पर गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की। वाहन चालकों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ उन्हें यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने तथा सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया गया। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गश्त और चेकिंग अभियान जारी रहेगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। इस दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में मौजूद रहा, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा तथा असामाजिक तत्वों में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया। खुदागंज पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### मासूम बालक के साथ कुकर्म की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** शादी समारोह के दौरान धर्मशाला के बाहर घूम रहे बालक को एक युवक बहला फुसलाकर कर ले गया और उसके साथ कुकर्म कर डाला। पुलिस ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित बालक का चिकित्सा परीक्षण कराया है। मंगलवार की रात एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका नौ वर्षीय बेटा अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित एक शादी समारोह के आसपास घूम रहा था। आरोप है कि इसी दौरान निजामगंज गौटियां निवासी 30 वर्षीय सत्येंद्र उसके बेटे को बहला कुसलाकर खैरपुर रोड स्थित झाड़ियों में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि महिला की ओर से आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर हो ध्यानः कुलपति

▸ **राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा तेल पर राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई और भारत विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान वैश्विक ऊर्जा राजनीति, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों तथा भारत की ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक रणनीति पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आज तेल केवल ऊर्जा का स्रोत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामरिक शक्ति का प्रमुख आधार बन चुका है। विश्व की बड़ी शक्तियाँ ऊर्जा संसाधनों पर अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ऐसे समय में भारत को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास तथा संतुलित विदेश नीति पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि समसामयिक वैश्विक विषयों पर युवाओं में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टि विकसित करना भी है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे गायत्री विद्यापीठ पी. जी. कॉलेज रिसिया, बहराइच के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डी. आर. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल पर नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित किया है। भारत ने अपनी संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति के माध्यम से वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित करने का सफल प्रयास किया है, जो उसकी परिपक्व कूटनीति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता, नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार तथा हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना भारत के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों ने अतिथियों से विभिन्न विषयगत प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो आदित्य कुमार सिंह, कु. सीतू शुक्ला, कु. व्याख्या सक्सेना सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन, कलीमी दीवानों का उमड़ा जन सैलाब

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में उर्से ताजुल उरफा में कुल की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन हो गया। कुल की रस्म में देशभर के जायरीन शामिल हुए। उर्स स्थल खानकाह हुसैनिया कलीमिया का परिसर पूरी तरह खचाखच भर गया। सड़कों पर जायरीन का सैलाब दिखाई दिया।

कटरा में मशहूर सूफी संत हज़रत मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियाँ व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफा सैयद मसरूर अहमद कलीमी रहमतुल्लाहि तआला अलैहि का सालाना उर्स अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। आज बड़ी तादाद में कलीमी दीवाने कुल की रस्म में शामिल हुए। इससे पूर्व मुल्क भर से आये आए मशहूर उलमाए किराम व मशाइखे इज़ाम ने तकरीरें कीं नात व मनकबत का नज़राना पेश किया। महफिल में कव्वालों ने अल्लामा जामी, अल्लामा रूमी, हजरत अमीर खुसरो व हाफिज शीराजी और बेदम शाह वारसी के उर्दू व फारसी के कलाम पेश करके जायरीन को महज़्ज़ किया कव्वाली के बाद मुफ़्ती अमीर हमजा़ साहब कलीमी ने खानदाने चिश्त अहले बहिश्त का शजरा पेश किया।

खानकाह हुसैनिया कलीमिया के सज्जादानशीन हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में कुल की रस्म अदा की गयी। उर्स के



आखरी दिन बाद नमाज़े फज्र कुंआन ख्वानी से प्रोग्राम का सिलसिला शुरू हुआ। बाद नमाजे जोहार 3:52 बजे कुल शरीफ़ हुआ जिसमें मुल्क की मशहूर ख़ानकाहों के सज्जाद गान ने शिरकत की खानकाह हजरत बाबा बहा उद्दीन बाबा फरीदी रजबपुर शरीफ के सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम फरीदी साहब व नायब सज्जादानशीन ख्वाजा अनवर फरीदी साहेबान की उपस्थित रहे। दिन भर मज़ारात पर हाजिरी देने का सिलसिला जारी रहा जायरीन ने मजारात पर हाजिरी देकर फातेहा ख्वानी की व गुलपोशी की और रो रो कर दुआयें कीं। खानकाह का तबर्रूक भी जायरीनों को तकसीम किया गया भारी संख्या में जायरीन दाखिले सिलसिला हुए। सज्जादा नशीन हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी साहब ने मुल्क में अमन व अमान व खुशहाली की दुआयें कीं। नम आँखों से ज़ारीन अपने पीर व मुर्शिद से मुलाकात कर इजाजत हासिल करके अपने वतन रवाना हो गये। बाद नमाजे मगरिब रस्म सन्दल शरीफ की अदा की गयी जिसमें खानदाने कलीमी के हज़रात डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी, सैयद मुजीब अहमद, सैयद फखरे अली, सैयद मुसाद अहमद चिश्ती मियाँ, सैयद सुहेब अहमद, सैयद मुस्तजीब अली आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। उर्स में प्रमुख रूप से समाजसेवी सैय्यद मुजीब अहमद आरिश खान, सैयद फखरे अली, सैयद मुजीब अहमद, सैयद सुहेब अहमद कलीमी, सैयद मुस्तजीब अहमद, चेयरपर्सन पति दानिश जीशान खान समाजसेवी आरिश खान, समाजसेवी सगीर खान शबाब खान याकूब अंसारी, किशवर अंसारी इस्माईल खाँ, शरीफ़ अहमद अफसर अंसारी, गुडडू खान, एजाज मंसूरी कलीमी, मास्टर रईस अहमद अंसारी, शालू कलीमी, बीरूद्दीन अंसारी सोहेल खान, राजा पी सी ओ नाजिम खान, इम्तियाज, इकबाल खाँ, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। उर्स प्रभारी डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी ने पुलिस प्रशासन,व उर्स व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## भटपुरा रसूलपुर में पौधों की सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे ट्री गार्ड



**सिधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड सिधौली की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में सहयोग संस्था द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि हाल ही में सहयोग संस्था के सहयोग से ग्राम पंचायत में लगभग 1100 पौधों का रोपण किया गया था। इन पौधों के संरक्षण और सुरक्षित विकास को ध्यान में रखते हुए अब उनके चारों ओर ट्री गार्ड लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार पशुओं अथवा अन्य कारणों से पौधों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए ग्राम पंचायत ने पौधों की सुरक्षा के लिए यह विशेष व्यवस्था की है। ट्री गार्ड लगने से पौधे सुरक्षित रहेंगे और उनका बेहतर विकास होगा। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से भी पौधों की देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण अभियान में सहयोग देने की अपील की। इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे हरित वातावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## खबरें एक नजर में

### गर्भाशय कैंसर से बचाव को छात्राओं को किया जागरूक



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा आकांक्षा हाई स्कूल में सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता मोहन ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन शहर के विभिन्न विद्यालयों में ऐसे जागरूकता अभियान लगातार चलाएगी। साथ ही जिन छात्राओं को टीकाकरण कराना होगा, उन्हें संस्था की ओर से अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि कोई भी बच्ची इस महत्वपूर्ण टीके से वंचित न रहे। कार्यक्रम में संस्था की सचिव रेखा मोदी, सह सचिव रश्मि गुप्ता, विद्यालय प्रधानाचार्य स्मिता सक्सेना, उर्मिला सक्सेना, विद्यालय की अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानाचार्य स्मिता सक्सेना का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा।

### सोलर पैनल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**सात सोलर पैनल प्लेट बरामद, दो आरोपी फरार**

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** मदनापुर पुलिस ने खेतों से सोलर पैनल प्लेट चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई सात सोलर पैनल प्लेट बरामद की हैं, जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्य मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 14 जुलाई को ग्राम कैंथीपुर गोटिया निवासी रतनपाल ने तहरीर देकर बताया था कि उसके खेत से सात सोलर पैनल प्लेट चोरी हो गई हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बुधवाना से जलालाबाद जाने वाले मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के पास घेराबंदी की। यहां एक हरे-पीले रंग के ऑटो को पास कर सोलर पैनल बंधे मिले। पुलिस को देखकर पीछे चल रही मोटरसाइकिल पर सवार दो आरोपी फरार हो गए, जबकि ऑटो में सवार तीन लोगों को पकड़ लिया गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सात सोलर पैनल प्लेट बरामद हुईं। पुलिस ने ऑटो को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया है तथा मुकदमे में बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में विपिन पुत्र राजेश निवासी ग्राम कुंडरी थाना जलालाबाद, पिंकू उर्फ पिंटू पुत्र महावीर निवासी ग्राम तारापुर थाना मिर्जापुर तथा मीनू सिंह पुत्र महेंद्र पाल सिंह निवासी ग्राम बारिया थाना मिर्जापुर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है, जबकि फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### कुआं पूजन के लिये कब्रिस्तान की दूसरी ओर प्रशासन ने लगवाया गेट

**एसडीएम, सीओ, तहसीलदार व चार थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड रही तैनात**



**शाहजहांपुर।** जिले के भावलखेड़ा के गांव कटिया कम्मू में हिन्दू पक्ष की वर्षो से चले आ रहे विवाद को निपटा दिया हैं। प्रशासन ने कब्रिस्तान के दूसरी ओर गेट लगा दिया हैं जिससे हिन्दू समाज के लोग शादी के दौरान कुंआ पर पूजा कर पानी भरने की प्रथा निभा सकते हैं। जिला प्रशासन ने क्षेत्र में किसी प्रकार की अनहोनी न हो सके इसके लिये एसडीएम सदर, सीओ सदर, तहसीलदार सदर, खण्ड विकास अधिकारी सहित चार थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड टीम मौजूद रही। क्षेत्र के गांव कटिया कम्मू में कब्रिस्तान के अंदर एक वर्षो पुराना कुंआ है। जहां हिन्दू समाज के लोग शादी के दौरान कुंआ पूजन का कार्य करते हैं। विगत वर्ष हिन्दू समाज के लोगों ने प्रशासन से शिकायत की थी कि दूसरे समुदाय के लोग कुंए को पटवा रहे हैं, शिकायत मिलने पर प्रशासन ने कुंए की पक्की ब्राउंड्री करवा कर कब्रिस्तान के गेट की एक चाबी मुस्लिम पक्ष को दे दी थी और कहा कि जब हिन्दू समाज कुआं पूजन करने आये तो उसे गेट की चाबी दे दी जाये। कुछ समय बाद हिन्दू समाज के लोगों ने शिकायत की कि कुंआ पूजन के लिए मुस्लिम पक्ष के लोग अब चाबी मांगने पर टाल-मटोल करते हैं। शिकायत मिलने पर आगे कोई विवाद न हो तो कब्रिस्तान की ब्राउंड्री पर दूसरा गेट लगवाने का निर्णय लिया ताकि इस गेट से हिन्दू समाज के लोग कुंआ पूजन आदि कर सके। बुधवार की दोपहर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार के नेतृत्व में एसडीएम सदर संजय कुमार पांडेय, सीओ सदर शुभम वर्मा, तहसीलदार सदर, रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र सहित सेहरामऊ दक्षिण, कांट,मदनापुर की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कब्रिस्तान की दूसरी ओर गेट लगाने का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो इसलिए दोनों पक्षों की सहमति से गेट लगवाया जा रहा हैं। हिन्दू समाज के लोग इस गेट से कुंआ पूजन जा सकते हैं। किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हैं।

### वैवाहिक विवाद के बीच महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम बरौरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ पीने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अलादादपुर थाना निगोही निवासी शिवम पाल ने डायल 112 पर सूचना देकर बताया कि उसकी बहन कीर्ति देवी (25 वर्ष) का विवाह लगभग पांच वर्ष पूर्व ग्राम बरौरा निवासी पवन पाल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। बताया गया कि पारिवारिक कलह के चलते कीर्ति देवी ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ पी लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उपनिरीक्षक सुमित कुमार द्वारा पंचनामा की कार्रवाई संपन्न कराई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर की मोर्चरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

# एक हे. पर सात बोरी यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए: डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये अधिकारियों से किसानों ने संवाद स्थापित किया। है। बैठक में डीएम के साथ-साथ सीडीओ, कृषि एवं सम्बद्ध विभागों कृषि, सहकारिता, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सिंचाई, नलकूप, विद्युत, खाद्य विपणन, नेडा आदि विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि व कृषक उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बैठक में कृषकों को अवगत कराया गया कि जनपद में उद्यान विभाग द्वारा आलू बीज का वितरण कराया जाएगा, जिसके लिए किसान अपनी आवश्यकतानुसार आलू बीज की डिमाण्ड नोट करा दें, जिससे जब शासन स्तर से आलू बीज का रेट निर्धारित कर दिया जाएगा, तब निर्धारित दर पर आलू बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा। नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन के अन्तर्गत नवीन उद्यान रोपड़ का जनपद का 20 हेक्टेयर का लक्ष्य आया है, जो किसान नया बाग लगाना चाहते हैं, वह अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि अभिलेख कार्यालय में जमा करा दें व ऑनलाइन पंजीकरण करा दें। कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक एनपी गुप्ता द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि इस वर्ष अभी तक वर्षा कम हुई है और आगे भी कम वर्षा की सम्भावना है। किसानो से अनुरोध किया है कि कम पानी वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा आदि भी लगा सकते हैं। बैठक में 11 शिकायतें आई, जिन्हें अधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है। डीएम ने निर्देशित किया कि शिकायतों, मांग पर तत्काल कार्यवही करते हुए कार्यवाही की आख्या जिला कृषि अधिकारी को एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने किसानों की खाद की समस्या को दृष्टिगत निर्देश दिए कि समितियां पर किसानों को सदस्य न होने की स्थिति में भी खाद दी जाए। उन्होंने कहा कि एक हेक्टेयर पर सात बोरी यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपनी फसलों का फसल बीमा कराएं। अंत में जिला कृषि अधिकारी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### दबंग पर सफाई कर्मचारी से मारपीट व सामान छीनने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के गांव बिलन्दपुर निवासी मुकेश कुमार वाल्मीकि, जो विकासखंड सिंधौली के ग्राम लधौला में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात हैं, गांव के कुछ दबंगों पर मारपीट, जातिसूचक गालियां देने और सफाई कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि बुधवार को सफाई के दौरान गांव के एक दबंग ने गाली-गलौज करते हुए सफाई कार्य में इस्तेमाल होने वाले उपकरण छीन लिए। विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मुकेश कुमार का कहना है कि आरोपी लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहा हैं, जिससे वह भय के माहौल में कार्य करने को मजबूर हैं। घटना के बाद पीड़ित ने जिला पंचायत राज अधिकारी के नाम एडीओ तथा निगोही कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग का सख्त अभियान, पांच उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज

**खुदागंज,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खुदागंज क्षेत्र के दीपपुर एवं जलालपुर गांवों में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने कई कनेक्शनों की जांच की, जिसमें पांच उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाए गए। जांच में बिजली चोरी की पुष्टि होने पर संबंधित पांचों उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे विद्युत तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, जिससे ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने और आम उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की समस्या उत्पन्न होती है।अवर अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोडिंग कम करने, ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिजली चोरी के विरुद्ध यह अभियान आगे भी और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें तथा बिजली चोरी जैसी अवैध गतिविधियों से बचें। इस अभियान में विभाग की टीम के सदस्य नीलनेश सिंह, अनीस, परविंदर तथा सुभाष चंद्र ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में प्रतिदिन कम से कम एक ग्राम का भ्रमण करें अधिकारी: सीएमओ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान-2026 की तैयारियों को लेकर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अंतरविभागीय समन्वय समिति की द्वितीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा ने की। इसमें विभिन्न सहयोगी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राज्य स्तर से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए जिन विभागों का प्रदर्शन निर्धारित सूचकांकों पर अपेक्षाकृत कम पाया गया, उन्हें अगली समीक्षा बैठक से पहले आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डॉ. विवेक मिश्रा ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करें।उन्होंने सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे गृह भ्रमण की संख्या बढ़ाई जाए तथा सर्वेक्षण का विवरण समयबद्ध तरीके से ई-कवच पोर्टल पर दर्ज कराया जाए। साथ ही जनपद एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन कम से कम एक गांव का भ्रमण कर अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण करने और अपनी रिपोर्ट सीएचओ ऐप पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में अभियान के दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया समेत अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता बढ़ाने, नियमित निगरानी रखने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने पर विशेष बल दिया गया।

## दो दुधारू भैंस की चोरी की 14 दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**पीड़िता थाना पुलिस के बाद सीओ को भी दे चुकी है तहरीर**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक पखवाड़ा पूर्व दो दुधारू भैंस चोरी कर पिकअप पर लादने के दौरान शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग किए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज न होने से आहत पीड़िता ने सीओ का दरबाजा खटखटाया। इसके बाबजूद समाचार भेजे जाने तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बंधीचक निवासी प्रियंका यादव ने बताया कि वह परिवार के साथ बीती दो जुलाई की रात सो रही थी। आहट होने पर उसने उठकर देखी कि कुछ लोग उसकी दो भैंस पिकअप पर लाद रहे हैं। शोर मचाने पर चोटों ने तमंचे से फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गई। आरोप है कि दोनों भैंसों को गांव में बनी मढ़ी के पास पिकअप में लादकर ले जाया गया। उसने बताया कि जानकारी में सामने आया कि थाना फतेहगंज के गांव अमृता निवासी गोबंद पुत्र संतराम, अमर सिंह पुत्र देशराज, नन्हेपाल पुत्र ख्याली, विष्णु पुत्र बलवीर तथा एक अन्य व्यक्ति पर भैंस ले गया है। चोरी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मणिपुर गांव निवासी जस्सा पुत्र बलदेव और पोथी पुत्र ख्याली पर भैंसों को पिकअप में लदवाने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन उसकी आज तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

## महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर, ब्लाकों में खुलेगी प्रेरणा कैंटीन

**विकास भवन की मॉडल प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन आज**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनको आत्मनिर्भरता से जोड़ने की डीएम-सीडीओ की पहल से अब जिले की सभी ब्लाकों में समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की गाथा लिखेगी। इसके लिए सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के निर्देशन पर एनआरएलएम द्वारा सभी ब्लाकों में प्रेरणा कैंटीन खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। इसमें स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओं को कैंटीन खुलवाई जाएगी। जिससे वह स्वरोजगार से लाभांवित हो सकेगी। साथ ही ब्लाक मुख्यालयो पर दूर दराज से आने वाले लोगों को कम पैसों में जलपान की व्यवस्था कैंटीन में मिल सकेगी। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि हर ब्लाक में प्रेरणा कैंटीन खोलने का प्लान तैयार कर लिया गया है। इसमें जो एनआरएलएम से समूह जुड़े हुए हैं, उनको स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाना है। साथ ही एक जनपद एक उत्पाद के तहत विकास भवन में एक प्रेरणा सरस आउटलेट खोलने की तैयारियां चल रही है। जहां पर समूहों की महिलाओं के प्रोडेक्ट्स को बिक्री के लिए बाजार मिल सकेगा। साथ ही विकास भवन में जो कैंटीन बंद चल रही थी, उसको मॉडल प्रेरणा कैंटीन के रुप डेवलप कर लिया गया है। जिसका संचालन एसोसिएशन की पर्सन शक्ति प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ करेगा। आज गुरुवार को 12 बजे डीएम उक्त कैंटीन का उद्घाटन करेगें।

### रोडवेज बस कंडक्टर के साथ शराबी ने की मारपीट, गला दबाया

**पुवायां, शाहजहांपुर।** रोडवेज बस कंडक्टर के साथ एक शराबी युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और गला दबा दिया। शाहजहांपुर के मोहल्ला जलाल नगर निवासी रेहान ने पुलिस को शिकायत कर बताया है कि वह दिल्ली पलिया रोडवेज बस का कंडक्टर है। खुटार में एक शराबी व्यक्ति मिला उसने बस रोकने का इशारा किया। तब उसने बस को रोक दिया। उसे व्यक्ति ने कहा की पुवायां तक चलना है। कंडक्टर ने उसको बस पर बैठा लिया। जिसने रास्ते में उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की ओर गला दबा दिया। तथा सवारी से भी अभद्रता की। कंडक्टर ने शराबी को पुलिस को सौंप दिया है। और उसके खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई कीमांग की।

**पूछताछ के दौरान बेहोश हुआ शराबी:** बस कंडक्टर के साथ गाली गलौज मारपीट तथा गला दबाने वाला युवक पूछताछ के दौरान विवेचक गण कक्ष मेंपुलिस कर्मियों के सामने बेहोश होकर गिर पड़ा। जिससे पुलिस कर्मियों के हाथ पैर फूल गए और उन्होंने तत्काल ही उसे सरकारी जीप में बैठा कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

## तिलहर तिराहे पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिला और तिलहर की कुछ प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए एक ज्ञापन सौंपा जिसमें तिलहर तिराहा पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में लोग जान गवाते है इसके लिए अंडर पास बेहद आवश्यक है ताकि लोगों को जान बचायी जा सके,वर्षों से खूनी मोड़ बना हुआ नगरिया मोड भी लोगो की जान का दुशमन है यहाँ पर भी ओवरब्रिज की जरूरत है,जिले में हर तरफ ई बसो का संचालन हो रहा है लेकिन शहर से तिलहर के बीच ये बस सेवा नहीं है जबकि सर्वाधिक शहर और तिलहर की जनता का आवागमन होता है लिहाजा बरेली मोड़ और सुभाषनगर से बसों का संचालन किया जाए। इसके अलावा रजनीश गुप्ता ने बाढ़ जैसे गंभीर मुद्दे को उठाते हुए इस ओर भी ठोस कदम उठाने की मांग की क्योंकि शहर अभी भी उस बाढ़ को नहीं भुला जिसमें पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया था।जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र ही समाधान का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में प्रमुख रूप से तिलहर नगर अध्यक्ष डॉक्टर जाने आलम, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर तनवीर आलम, जिलाउपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी मौजूद रहे।

### भर्ती: 333 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री पदों पर होगी भर्तियां, आवेदन 3 अगस्त तक

**वैकेंसी मैनेजमेंट पोर्टल पर आनलाइन आवदेन कर सकेंगे आवदेक**

**शाहजहांपुर।** जनपद में संचालित बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्री के 331 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की ओर विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 13 जुलाई से विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 3 अगस्त रात्रि 12 बजे निर्धारित की गई है। भर्ती प्रक्रिया शासनादेश के तहत पूर्णतः ऑनलाइन होगी। आवेदन केवल संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगर निकाय क्षेत्र की स्थानीय महिला अभ्यर्थियों से स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट या उसके समकक्ष रखी गई है तथा मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। भर्ती के तहत भावलखेड़ा 66, बंडा 49,ददरौल 20, जैतीपुर 5, जलालाबाद 10, कांट 14, कलान 8, खुटर 9, खुदागंज 12, मदनापुर 24, मिर्जापुर 3, निगोही 18, पुवायां 28, सिंधौली 15, तिलहर 14 व शहर में 36 पदों पर नियुक्ति होनी है। आवेदन के दौरान निवास, जाति, आय तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र ऑनलाइन सत्यापित होने चाहिए। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ उत्तम कुमार ने पात्र अभ्यर्थियों से समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है तथा बताया है कि भर्ती से संबंधित जानकारी विभागीय पोर्टल एवं संबंधित कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

### अदालती सूचना

**तारीख पेशी 20.07. 2026**
**सम्मन तनकीह तलब (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 39 शाहजहांपुर**

मूलवाद संख्या 06 वर्ष 2025
अवधेश कुमार आदि
बनाम
ओमपाल आदि बनाम 1-श्रीमती चंद्रावती पत्नी रामपाल निवासी ग्राम कदनपुर देवराज तहसील व जिला फर्रुखाबाद 2-श्रीमती राजकुमारी पत्नी राजू निवासी कमालगंज तहसील सदर जिला फर्रुखाबाद....
प्रतिवादी

सख्या 2 व 5 हरगाह अवधेश कुमार आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है की तारीख 20.07.2026 को वक्त 10:00 बजे दिन के असलीन व मार्फत वकील मुकदमे की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करें उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्खत मोहर अदालत से 15.07.2026 में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/ रीडर सिविल जज जूनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 39 शाहजहांपुर

# हसनापुर गांव पर टूटा दुखों का पहाड़: दो वर्षों में 12 असमय मौतों से सदमे में गांव

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**एक ही परिवार के चार लोगों की चिता से गमगीन हुआ माहौल, हापुड़ में हुआ था हादसा**



खुदागंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत हसनापुर पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बीते लगभग दो वर्षों में गांव के 12 लोगों की असमय मौत हो चुकी है, जिससे पूरे क्षेत्र में गहरा शोक और मायूसी का माहौल है। हाल ही में हापुड़ के पास दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में गांव के एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया।

हादसे में अशोक (45 वर्ष), उनके पुत्र अनुज (13 वर्ष), पुत्री मीनाक्षी (7 वर्ष) और राधिका (4 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पत्नी रिंकी गंभीर रूप से घायल हैं और उनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि अशोक अपने परिवार के साथ बाइक से नोएडा मजदूरी के लिए जा रहे थे। फ्लाईओवर पर हुए हादसे में राधिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अशोक, अनुज और मीनाक्षी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

परिजनों के अनुसार, यात्रा पर निकलने से पहले कई ऐसे घटनाक्रम हुए जिन्हें अब परिवार के लोग संयोग या अशुभ संकेत के रूप में याद कर रहे हैं। रिंकी ने बताया कि रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति ने वाहन की स्थिति ठीक न होने की बात कहते हुए वापस लौट जाने की सलाह दी थी। वहीं अशोक की मां रामवेटी ने भी उन्हें दो दिन रुककर घर का शौचालय बनवाने के बाद जाने के लिए कहा था। उनकी बहन ने भी फरीदपुर में प्लॉट देखकर जाने का आग्रह किया था। हालांकि परिवार अपने तय कार्यक्रम के अनुसार रवाना हो गया।

बुधवार सुबह लगभग 11 बजे अशोक का अंतिम संस्कार किया गया, जबकि उनके बेटे अनुज और बेटियां मीनाक्षी व राधिका को नम आंखों के बीच भूमि समर्पित किया गया। अंतिम विदाई के दौरान पूरे गांव की आंखें नम थीं और हर ओर शोक का माहौल दिखाई दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि हसनापुर गांव पिछले दो वर्षों से लगातार दुखद घटनाओं का सामना कर रहा है। इससे पहले 6 जुलाई को गांव के युवक रामजी की जंगल वाली दिउरिया के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। वहीं 15 मई को करंट लगने से ताई और भतीजे की भी दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इन घटनाओं सहित बीते दो वर्षों में गांव में 12 लोगों की असमय मौत होने से ग्रामीणों में गहरा दुख और चिंता व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही इन दुखद घटनाओं ने गांव का माहौल पूरी तरह बदल दिया है। हर परिवार सदमे में है और लोग दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायल रिंकी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं अशोक का बड़ा बेटा प्रशांत (16 वर्ष) अब परिवार का एकमात्र सहारा बचा है, जिसकी जिम्मेदारियां अचानक बढ़ गई हैं। पूरे हसनापुर गांव में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

### शौच को जा रही नाबालिग को पकड़ने का तीन लोगों पर आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुत्री को पकड़ने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। महिला ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 14 जुलाई की शाम 5ः00 बजे शौच के लिए जा रही थी। तभी गांव के ही तीन लोगों ने उसे पकड़ लिया। इसी बीच महिला भी पीछे से आ गई। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे चोट आई है तथा उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट की। और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांगकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्रीकृष्ण मंदिर कारसेवा

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद 9 अगस्त को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के पक्ष में कारसेवा करेगी। अखाड़ा परिषद 50 लाख से अधिक साधु-संतों की प्रतिनिधि धार्मिक संस्था है। परिषद में मुख्यतः 13 अखाड़े हैं, जिनमें 7 शैव, 3 वैष्णव और 3 ही उदासीन अखाड़े हैं। वे सभी सनातन के पैरोकार और आस्थावान हैं, लिहाजा अब उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन की तर्ज पर श्रीकृष्ण मंदिर के लिए कारसेवा की घोषणा की है। जिस तरह अयोध्या में विवादित ढांचे (कथित बाबरी मस्जिद) का गुंबद ध्वस्त किया गया था, उस तरह श्रीकृष्ण मंदिर कारसेवा का मकसद नहीं है। साधु-संत और श्रद्धालु राजधानी दिल्ली से पैदल कूच कर मथुरा तक पहुंचेंगे और श्रीकृष्ण मंदिर परिसर के बाहर ही भजन-कीर्तन, चालीसा पाठ, पूजा-पाठ करेंगे। प्रभु श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री का भोग लगाया जाएगा। हालांकि अभी किसी भी तरह की तोड़-फोड़ की कारसेवा का आह्वान नहीं किया गया है, लेकिन किसी पक्ष की धार्मिक भावनाएं उत्तेजित हो गईं या उन्माद का माहौल बन गया, तो उसे नियंत्रित करना कठिन होगा। भावनाएं तो स्वत-स्फूर्त भड़कती हैं, लिहाजा पुलिस कहां तक की अनुमति देगी अथवा कारसेवा स्थगित करने को आग्रह करेगी, अभी निश्चित नहीं है। वैसे उप्र में एक धार्मिक योगी की सरकार है और वह भी श्रीकृष्ण आंदोलन के पक्षधर हैं, लिहाजा लगता है कि कारसेवा में व्यवधान पैदा नहीं किया जाएगा। बहरहाल कारसेवा तब आयोजित की जा रही है, जब सर्वोच्च अदालत विशेष लोक अदालत के जरिए काशी विश्वनाथ बनाम ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर बनाम ईदगाह मस्जिद और संभल के हरि मंदिर बनाम जामा मस्जिद सरीखे बेहद संवेदनशील विवादों को हिंदू-मुस्लिम पक्ष की आपसी सहमति से, सुलझाने और निपटाने का प्रयास कर रही है। लोक अदालत में 21, 22, 23 अगस्त को दोनों पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी और फिर सहमति के बिंदु तय किए जाएंगे। बीती 4 जुलाई को ऐसा ही न्यायिक प्रयास नाकाम हो चुका है, जब वाराणसी के विवाद के संदर्भ में मुस्लिम पक्ष आया ही नहीं। वैसे दोनों पक्ष सर्वोच्च अदालत के ही अंतिम निर्णय के पक्ष में हैं। ताकि न्यायिक निष्कर्ष पर कानूनी सवाल न उठाए जा सकें। राम मंदिर का फैसला भी सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने सुनाया था। आज भी ऐसे सांप्रदायिक, धार्मिक विवादों की 18 याचिकाएं अदालतों के विचाराधीन हैं। सर्वोच्च अदालत ने 7 याचिकाएं ही लोक अदालत को भेजी थीं। बहरहाल मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर की कारसेवा का फैसला तब भी लिया गया है, जब कुछ महीनों बाद (संभवतः अप्रैल, 2027) उप्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। अयोध्या, काशी, मथुरा संघ, विहिप और भाजपा के एजेंडे की प्राथमिकताएं रही हैं, लेकिन अखाड़ा परिषद की घोषित कारसेवा पर फिलहाल तीनों ही खामोश हैं। कारसेवा का न समर्थन और न ही विरोध..! मथुरा, वृंदावन प्रभु श्रीकृष्ण की जन्मस्थली और बाल-लीलाओं का क्षेत्र है। इसका उल्लेख पुराणों, उपनिषदों और प्राचीन ग्रंथ-ग्रंथों में देखा और पढ़ा जा सकता है। श्रीकृष्ण मंदिर को 5000 साल प्राचीन बताया जाता है। हम इसकी पुष्टि नहीं कर सकते, क्योंकि हमारे सामने ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है। अलबत्ता अधिसंख्य इतिहासकारों ने वृंदावन, मथुरा को श्रीकृष्ण की जन्मस्थली माना है। प्रभु का अवतार रूप में जन्म कंस के कारावास में हुआ, जहां श्रीकृष्ण के जैविक पिता वासुदेव और मां देवकी को कैद किया गया था। भगवान का पालन-पोषण वृंदावन में नंदबाबा और यशोदा मैया ने किया। श्रीकृष्ण मंदिर का इतिहास भी निर्माण, विध्वंस, पुनर्निर्माण, कब्जे के बाद मस्जिद-निर्माण आदि का रहा है। हम इसके विस्तार में नहीं जाएंगे, लेकिन भारत में 3 लाख से ज्यादा मस्जिदों की स्थापना और संख्या आज भी सवालिया है, लिहाजा हम जैसे तटस्थ लोग भी यह चाहते हैं कि सर्वोच्च अदालत 1991 के उपासना स्थल कानून पर अपना अंतिम फैसला तो यथाशीघ्र सुनाए, ताकि स्पष्ट हो सके कि कानून के दायरे में कौन से मंदिर, मठ, स्थापत्य और मस्जिदें हैं। ऐसी बहसें और दावे बेजार ही साबित होते हैं, क्योंकि उनकी बुनियाद में धार्मिक पूर्वाग्रह होते हैं। एक तरफ राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी का प्रकरण जारी है, जांचें जारी हैं, ट्रस्ट में बदलाव किए जा रहे हैं, आरोपित अब भी जेल में हैं, लेकिन दूसरी तरफ श्रीकृष्ण मंदिर कारसेवा का आह्वान किया गया है, लिहाजा इसे राजनीति और चुनाव से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रवींद्र पुरी ने सपा अध्यक्ष तथा यादवों के नेता अखिलेश यादव को भी कारसेवा में आमंत्रित किया है, लेकिन ऐसे मामले सर्वोच्च अदालत के हस्तक्षेप के बिना सुलझाए नहीं जा सकते। सुप्रीम कोर्ट को दोनों पक्षों को सुनकर इस मामले में अपना फैसला सुनाना होगा।

# भारत के लिए अनशन पर लद्दाख का ऋषि!



राहुल कुमार गुप्ता

हिमालय की सफेद बर्फीली चोटियों के बीच से बहती सिंधु नदी की लहरें आज एक अजीब सी खामोशी और टीस से भरी हुई हैं। यह टीस भारत के उस आधुनिक ऋषि के लिए है, जिसने अपनी पूरी जिंदगी इस देश की मिट्टी, इसके सैनिकों और इसकी आने वाली पीढ़ियों को संवारने में लगा दी। आज जब वही आधुनिक ऋषि सोनम वांगचुक हाड़ कपाने वाली ठंड और विपरीत परिस्थितियों में जेल की सलाखों से गुजरकर अब आमरण अनशन की भट्टी में खुद को झोंक रहे हैं, तब देश के एक बड़े हिस्से में छाई खामोशी झकझोरने वाली है। लद्दाख की 95 प्रतिशत से अधिक जनजातीय आबादी, वहां के नाजुक ग्लेशियरों और देश की लोकतांत्रिक अस्मिता की रक्षा के लिए तिनका-तिनका जोड़ने वाले इस इंसान का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। हाल ही में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके समर्थन में ट्वीट कर उनके गिरते स्वास्थ्य पर गहरी चिंता जताई और उनसे अनशन छोड़ने की भावुक अपील की। विपक्ष के इस कदम ने जहां इस आंदोलन को राष्ट्रीय पटल पर एक नई संवेदनशीलता दी, वहीं यह यक्ष प्रश्न भी खड़ा कर दिया कि आखिर एक सच्चे राष्ट्रभक्त को अपने ही देश में अपनी बात सुनाने के लिए इस हद तक आत्मोत्सर्ग क्यों करना पड़ रहा है?



विकास हमारे देश के पर्यावरण, हमारे जल-स्रोतों और भावी पीढ़ियों की सांसों की कीमत पर आता हो, वह विकास नहीं बल्कि एक सामूहिक विनाश का निमंत्रण है। देश के नागरिकों को भी अपने इस आत्मघाती मौन को तोड़ना होगा, क्योंकि आज अगर लद्दाख के ग्लेशियर पिघलते हैं, तो उसका सीधा असर गंगा, यमुना और सिंधु के मैदानों में रहने वाले करोड़ों भारतीयों के जीवन पर पड़ेगा। सोनम वांगचुक का यह त्याग केवल लद्दाख के चंद पहाड़ों के लिए नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष के भविष्य को सुरक्षित रखने का एक महान अनुष्ठान है।
दिल्ली के जंतर मंतर में उनके अनशन का 18वाँ दिन है पर संवाद के लिए जिम्मेदार तैयार नहीं हैं। संभवतः संवाद में पेंच फंस रहा है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर! लेकिन सोनम वांगचुक जी ने जिस तरह लद्दाख में शिक्षा की आबो हवा बदली वैसे वो चाह रहे हैं कि देश की शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली में भी आमूलचूल सुधार हो और उसमें शत प्रतिशत पारदर्शिता हो। जिससे देश के प्रत्येक वर्ग के छात्रों के साथ न्याय हो सके। ऐसी प्रणाली बनाई जाए जिससे छात्र हताशा और उपेक्षा पा अवसाद में रहकर न जियें। वो उम्मीदों के साथ एक सकारात्मक जिंदगी जीते हुए भारत के वातावरण को भी सकारात्मक बनाने का कार्य कर सकें।

सोनम वांगचुक का देश के प्रति योगदान किसी कागजी देशभक्ति या नारों का मोहताज नहीं है। उन्होंने तब लद्दाख की सुध ली जब वहां की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह दम तोड़ चुकी थी और 95 प्रतिशत बच्चे बोर्ड परीक्षाओं में फेल हो जाया करते थे। उन्होंने तार्किक रूप से यह बात समझाई कि बच्चों पर थोपी गई शिक्षा नहीं, बल्कि उनकी अपनी भाषा और परिवेश से उपजा ज्ञान ही उन्हें सशक्त बना सकता है। उन्होंने सेकमोल और ऑपरेशन न्यू होप जैसे अभिनव प्रयोगों से लद्दाख का पास प्रतिशत 5 से बढ़ाकर 75 प्रतिशत के पार पहुंचा दिया। इतना ही नहीं, जब ग्लोबल वार्मिंग के कारण लद्दाख के गांवों में पानी का अकाल पड़ा, तो उन्होंने प्रकृति के भौतिक नियमों का सहारा लेकर आइस स्तूपा यानी कृत्रिम बर्फ के स्तूपों का आविष्कार कर दिखाया। यह तकनीक सर्दियों के व्यर्थ बहते पानी को शंकु के आकार में जमाकर गर्मियों में किसानों के खेतों तक लाखों लीटर पानी पहुंचाती है।

इस स्वदेशी विज्ञान के लिए उन्हें दुनिया का प्रतिष्ठित रोलेक्स अवॉर्ड मिला, जिसे उन्होंने देश के नाम समर्पित कर दिया। जब देश की सीमाओं पर तैनात हमारे जवान शून्य से भी चालीस डिग्री नीचे के तापमान में खुद को गर्म रखने के लिए लाखों लीटर प्रदूषणकारी केरोसिन जलाने को मजबूर थे, तब वांगचुक ने पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित सोलर-कॉम्बैट टेंट बनाकर सेना को तोहफा दिया, जो बिना किसी ईंधन के अंदर का तापमान सुखद बनाए रखता है। जिस व्यक्ति ने हमेशा देश को जोड़ने और उसकी सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया, उसे लद्दाख की स्वायत्तता और पर्यावरण की सुरक्षा की मांग करने पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं के तहत महीनों जोधपुर जेल में बंद रहना पड़ा।

लद्दाख में प्रशासन द्वारा औद्योगिक भूमि आवंटन नीति के तहत बाहरी और बड़ी विनिर्माण कंपनियों के लिए दरवाजे खोले जा रहे हैं। पैंग और देबरिंग जैसे इलाकों में विशाल सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हजारों एकड़ जमीन दी जा रही है। लद्दाख के लोगों और वांगचुक का डर यह है कि इस पारदर्शी सुरक्षा कवच के बिना यदि भविष्य में इन संवेदनशील पहाड़ों में लिथियम, क्रोमियम या ग्रेनाइट जैसे रणनीतिक खनिजों के लिए अनियंत्रित खनन शुरू हो गया, तो उत्तर भारत की नदियों को जीवन देने वाले ये ग्लेशियर हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे। इसी विनाश को रोकने के लिए वे संविधान की छठी अनुसूची और पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग कर रहे हैं, ताकि स्थानीय लोगों को अपनी जमीन के संरक्षण का अधिकार मिल सके। आज जब वांगचुक का शरीर अन्न के एक-एक दाने के लिए तरस रहा है, तब भारतीय लोकतंत्र के बदलते मिजाज पर एक गंभीर बहस छिड़ गई है। इतिहास के पन्नों को पलटें तो ब्रितानी हुकूमत के दौर में भी महात्मा गांधी के अनशन और सत्याग्रह के सामने साम्राज्यवादी ताकतों को झुकना पड़ता था। आजादी के बाद कांग्रेसी शासन के दौरान भी जब पोटी श्रीरामुलु या सुंदरलाल बहुगुणा जैसे पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी आवाज उठाई, तो सत्ता गलियारों में उनकी सुनवाई होती थी, संवाद के रास्ते खुलते थे और समझौतों की गुंजाइश बनती थी।

परंतु आज के दौर में ऐसा क्यों संभव नहीं लग रहा? इसका सबसे बड़ा कारण राजनीति का अत्यधिक ध्रुवीकरण और संवादहीनता की संस्कृति का हावी होना है। आज किसी भी प्रकार के शांतिपूर्ण जन-आंदोलन या असहमति को सीधे राष्ट्र की संप्रभुता या विकास विरोधी नैरेटिव के चश्मे से देखा जाने लगा है। जब लद्दाख जैसे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र से उठने वाली पर्यावरण की पुकार को कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर वांगचुक को जेल भेजा गया तब जनता में भी विरोध के सुर देखे गए। लगता है अब सरकारें मानवीय संवेदनाओं और स्थानीय अधिकारों से कहीं अधिक महत्व बड़े कॉर्पोरेट हितों और केंद्रीकृत नियंत्रण को दे रही हैं, हो सकता है सरकार का देश हित के लिए कोई बड़ा लक्ष्य हो! मीडिया का एक बड़ा हिस्सा भी इन बुनियादी मुद्दों को छोड़कर गैर-जरूरी बहसों में उलझा रहता है, जिससे देश की जनता तक सीमांत क्षेत्रों की यह कराह पहुंच ही नहीं पाती और पूरा समाज एक आत्मघाती मौन धारण कर लेता है।

इस गहरे लोकतांत्रिक संकट का समाधान किसी टकराव में नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा को पुनर्जीवित करने में है। सबसे पहला और तात्कालिक समाधान यह है कि केंद्र सरकार बिना किसी अहंकार के सोनम वांगचुक और लद्दाख के जन-प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च-स्तरीय, पारदर्शी और सौहार्दपूर्ण संवाद की शुरुआत करे। लोकतंत्र की ताकत लाठी या जेल में नहीं, बल्कि सुनने और समझने की क्षमता में होती है। लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची का सुरक्षा कवच देना किसी भी तरह देश की सुरक्षा के खिलाफ नहीं है, बल्कि देश के सबसे वफादार नागरिकों को यह भरोसा दिलाना है कि उनकी संस्कृति और पर्यावरण सुरक्षित हैं। दूसरा समाधान यह है कि हमें विकास की अपनी परिभाषा को बदलना होगा। जो विकास हमारे देश के पर्यावरण, हमारे जल-स्रोतों और भावी पीढ़ियों की सांसों की कीमत पर आता हो, वह विकास नहीं बल्कि एक सामूहिक विनाश का निमंत्रण है। देश के नागरिकों को भी अपने इस आत्मघाती मौन को तोड़ना होगा, क्योंकि आज अगर लद्दाख के ग्लेशियर पिघलते हैं, तो उसका सीधा असर गंगा, यमुना और सिंधु के मैदानों में रहने वाले करोड़ों भारतीयों के जीवन पर पड़ेगा। सोनम वांगचुक का यह त्याग केवल लद्दाख के चंद पहाड़ों के लिए नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष के भविष्य को सुरक्षित रखने का एक महान अनुष्ठान है।

दिल्ली के जंतर मंतर में उनके अनशन का 18वाँ दिन है पर संवाद के लिए जिम्मेदार तैयार नहीं हैं। संभवतः संवाद में पेंच फंस रहा है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर! लेकिन सोनम वांगचुक जी ने जिस तरह लद्दाख में शिक्षा की आबो हवा बदली वैसे वो चाह रहे हैं कि देश की शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली में भी आमूलचूल सुधार हो और उसमें शत प्रतिशत पारदर्शिता हो। जिससे देश के प्रत्येक वर्ग के छात्रों के साथ न्याय हो सके। ऐसी प्रणाली बनाई जाए जिससे छात्र हताशा और उपेक्षा पा अवसाद में रहकर न जियें। वो उम्मीदों के साथ एक सकारात्मक जिंदगी जीते हुए भारत के वातावरण को भी सकारात्मक बनाने का कार्य कर सकें।

विचार

# मुख्यमंत्री आवास योजना से आजमगढ़ में पक्के आशियानों के साकार होते सपने

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए 'मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस कल्याणकारी पहल के अंतर्गत ग्रामीण उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को प्राकृतिक आपदाओं, विशिष्ट सामाजिक श्रेणियों और गंभीर स्वास्थ्य विभीषिकाओं के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए पक्के मकानों की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद आजमगढ़ ने योजना के क्रियान्वयन में एक मिसाल पेश की है, जहां 96.23 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ हजारों परिवारों को कच्ची दीवारों से निकालकर पक्के घरों तक पहुंचाया गया है। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर सामाजिक गरिमा, सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की एक नई इबारत है।

जनपद आजमगढ़ को योजना के अंतर्गत कुल 9,908 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने तीव्र और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए 9,534 आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को हस्तांतरित कर दिए हैं। प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों में आजमगढ़ की यह मजबूत प्रशासनिक कार्यशैली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन द्वारा मासिक समीक्षा बैठकों, निर्माण कार्यों की सतत निगरानी, पारदर्शी लाभार्थी चयन तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) पर विशेष बल दिया गया। इसी रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण आजमगढ़ आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन पात्र परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, जो किन्हीं कारणों से केंद्र सरकार की आवास




योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शासन द्वारा जारी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप, योजना के तहत उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। इनमें प्राकृतिक आपदा (बाढ़, अग्निकांड या भूकंप) से प्रभावित परिवार, कुष्ठ रोग, जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम तथा कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिवार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुसहर समुदाय, वन्टांगिया, कोल, सहरिया जैसी वंचित अनुसूचित जनजातियों, विधवा महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्गों को इसमें विशेष वरीयता दी गई है। सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण के सिद्धांतों को सुदृढ़ करते हुए इन आवासों का पंजीकरण मुख्य रूप से परिवार की महिला मुखिया के नाम पर अथवा पति-पत्नी के संयुक्त नाम पर सुनिश्चित किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि हुई है।

योजना के तकनीकी एवं वित्तीय प्रावधानों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मैदानी क्षेत्रों में प्रति आवास रु. 1.20 लाख तथा कठिन या पथरीले क्षेत्रों में रु. 1.30 लाख की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है। निर्मित होने वाले प्रत्येक आवास का न्यूनतम क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है, जिसमें दो कमरों के साथ स्वच्छ रसोईघर, आधुनिक स्नानघर और एक सुसज्जित शौचालय की सुविधा शामिल है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संपूर्ण चयन प्रक्रिया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों (ईसीसी) तथा ग्राम सभाओं द्वारा सत्यापित 'आवास प्लस' सूची के आधार पर संचालित की जा रही है, जिससे केवल वास्तविक रूप से जरूरतमंद और भूमिहीन परिवारों तक ही इस शासकीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी 'अभिसरण मॉडल' है, जो इसे केवल आवास निर्माण तक सीमित न रखकर समग्र ग्रामीण विकास का माध्यम बनाता है। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को रु. 1,20,000 की प्रत्यक्ष आवासीय सहायता के साथ-साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से 90 दिवस की अकुशल मजदूरी प्रदान की जाती है, जिससे निर्माण अवधि के दौरान परिवार को आय का अतिरिक्त सहारा मिलता है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रु. 12,000 की लागत से शौचालय का निर्माण कराया जाता है। लाभार्थी परिवारों को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन तथा हर घर जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। एक ही छत के नीचे इतनी सुविधाओं का समागम ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार ला रहा है।

आजमगढ़ के जहानागंज विकास खण्ड के सेमा गांव की रहने वाली गुड्डी की कहानी इस योजना की सफलता का एक जीवंत प्रमाण है। अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाली गुड्डी और उनके पति दुर्गेश वर्षों से दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। अत्यंत सीमित आय के कारण उनका पक्का घर बनाने का सपना अधूरा था और पूरा परिवार एक जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। मिट्टी की दीवारें बारिश में गल जाती थीं, छत हर वर्ष टपकती थी और तेज हवाओं व विपरीत मौसम में पूरा परिवार भय के साये में रात गुजारता था। बरसात के दिनों में बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाती थी क्योंकि किताबों और जरूरी सामानों को भीगने से बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती थी। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयन होने के बाद गुड्डी के परिवार का जीवन पूरी तरह बदल गया है। उन्हें मिले पक्के मकान, शौचालय और अन्य सरकारी लाभों ने न केवल उन्हें मौसम की मार से सुरक्षा दी है, बल्कि समाज में उनका गौरव भी बढ़ाया है।

गुड्डी की तरह ही आजमगढ़ के हजारों लाभार्थियों के लिए यह योजना केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा, स्वच्छता और आत्मविश्वास से भरे नए जीवन की शुरुआत है। अब इन परिवारों को हर मौसम में घर टूटने या भीगने का डर नहीं रहता और उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और कमजोर वर्गों को दी गई यह पक्की छत आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और मजबूत कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस संवेदनशील और विकासोन्मुखी पहल ने आजमगढ़ में एक ऐसी मौन क्रांति को जन्म दिया है, जिसने न केवल गरीब परिवारों को एक सुरक्षित आशियाना दिया है, बल्कि उनके सपनों को भी एक नया और खुला आसमान प्रदान किया है।

साहित्य

## सुंदर अक्षर वाली शुभमन जीत



संजय एम तराणेकर

*जीत के रंग में भी विनम्रता का श्रृंगार,*
*भारत ने रचा फिर गौरव का विस्तार।*
*बल्ले ने विश्वास की भाषा जबसे गाई,*
*गेंद ने भी वीरों की पहचान हैं दोहराई।*

*सुंदर ने संयम से जीत का दीप जलाया,*
*अक्षर ने हर मोर्चे पे कमाल दिखाया।*
*शुभमन के बल्ले ने उम्मीदें जैसे सँवारीं,*
*बुमराह की धार ने मुश्किलें सभी तारीं।*

*हरेक चौका जैसे तिरंगे का सम्मान बना,*
*हर विकेट भारत की शान का गान बना।*
*जज़्बा, अनुशासन और साहस के बिन,*
*मैदान में सिर्फ खेल ही नहीं था उस दिन।*

*जीत जो अहंकार नहीं, प्रेरणा बन जाए,*
*हरेक युवा के मन में नव विश्वास जगाए।*
*भारत यूँ ही खेल भावना का मान बढ़ाए,*
*विश्व पटल पे तिरंगा सदैव ऊँचा लहराए।*





## राशिफल

**मेषः-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**वृषभः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्कः-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिये प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**कन्याः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

**कुंभः-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी।

**मीनः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# भ्रामक संगठनों पर लगाम जरूरी, संविधान के नाम पर अराजकता नहीं



आर बी सिंह

### सेना, पुलिस, सीबीआई, सीआईडी, एंटी करप्शन जैसे नामों का निजी इस्तेमाल बढ़ा, सख्त नियमन की मांग

समाज सेवा, जनजागरूकता और सुरक्षा के नाम पर देशभर में हजारों संगठन खुले हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे संगठनों की है जिनके नाम सेना, आर्मी ब्रिगेड, एंटी करप्शन, साइबर क्राइम कंट्रोल फोर्स जैसी सरकारी संस्थाओं से मिलते-जुलते हैं। चिंता की बात यह है कि कई संगठन बिना किसी वैधानिक मान्यता के ड्रेस भी पहनते हैं, आईडी कार्ड जारी करते हैं और वाहनों पर सरकारीविभागों से मिलते जुलते स्टिकर भी लगाते हैं। सोशल मीडिया पर छापेमारी, गिरफ्तारी और रेड के वीडियो डालकर वे खुद को सरकारी एजेंसी जैसा प्रस्तुत करते हैं। इससे आम नागरिक असली और नकली में अंतर नहीं कर पाता। इसे कानून-व्यवस्था पर दबाव का अहम कारक कह सकते हैं। जब गैर-सरकारी लोग सरकारी संस्थाओं की नकल करते हैं तो जनता में भ्रम पैदा होता है। कई राज्यों में कई कथित सेना के नाम पर वसूली और धमकाने की शिकायतें पुलिस तक पहुंची हैं। इससे असली पुलिस-प्रशासन की साख पर भी सवाल उठता है और सामाजिक सौहार्द को खतरा होता है। जाति, धर्म या क्षेत्र के नाम पर बने सेना और ब्रिगेड समाज को जोड़ने के बजाय बांट रहे हैं। हम बनाम वे की भावना बढ़ने से आपसी भाईचारा कमजोर हो रहा है और छोटे-छोटे मुद्दे भी टकराव का रूप ले लेते हैं। ये पंजीकरण व्यवस्था की खामी कही जाएगी।

लोकतंत्र में बोलने और संगठन बनाने की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार है, लेकिन पिछले 10 वर्षों में सेना, ब्रिगेड और एंटी करप्शन जैसे नामों से हजारों गैर-सरकारी संगठन अस्तित्व में आए हैं। वर्दी, आईडी कार्ड और सरकारी नामों की नकल कर ये आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कानूनविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर समय रहते इन पर नियंत्रण नहीं हुआ तो कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित होगा।

भारत संविधान के अनुसार विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अनुच्छेद 19 (1) (a) और 19 (1) (c) हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संघ बनाने का अधिकार देते हैं। इसी अधिकार के बल पर नागरिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाते हैं, शांतिपूर्ण आंदोलन करते हैं और राजनीतिक-सामाजिक संगठन बनाते हैं। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है, परंतु पिछले एक दशक में इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं भी बढ़ी हैं। समाज सेवा, जनजागरूकता और सुरक्षा के नाम पर देशभर में हजारों संगठन खुले हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे संगठनों की है जिनके नाम सेना, आर्मी ब्रिगेड, एंटी करप्शन, साइबर क्राइम कंट्रोल फोर्स जैसी सरकारी संस्थाओं से मिलते-जुलते हैं।

चिंता की बात यह है कि कई संगठन बिना किसी वैधानिक मान्यता के ड्रेस भी पहनते हैं, आईडी कार्ड जारी करते हैं और वाहनों पर सरकारीविभागों से मिलते जुलते स्टिकर भी लगाते हैं। सोशल मीडिया पर छापेमारी, गिरफ्तारी और रेड के वीडियो डालकर वे खुद को सरकारी एजेंसी जैसा प्रस्तुत करते हैं। इससे आम नागरिक असली और नकली में अंतर नहीं कर पाता। इसे कानून-व्यवस्था पर दबाव का अहम कारक कह सकते हैं। जब गैर-सरकारी लोग सरकारी संस्थाओं की नकल करते हैं तो जनता में भ्रम पैदा होता है। कई राज्यों में कई कथित सेना के नाम पर वसूली और धमकाने की शिकायतें पुलिस तक पहुंची हैं। इससे असली पुलिस-प्रशासन की साख पर भी सवाल उठता है और सामाजिक सौहार्द को खतरा होता है। जाति, धर्म या क्षेत्र के नाम पर बने सेना और ब्रिगेड समाज को जोड़ने के बजाय बांट रहे हैं। हम बनाम वे की भावना बढ़ने से आपसी भाईचारा कमजोर हो रहा है और छोटे-छोटे मुद्दे भी टकराव का रूप ले लेते हैं। ये पंजीकरण व्यवस्था की खामी कही जाएगी।

वर्तमान में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत संगठन का नाम और उद्देश्य की गहन जांच नहीं होती। कोई भी व्यक्ति मामूली कागजी कार्रवाई कर रजिस्ट्रेशन ले लेता है। नाम की समानता रोकने के लिए कोई केंद्रीय डेटाबेस भी नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि संगठन बनाने पर रोक नहीं, बल्कि नियमन जरूरी है। पहला, गृह मंत्रालय को गाइडलाइन जारी करनी चाहिए जिसमें सेना, पुलिस, CBI, NIA, इंटेलिजेंस, ब्यूरो जैसे शब्दों के निजी इस्तेमाल पर रोक हो। यदि कोई सामाजिक संगठन सेना शब्द रखता है तो उसे यह स्पष्ट करना होगा कि उसका रक्षा से कोई संबंध नहीं है। दूसरा, सभी सामाजिक संगठनों का जिला स्तरीय पुलिस सत्यापन और उद्देश्य की जांच अनिवार्य की जाए। वर्दी, लोगो और वाहन पर पदनाम के इस्तेमाल के लिए पूर्व अनुमति ली जाए। तीसरा, सरकार को बड़े स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाना चाहिए ताकि लोग सरकारी और गैर-सरकारी संस्था में अंतर समझ सकें और अंत में जो संगठन नफरत फैलाएं, कानून तोड़ें या धोखाधड़ी करें, उनका पंजीकरण तुरंत रद्द कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

कुल मिलाकर संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, पर साथ में कर्तव्य भी सौंपे हैं। सेवा और जनकल्याण के लिए बने संगठनों का स्वागत है। लेकिन जो संगठन संविधान की आड़ में समाज को बांटें और कानून को हाथ में लें, उन पर लगाम लगाना जरूरी है। तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा, कानून का राज कायम रहेगा और देश में भाईचारे की भावना बनी रहेगी।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



फतेहपुर। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान, द्वारा संस्थान के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के प्रति जागरुक एवं प्रेरित करना तथा कौशल आधारित शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता गुप्ता (जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी एवं सचिव, टैक्सेशन बार एसोसिएशन) रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन शिक्षण संस्थान, फतेहपुर के निदेशक विजय कुमार श्रीवास्तव ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी अनुज श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में निदेशक विजय कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कौशल विकास वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जन शिक्षण संस्थान, भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के मार्गदर्शन में समाज के वंचित, ग्रामीण एवं शहरी युवाओं, महिलाओं तथा स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य अतिथि सुनीता गुप्ता ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण एवं उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए तो वे देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपने कौशल को निरंतर विकसित करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार एवं उद्यमिता को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर 14 जुलाई 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), फतेहपुर में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनीता गुप्ता द्वारा चयनित 55 युवाओं को नियुक्ति (ऑफर) पत्र प्रदान किए गए।

### अज्ञात चोरों ने रात्रि में सूने घर को बनाया निशाना, हजारों की नकदी सहित जेवरात ले गये



महोबा। शहर के बीचों-बीच रिहायशी इलाके में अज्ञात चोर ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए तिजोरी तोड़कर हजारों रुपये की नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए और फरार हो गया। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद निकल रहा आरोपी पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास में जुट गई है। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ीहाट मोहल्ले का है। जहाँ के रहने वाले शारदा प्रसाद साहू अपने परिवार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर से बाहर गए थे। इसी दौरान सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोर गेट का ताला तोड़कर मकान में घुस गया। चोर ने घर के अंदर रखे लॉकर को तोड़ने की कोशिश की लेकिन उसमें नाकाम होने के बाद अंदर के कमरे में रखी तिजोरी को तोड़ दिया और उसमें रखी हजारों रुपये की नगदी और सोने-चांदी के कीमती जेवरात लेकर फरार हो गया। सुबह जब परिवार वापस घर लौटा तो गेट खुले और कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और तिजोरी टूटी हुई पड़ी थी। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने की बात सामने आई है। पीड़ित शारदा प्रसाद साहू ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गया सामान बरामद करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

### वैलीडेशन एक्ट के विरोध में पेंशनर जन-जागरण 2026 अभियान प्रारंभ



महोबा। वैलीडेशन एक्ट के विरोध एवं पेंशनरों के अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान, उत्तर प्रदेश, जनपद महोबा द्वारा पेंशनर परिवार जोड़ो-मिशन जन-जागरण 2026 अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत संस्थान के पदाधिकारियों ने भटीपुरा, हवेली दरवाजा, बड़ीहाट, मकनियापुरा एवं रायकोट, भटियाना, पाठकपुरा सहित विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर पेंशनरों एवं उनके परिवारों से संपर्क किया तथा वैलीडेशन एक्ट के कारण पेंशनरों के अधिकारों एवं पेंशन व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तार से जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। इस दौरान पेंशनरों एवं उनके परिवारों से पेंशन अधिकार संकल्प पत्र भी भरवाए गए। संकल्प पत्र में कहा गया कि पेंशन किसी सरकार की दया या अनुदान नहीं, बल्कि सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने संपूर्ण सेवाकाल में राष्ट्र एवं समाज की निष्ठापूर्वक सेवा के उपरांत अर्जित किया गया अधिकार है। पेंशन व्यवस्था की सुरक्षा केवल वर्तमान पेंशनरों का विषय नहीं है, बल्कि आज कार्यरत कर्मचारियों तथा आने वाली पीढ़ियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण प्रश्न है। अभियान के दौरान पदाधिकारियों ने दिवंगत पेंशनरों के घर पहुँचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी तथा संस्थान की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री बी. के. तिवारी, उपाध्यक्ष रामसजीवन गुप्ता, जगदीश कुमार, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, देवेंद्र सक्सेना, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, कोषाध्यक्ष बसंतलाल गुप्ता, अरविन्द कुमार विकास प्राधिकरण सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। महामंत्री बी. के. तिवारी ने बताया कि मिशन जन-जागरण 2026 के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर पेंशनरों एवं उनके परिवारों को अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि पेंशनरों के संवैधानिक एवं अर्जित अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनसमर्थन तैयार किया जा सके।

### तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

जालौन (उरई)। जखा निवासी तीन दोस्त कुलदीप कुमार (45) छोटे खान (32) व कमलेश (24) बुधवार की दोपहर करीब एक बजे जखा गांव से मदारीपुर स्थित पेट्रोल टैंक पर बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहे थे। मदारीपुर पहुंचकर सड़क की दूसरी ओर पेट्रोल टैंक होने के चलते वह कट से होकर बाइक सड़क के दूसरी ओर ले जाने लगे। जैसे ही उन्होंने कट से बाइक निकाली तभी जालौन की ओर से औरैया की ओर जा रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना तत्काल यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने कुलदीप व छोटे खान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कमलेश को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, कार चालक हादसे के बाद कार को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। दोनों मृतकों के घर जब यह सूचना पहुंची तो उनके घरों में कोहराम मच गया।

# विधायक अयाह शाह ने कौशल विकास प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अन्तर्गत ष्विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुर में कौशल प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कौशल प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शिव शंकर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा प्रसून तिवारी एवं जिला मंत्री भाजपा अरिमर्दन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नये भवन में कौशल प्रदर्शनी के द्वारा आईटीआई के ट्रेडों और कौशल विकास के जॉबरोल में स्टॉल लगा



कर प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाये गये उत्पाद प्रदर्शित किये गये और लोगों को कौशल के विभिन्न जॉबरोल की उपयोगिता सम्बन्धी जानकारी दी गयी। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर डॉ. राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य ने अतिथियों को कौशल प्रदर्शनी का अवलोकन कराया और विभिन्न जॉबरोल की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में विधायक के द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनायें देते हुए जनपद के युवाओं को हुनरमंद बनकर जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शिव शंकर सिंह के द्वारा युवाओं को उद्बोधित करते हुए कहा गया कि उन्हें अपने कौशल को बढ़ाकर राष्ट्र की ऊर्जा एवं सामर्थ्य में जीवन एवं समय लगाना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक के द्वारा राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करके अपना उद्यम/व्यवसाय कर रही श्रृद्धा सिंह तथा बोरिंग टेक्नीशीयन, लघु सिंचाई विभाग, डलमऊ, रायबरेली में कार्यरत शिखा देवी को जनपद के आईकॉन के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही साथ राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान से परीक्षा मुल्यांकन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रोजगार मेला में सेवायोजित हुए प्रशिक्षार्थियों में से 13 प्रशिक्षार्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया गया। कार्यक्रम में कौशल विकास की छात्राओं द्वारा वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

## भभैचा में पंचायत प्रहरी समागम के तहत कार्यक्रम आयोजित



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

एस. आर. डिग्री कालेज रसूलपुर भभैचा में पंचायत प्रहरी समागम कार्यक्रम के तहत पंचायत सेना के कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत फाउंडेशन के संस्थापक विक्रम सिंह निवर्तमान विधायक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र में माल्यार्पण व् दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की तादात में आये ग्रामीण वासियों ने सदर के निवर्तमान विधायक विक्रम सिंह का गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया। वही सदर के निवर्तमान विधायक विक्रम सिंह ने कार्यक्रम में आये सभी पंचायत सेना व प्रहरियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। पंचायत प्रहरी समागम कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत सेना के सभी लोगो को सम्बोधित करते हुए विक्रम सिंह ने कहा की इस फाउंडेशन की स्थापना पंचायतों को विकसित करने के लिए की गयी है। पंचायत प्रहरी मिलकर पंचायत के विकास की रूप रेखा तैयार करे। जिसमे हम शासन से उस पर आगे कार्य तेजी से कराये। शासन में पंचायतों को विकसित करने के लिए हजारों योजनाये है, जिसको हम धरातल में उतारने के लिए सम्पूर्ण प्रयास कर रहे है। जिसमे आप सभी का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है आपके द्वारा प्रत्येक पंचायत की कार्ययोजना की जानकारी हमको मिलेगी। विक्रम सिंह ने सभी को पंचायत की रणनीति से रूबरू कराया कहा की पंचायतो में जहा लोग आज विवाद में उलझे हुए है वही अगर सभी मिलकर प्रगति की ओर अग्रसर हो तो सभी को लाभ मिलेगा। इसके माध्यम से सभी लोगो को बताया की जब भी किसी कार्य को कराना हो या कही भी समस्या हो उसमे हम हमेशा आपके साथ है। पंचायत प्रहरी समागम में उपस्थित सभी सेना ने विक्रम सिंह के बातो को सुनकर ख़ुशी जताई और जय घोष के नारों से पूरा हाल गूँज उठा। वही उपस्थित सभी साथियों ने सराहना करते हुए कहा की आपके द्वारा इस क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है जिसके हम सदैव ऋणी रहेंगे हमारी जहा जरूरत हो हम सदैव आगे बढ़कर सहयोग करेंगे। इस मौके में सुशील तिवारी, सुरेन्द्र मौर्या, विनोद गौतम, अंशू सिंह, आदर्श सिंह, विनय शंकर, राजा मौर्या, सुजीत तिवारी, आशुतोष प्रबंधक एस. आर. डिग्री कालेज रसूलपुर भभैचा, राजू यादव, शिव शरण, प्रेम मौर्या, गोरे लाल, राम सुमेर पूर्व प्रधान, शिवम् मौर्या, जगत पाल, उदय भान, जीतेन्द्र, भोला सिंह, रिंकू रैदास, नीरज रैदास, अनुज कुमार, हिमांशू, देशराज, अमन यादव, अरुण प्रताप सिंह, छोटे लाल प्रजापति, रवि, दिनेश गौतम, धर्मेन्द्र, समेत ब्लाक के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### शौचक्रिया गई युवती से युवक ने की छेड़खानी

जालौन (उरई)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह करीब छह बजे वह शौच के लिए गांव से बाहर गई थी। शौच क्रिया से निवृत्त होकर वह वापस घर लौट रही थी। तभी रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही युवक राहुल अहिरवार ने जबरन उसे रोक लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## महर्षि के छात्रों ने सामूहिक गायन प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**फतेहपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए फतेहपुर सहोदया समूह द्वारा आयोजित अन्तर्विद्यालयी अंग्रेजी में सामूहिक गायन प्रतियोगिता में समूह ए में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागी अनन्या सिंह कक्षा 8, सौम्या मौर्या कक्षा 8, श्रद्धा कक्षा 8, शुभी साहू कक्षा 8, स्वरा त्रिपाठी कक्षा 8 यशी यादव कक्षा 8 रहे। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों में असीम प्रतिभा होती है सहोदया समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करना विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने छात्राओं की सफलता पर सभी छात्राओं का बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बेखौफ दबंगों ने युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमलाकर किया लहूलुहान

- सरेशाम हुई इस जघन्य वारदात से इलाके में मची अफरातफरी, गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर किया गया रेफर
- सूचना पर पहुंची एएसपी, सीओ व स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, एक को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस से बेखौफ दबँगों ने बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहे युवक को पेट्रोल पम्प के पास रास्ते में रोककर धारदार हथियारों से हमलाकर लहूलुहान कर दिया और मौक़े से फरार हो गए। हाइवे किनारे सरेशाम हुई इस जघन्य वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हाइवे किनारे तड़प रहे घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सीओ सदर,एएसपी सहित थाना पुलिस ने पहुंचकर मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया है कि यह सनसनीखेज वारदात शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के कानपुर-सागर हाइवे स्थित चंदेल पेट्रोल पम्प के पास की है। जहां समद नगर इलाके के रहने वाले बाबू सिंह का 28 वर्षीय पुत्र जयवेंद्र सिंह उर्फ़ विक्की ठाकुर बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पम्प जा रहा था तभी भी पेट्रोल पम्प से ठीक पहले पड़ोस के ही रहने वाले दबँगों ने उसका रास्ता रोक लिया जब तक जयवेन्द्र कुछ समझ पाता उससे पहले ही आरोपियों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया। सरेशाम हुई इस जघन्य वारदात से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सदर रविकांत गौंड,अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कोतवाली पुलिस को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए हैं। बहरहाल शहर के अंदर पुलिस से बेखौफ दबंगों द्वारा की गई जघन्य वारदात से शहर की कानून व्यवस्था पर गंभीर और सवालिया निशान खड़े हो गए हैं,अब देखना दिलचस्प होगा पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई अमल में लाती है।

घायल के परिजनों ने बताया कि जयवेन्द्र बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पम्प जा रहा था तभी पेट्रोल पम्प के पास ही पड़ोस के रहने वाले दबंगों ने उसका रास्ता रोक लिया और धारदार हथियार से जानलेवा हमलाकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने बताया कि घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था धारदार हथियार से हमलाकर उसे घायल किया गया है गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर बेहतर इलाज के लिए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने बताया कि डायल 112 द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई की एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना कारित की गई है जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है,मामले में एक पूर्व परिचय व्यक्ति द्वारा घटना कारित किए जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है,साथ ही परिजनों से संपर्क करके तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने पुलिस कार्यालय में किया वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन

**पुलिस अधीक्षक ने संबन्धित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर त्वरित व प्रभावी निस्तारण के दिए निर्देश**



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

**सूचना**

मैंने बी.टेक वर्ष 2013 में उत्तीर्ण किया था। जिसका अनुक्रमांक 0928740051 है, मेरी बी.टेक द्वितीय व चतुर्थ वर्ष की मार्कशीट कहीं खो गयी है। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। मुझे द्वितीय प्रति की अत्यंत आवश्यकता है। **शशांक शेखर पुत्र सुरेन्द्रनाथ मिश्रा निवासी ग्रानगंज, फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरी राजकीय पॉलीटेक्निक डिप्लोमा वर्ष 2017 जिसका अनुक्रमांक M0128115085 है, जिसकी अंतिम वर्ष की अंक तालिका कहीं खो गयी है। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चली। मुझे द्वितीय प्रति की अत्यंत आवश्यकता है। **ऋषभ दीक्षित पुत्र सुभाष चन्द्र दीक्षित निवासी मो0 मेहंदीबाग, कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

## दो साल से फरार पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में दो साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया बताया कि वर्ष 2023 में कोतवाली में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले में मध्यप्रदेश के जिला दतिया के थाना ठरेट क्षेत्र के ग्राम कुदारी हाल निवास कैलिया थाना क्षेत्र का ग्राम पीपरी



कलां निवासी मंगल सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपी मंगल सिंह दो साल से फरार चल रहा था। फरार आरोपी के खिलाफ 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। बुधवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि यह फरार आरोपी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के औरेखी अंडरपास के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल, कांस्टेबल बृजवीर सिंह, नीरज कुमार और जितेंद्र सिंह की टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांकः 182/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-15.07.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि से निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 16.07.2026 से 22.07.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 23.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**संजीव कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-390/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद दिनांक 15 जुलाई, 2026

**अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि **"स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 17/07/2026 से 07/08/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 07/08/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 17.07.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 07.08.2026 2:00 बजे | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमसाबाद**
**जनपद फर्रुखाबाद**

**जोया शाह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शमसाबाद**
**जनपद फर्रुखाबाद**

## जनसुनवाई में पहुंचा दिव्यांग बैटरी ट्राइसाइकिल पाकर मुस्कराते हुए लौटा

- डीएम की संवेदनशील पहल, 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को मौके पर मिली बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री एवं शासन की नीतियों एवं निर्देशों पर दिव्यांग एवं असहायों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को जनपद में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इसी बीच 80 फीसदी दिव्यांग अपनी फरियाद लेकर पहुंचा तो डीएम ने उसकी पीड़ा को गंभीरता से सुनने के बाद उसे तत्काल बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी जिसे देखकर दिव्यांग का चेहरा खिल उठा।

उन्होंने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम भी है। इसी दौरान ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी बलवान सिंह ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग हैं तथा चलने-फिरने में पूर्णतः असमर्थ होने के कारण दैनिक जीवन के सामान्य कार्यों में भी उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी समस्या सुनते ही जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नीरज चौधरी को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने तत्काल आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बलवान सिंह को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी। ट्राइसाइकिल मिलते ही उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी। बलवान सिंह ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी दिव्यांग व असहाय व्यक्तियों की परेशानी को समझते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का नया सहारा दे रहे है। यह ट्राइसाइकिल उनके लिए किसी नई जिंदगी से कम नहीं है। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री का विशेष निर्देश है कि प्रत्येक पात्र दिव्यांग, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें बिना विलंब योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

# कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ में किसान दिवस सम्पन्न

## किसानों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।**



कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक राम किशोर पटेल, राम बरन वर्मा, रामचन्द्र सिंह एवं राम सुरेश तिवारी सहित उप कृषि निदेशक उमेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता (सिंचाई राजीव कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पाण्डेय तथा कृषि एवं समवर्गीय विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विकास खण्डों के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारम्भ में जिला कृषि अधिकारी द्वारा विगत किसान दिवस में कृषकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की गई अनुपालन कार्यवाही से अवगत कराया गया। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) द्वारा प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में कृषकों ने किसान क्रेडिट कार्ड की स्वीकृति प्रक्रिया को शासन के निर्देशों के अनुरूप अधिक सरल एवं सुगम बनाए जाने, नहरों में टेल तक सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने सहित अन्य कृषि संबंधी समस्याओं एवं सुझावों को प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं का नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि कृषकों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उनका यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# निर्मित सड़क का किनारा ढह जाने से राहगीरों को हो रही दिक्कत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



लोक निर्माण विभाग से निर्मित सड़क का किनारा ढह जाने से राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग और मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल पर करके सड़क निर्माण की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता मोहित सिंह ने बताया कि तीन गांवों को जोड़ने वाले इस संपर्क मार्ग पर सूबेदार पुरवा गांव के पास कई महीनो पूर्व सड़क ढह जाने से एक बड़ा गड्ढा बन गया है जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है उक्त मार्ग पर काफी दो पहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन रहता है और साथ ही साथ तीन से चार स्कूल की बसें लगभग 30 से 40 बच्चों को लाती और ले जाती है। लोक निर्माण विभाग को इस सड़क मार्ग में हुए गड्ढे का निर्माण करना चाहिए जिससे कोई अप्रिय घटना न घट सके।

# 113 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सरदार बल्लभ भाई पटेल पार्क फतेहपुर बाराबंकी में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कुल 113 वैवाहिक जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साकेन्द्र प्रताप वर्मा विधायक कुर्सी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूनम कनौजिया जिला पंचायत सदस्य, शील रत्न मिहिर जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी, रजनीश वर्मा जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी, सरोज वर्मा जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी, श्री रंजीत लोधी मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी फतेहपुर, करूणा शंकर शुक्ला मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बेलहरा, योगेन्द्र पटेल मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी निन्दूरा, राकेश रमन उप निदेशक, समाज कल्याण अयोध्या मण्डल, पशु चिकित्सा अधिकारी हैदरगढ़, सम्बन्धित विकास खण्डों के नोडल अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पुलिया से टकराई, तीन की मौत, दो गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाईवे मार्ग के किनारे बनी पुलिया से टकरा गई। भीषण टक्कर होने के चलते कार के परखच्चे उड़ गए। तो वहीं आसपास के लोग घटना को देख भारी संख्या पर मौके पर एकत्रित हो गए। भीषण हादसे में कार में सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहत व बचाव का कार्य करते हुए एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलो को इलाज के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहाँ तीन लोगों को डाक्टरी परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। तथा दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतकों में रायबरेली न्यायालय की सुरक्षा में तैनात सिपाही महाराज सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र रामसुख निवासी जनपद जालौन, चंद्रपाल सिंह उम्र लगभग 72 वर्ष पुत्र बद्री सिंह निवासी सरेनी, लालगंज तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। घायलो में मोहम्मद रियान उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र इरफान निवासी कुंडौली, बछरावां तथा रजत साहू उम्र 34 वर्ष पुत्र प्रेम प्रकाश निवासी तेलीबाग, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए।



# ब्लॉक कार्यालय की छत का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचा कर्मचारी

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ विकास खंड कार्यालय की करीब दशकों पुरानी इमारत जर्जर होती जा रही है। भवन के कई हिस्सों से लगातार प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, जिससे कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास ब्लॉक परिसर स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कार्यालय की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। उस समय कार्यालय में ब्लॉक मिशन मैनेजर मंगेश कुमार श्रीवास्तव अपने कार्य में व्यस्त थे। उन्होंने बताया कि गनीमत रही कि प्लास्टर उनके ऊपर नहीं गिरा, नहीं तो उनके साथ कोई अपनी घटना घट सकती थी।

# हर बच्चा विद्यालय तक पहुँचे, शिक्षा से कोई न रहे वंचितः जिलाधिकारी

- डीएम ने मलिन बस्ती में स्कूल चलो अभियान के तहत 10 बच्चों का कराया पंजीकरण
- ड्रॉपआउट छात्रा का भी कराया नामांकन



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जनपद में शत-प्रतिशत नामांकन एवं प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित बेसिक शिक्षा विभाग के ''स्कूल चलो अभियान'' के अंतर्गत जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने नया पुरवा, मलिन बस्ती पहुंचकर बच्चों एवं अभिभावकों से संवाद किया तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं पहल करते हुए 10 बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया, जिसमें से पांच बच्चों का कम्पोजिट विद्यालय चकअहमदपुर व पांच बच्चों का कम्पोजिट विद्यालय सत्यनगर में नामांकन कराया गया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण आधार बनाए जाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने एक बच्ची जिसने किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी, उससे मिलकर उसे शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित करते हुए बच्ची का कक्षा-07 में पुनः नामांकन करवाया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा या बच्ची आर्थिक, सामाजिक अथवा अन्य किसी कारण से शिक्षा से वंचित न रहे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा में सक्रिय सहयोग करें।

# स्कूली बच्चों संग मिलकर भारत विकास परिषद ने किया वृहद वृक्षारोपण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



भारत विकास परिषद व स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम। चन्दापुर थाना क्षेत्र के स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह अमावा में भारत विकास परिषद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अध्यापकों व बच्चों ने मिलकर स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज के ग्राउंड में वृक्षारोपण किया। भारत विकास परिषद अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को पेड़ों की रक्षा एक पुत्र की तरह करना चाहिए लगातार बदलती हुई जलवायु में हम देख रहे हैं की असमय गर्मी और ठंडी सहित बारिश कब होगी कब नहीं होगी यह किसी को पता नहीं रहता अतः पर्यावरण संरक्षण अत्यंत जरूरी है जिसके तहत हमें वृक्षारोपण भी करना है और उनका संरक्षण भी करना है। वही स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि आज भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों एवं विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी ने पौधरोपण किया है और हम सभी को वृक्ष जरुर लगाना चाहिए क्योंकि वृक्ष धरती का श्रृंगार होते हैं।

# आईटीआई गौरीगंज में आयोजित रोजगार मेले में 117 अभ्यर्थी चयनित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 'आज का युग कौशल का युग है। युवाओं का हुनरमंद होना आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' उन्होंने संस्थान द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं से अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा निरंतर अपने कौशल का उन्नयन करते रहने का आह्वान किया। मेले में 15 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने तकनीकी, गैर-तकनीकी, प्रबंधन एवं सेवा क्षेत्र के कुल 323 पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। मेले में लगभग 323 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 117 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि, उपस्थित कंपनियों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए इस प्रकार के आयोजनों का निरंतर आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में अनुपमा रानी जिला सेवायोजन अधिकारी, अभय कुमार सुमन उपायुक्त उद्योग, डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी जिला विद्यालय निरीक्षक, जनपद के समस्त आईटीआई के प्रधानाचार्य, शिवाकांत द्विवेदी, अजय कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार, रोजगार मेला प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, एमआईएस मैनेजर मृत्युंजय तिवारी, संदीप सिंह सहित संस्थान के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास के लिए भी प्रेरित किया गया।

# ई-ट्राईसाइकिल योजना में इच्छुक दिव्यांग छात्राएं करें ऑनलाइन आवेदन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष-26-27 में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा ई-ट्राईसाइकिल योजना संचालित की गयी है, जिसके तहत जनपद में निवासरत जो दिव्यांग छात्राएँ जिनकी आयु 16 वर्ष या इससे अधिक उम्र की है, जो किसी भी स्कूल/ कॉलेज/ संस्थान में अध्ययनरत एवं शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है जो दैनिक कक्षाओं, लाइब्रेरी, लैब, हास्टल, आदि में सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त नहीं कर पाती है उनको ई-ट्राईसाइकिल प्रदान कर उनका शैक्षिक पुनर्वासन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत अधिकतम धनराशि रू 65000.00 प्रति ई-ट्राईसाइकिल अनुमन्य किया गया है जिसके तहत इच्छुक पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाली ऐसी दिव्यांग छात्राऐं जो मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेबल पाल्सी, हीमोफिलिया आदि से ग्रसित हो तथा शारीरिक रूप से उनकी दृष्टि और मानसिक स्थिति अच्छी हो एवं कमर का ऊपरी भाग स्वस्थ्य हो, जो ई-ट्राईसाइकिल चलाने में सक्षम हो तथा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग प्रमाण-पत्र हो।

# गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर चाइल्ड हेल्पलाइन ने चलाया जागरूकता अभियान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा रेलवे स्टेशन गौरीगंज पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि यदि कहीं कोई अकेला, बेसहारा, असहाय अथवा परेशान नाबालिग बच्चा दिखाई देता है तो उसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें, ताकि संबंधित बच्चे को समय पर आवश्यक सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर रुचि सिंह ने कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं रोशन लाल ने विभिन्न आपातकालीन एवं जनसेवा से जुड़े टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों 1098, 1090, 181, 108, 112, 1076 तथा 1930 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ रेलवे स्टेशन का स्टाफ भी उपस्थित रहा। सभी ने बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में सहयोग प्रदान किया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी जरूरतमंद, बेसहारा अथवा संकटग्रस्त बच्चे की जानकारी मिलने पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देकर उसकी सहायता करें।

## नाम परिवर्तन

यह सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी जूली कश्यप को अब प्रगति कश्यप के नाम से जाना जाये। लिखा-पढ़ी में स्कूल के अभिलेख में भी यह नाम अंकित है।

**पुत्री मुनेश्वर कश्यप एवं सुधा कश्यप निवासी ग्राम गद्दौपुर पोस्ट-परसा महेशी जिला-गोण्डा।**

## खबरें एक नजर में

### विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीआई सीतापुर में तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन

**44 प्रशिक्षु हुए सम्मानित, सीडीओ ने कौशल विकास और आधुनिक तकनीक अपनाने का दिया संदेश**

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सीतापुर में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी एवं नगर विकास राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ऋषभ राठौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार विभिन्न ट्रेडों के तकनीकी मॉडल एवं नवाचार प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अतिथियों ने मॉडल की सराहना करते हुए युवाओं की तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आयोजित विशेष व्याख्यान में उद्योग विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक, डिजिटल स्किल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), उद्यमिता, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के बदलते स्वरूप पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास ही सफलता और रोजगार का सबसे मजबूत आधार है।



### आज से शुरू होगी कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग, किसान समय से करें आवेदन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने किसानों को सूचित किया है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया आज 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर 30 जुलाई तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना में कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, किसान ड्रोन एवं अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत एकल कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर तथा एग्रीगेटर के लिए भी ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बेंच ड्रायर, पॉपिंग मशीन एवं मक्का से संबंधित अन्य उपकरणों, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मिलेट पार्लर तथा विभिन्न परिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट नियंत्रण योजना के अंतर्गत मानव चालित एवं पावर चालित स्प्रेयर तथा बखारी के लिए भी आवेदन किए जा सकते हैं। वहीं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल सीड के अंतर्गत ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट एवं मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट पर भी अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन विकास खंड वार की जाएगी। एग्रीगेटर एवं शुगरकेन हार्वेस्टर सेल्फ प्रोपेल्ड श्रेणी के आवेदन राज्य स्तर पर ऑनलाइन किए जाएंगे। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# उ.मा.वि. लोनियापुर में लौह पोषक तत्व की कमी और पूर्ति के लिए बच्चों को किया जागरूक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत अमेठी एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में उच्च माध्यमिक विद्यालय लोनियापुर विकास खण्ड अमेठी में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या लता यादव ने किय। आशा बहू गीता यादव ने कहा कि गर्भवतियों में हिमोग्लोबिन का स्तर सात डेसी लीटर से भी कम मिला है। सामा बानो आंगनवाड़ी ने कहा कि सामान्य महिला के शरीर में 12 ग्राम प्रति डेसी लीटर रक्त होना चाहिए। 89 फीसदी किशोरियां एनीमिया से देश भर में पीड़ित हैं। तंबाकू, गुटखा, शराब लोहे के अवशोषण को रोकता है। अंकुरित दाने,सहजन और लोहे की कड़ाही खाना पकाने के लिए प्रयोग करे। शांति आशा बहू ने कहा कि पीड़ित किशोरियों गर्भवतियों में थकान, चक्कर, सांस लेने में दिक्कत, चेहरा पीला पड़ना, सिर दर्द, दिल की धड़कन तेज होने के साथ भूख न लगना, कम वजन का और समय से पहले बच्चे का जन्म, चिड़चिड़ापन, बार-बार बीमार पड़ना और मानसिक एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस बीमारी से बचना है तो संतुलित आहार करे और जंक फूड से बचे। संध्या विश्वकर्मा स्वयं सेविका एवं छात्रा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने संतुलित आहार में लौह, प्रोटीन, विटामिन सी, हरी सब्जियों, चुकंदर, गाजर का प्रयोग करें। इस अवसर पर कोमल गुप्ता, प्रीति मिश्रा, ऊषा देवी, पूनम पाण्डेय सहित 25 से अधिक महिलाये उपस्थित रही।



# डीएम के आदेश भी बेअसर, पिपरिया भ्रष्टाचार प्रकरण में कार्रवाई लटकी जिम्मेदार अफसरों पर उठे सवाल

**सीतापुर।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में मनरेगा से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बाद भी विभागीय कार्रवाई लंबित होने से प्रशासनिक व्यवस्था सवालों के घेरे में है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते दोषियों के विरुद्ध आज तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी पदुम कुमार की शिकायत पर उपायुक्त श्रम एवं रोजगार द्वारा कराई गई जांच में ग्राम रोजगार सेवक ओमप्रकाश तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव धनंजय चंद्रपति एवं ग्राम प्रधान के विरुद्ध अनियमितताएं प्रथम दृष्टया सही पाई गई थीं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद, अमेठी

पत्रांक-1685/न.पा.प.जायस/मु.वै.न.यो./2026-27 — दिनांक- 14.07.2026

### अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

एतद्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 15.07.2026 से 04.08.2026 अपरान्ह 2:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 04.08.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे निविदाएं खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र शुल्क की धनराशि " NAGAR NIDHI NAGAR PALIKA PARISHAD JAIS" खाता संख्या : 50100869747871 (IFSC CODE - HDFC0004763) में जमा कर रसीद तथा जमानत धनराशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जायस के पक्ष में बंधक कर संलग्न करना अनिवार्य है। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

#### टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क्रमांक | विवरण | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 15.07.2026 10:00 AM | 04.08.2026 02:00 PM |
| 2. | | Tender Download | 15.07.2026 10:00 AM | 04.08.2026 02:00 PM |
| 3. | | Bid Submission | 15.07.2026 10:00 AM | 04.08.2026 02:00 PM |
| 4. | Bid Opening | | 04.08.2026 04:00 PM | |

#### कार्य विवरण

| क्र.सं. | कार्य स्थल का नाम | स्वीकृत लागत (जीएसटी सहित) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं. 12 में एम.आर.एफ. सेन्टर से अन्सार घोसी के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 11,17,000.00 | 1,11,700.00 | 2000.00 | 3 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी।**

# मंडी सचिव व लिपिक पर 3.06 करोड़ के गबन की रिपोर्ट दर्ज

- मंडी के उपनिदेशक की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा
- विभागीय जांच में उजागर हुईं करोड़ों की अनियमितताएं
- मंडी शुल्क जमा न करने का मामला आया सामने




छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।

यहां की कृषि उत्पादन मंडी समिति में करोड़ों रुपये के कथित गबन का मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्रवाई तेज हो गई है।

मंडी परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के उप निदेशक की तहरीर पर तत्कालीन प्रभारी सचिव एवं मंडी निरीक्षक श्रवण सिंह परमार तथा तत्कालीन लेखा लिपिक ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध सरकारी धन के गबन और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

मालूम हो कि 15 जून 2026 को प्राप्त शिकायत के आधार पर मंडी परिषद के आदेश पर क्षेत्रीय लेखाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। समिति ने अभिलेखों की जांच के साथ मौके पर सत्यापन किया। जांच के दौरान 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2026 तक के कैश बुक, बैंक स्टेटमेंट, कर्मचारियों की पासबुक और अन्य वित्तीय अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया।

### जांच में सामने आई बड़ी वित्तीय गड़बड़ी

छिबरामऊ। जांच रिपोर्ट के अनुसार तत्कालीन प्रभारी सचिव श्रवण सिंह परमार के जिम्मे मंडी शुल्क, विकास सेस एवं अन्य राजस्व की वसूली थी। आरोप है कि विभिन्न तिथियों में वसूले गए 2,97,84,613.09 रुपये मंडी समिति के खाते में जमा नहीं किए गए। वहीं तत्कालीन लेखा लिपिक ज्ञानेश कुमार पर भी विभिन्न मदों से वसूले गए 8,78,466 रुपये जमा न कराने का आरोप है।

### दोनों पर गबन का आरोप, पुलिस को कार्रवाई के निर्देश

छिबरामऊ। जांच समिति ने दोनों अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए कुल 3,06,63,079.09 रुपये के गबन से मंडी समिति को आर्थिक क्षति पहुंचाने की बात कही है। इसके आधार पर क्षेत्रीय कार्यालय ने कोतवाली छिबरामऊ को एफआईआर दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण से मंडी परिषद में हड़कंप मचा हुआ है और मामले को लेकर विभागीय स्तर पर भी आगे की कार्रवाई जारी है।

# जिला कार्यकारिणी बैठक के आयोजन की बनीं रूपरेखा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



सौरिख रोड पर सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर के निकट महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की अहम बैठक में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता महिंद्रा ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की बैठक इसी प्रतिष्ठान पर 19 जुलाई रविवार को दोपहर बाद 3-30 बजे से होगी। इसमें जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ जिले के अन्य नगरों की कार्यकारिणी के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष को भी आमंत्रित किया जा रहा है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा व्यापार जगत के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान निकालने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे। सरकारी योजनाओं का लाभ व्यापारियों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक उठाने पर जोर दिया जाएगा। नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में यहां बनाई गई विभिन्न ट्रेडों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा व्यापार मंडल की एकता ही हमारी ताकत है। सभी ट्रेड एसोसिएशन के प्रतिनिधि अपनी मांगों और सुझावों के साथ बैठक में हिस्सा लेंगे ताकि एक व्यापक रणनीति तैयार हो सके। इस दौरान विभिन्न पदाधिकारियों को बैठक की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। तैयारी बैठक में कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, हार्डवेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू, श्यामू, जिला संयोजक अमित भारतीय समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल इंटर कॉलेज में हुई पर्यावरण पर प्रार्थना सभा




कचाटीपुर, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में बुधवार को प्रातः प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

सभा में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य राजीव कटियार ने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की कुंजी है। यदि हम अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे तो बीमारियां अपने आप दूर रहेंगी। प्रत्येक छात्र पेड़ लगाएं, पानी बचाएं और प्लास्टिक मुक्त विद्यालय बनाने में सहयोग करें। हाथ धोने और साफ-सफाई की आदत को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को बताया कि कचरा कूड़ेदान में डालना, परिसर में गंदगी न फैलाना और घर-विद्यालय दोनों जगह स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर नद्या, अंशिका पटेल, सुम्या, अंजली, प्रिया, दुहिया द्विवेदी, अलिसा, सानिया, अपर्णा, स्नेहा, नेहा पटेल, कोमल, खुशी, अभिनव, तनिष्क गुप्ता, अभिकान्त, निशा-निपरेल, अक्षय कुमार, ओम त्रिपाठी, अंशुल, आजिम खान तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कटियार अशोक भारती, अमित पटेल, वीरेंद्र निषाद, योगेश कुमार सिंह, अनिल द्विवेदी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पियूष पटेल, पवन कश्यप, संजीत यादव, सफल गुप्ता, प्यारेलाल, महेश कुमार, तेजप्रताप शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे। सभा के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय को स्वच्छ और हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

## ट्रेड डील के विरोध में भाकियू बलराज का प्रदर्शन



शत्रु संपत्ति प्रकरण में कार्रवाई की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष चौ. प्रताप सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पहले ज्ञापन में केंद्र सरकार से प्रस्तावित ट्रेड डील का विरोध करते हुए कहा गया कि इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। संगठन ने इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए किसानों का डेथ वारंट करार दिया। दूसरे ज्ञापन में मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र के माध्यम से तहसील छिबरामऊ के ग्राम कल्याणपुर स्थित शत्रु संपत्ति पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाया गया। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव, प्रदेश सचिव ब्रजेंद्र यादव, जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# स्मार्ट क्लास संचालन का दिया प्रशिक्षण

## जिले के सात राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को मिला प्रशिक्षण

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में समग्र शिक्षा माध्यमिक योजना के अंतर्गत स्मार्ट क्लास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जनपद के सात राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं सहायक कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक देवांश द्विवेदी (फर्रूखाबाद) ने स्मार्ट क्लास के प्रभावी संचालन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्मार्ट क्लास के तकनीकी संचालन से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विष्णुकांत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के सभी चयनित राजकीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लासों का सफल, सुचारु एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।



पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज जसोदा में प्रशिक्षण प्राप्त करते प्रधानाचार्य

## खबरें एक नजर में

### बाइक पर लिफ्ट के बहाने किसान को लूटा, 1.21 लाख उड़ाए

छिबरामऊ, कन्नौज। मक्का बेचकर घर लौट रहे एक किसान को लिफ्ट देने का नाटक कर दो बाइक सवारों ने उसकी जेब से 1.21 लाख रुपये की नगदी पार कर दी। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र प्रताप सिंह अपनी मक्का की फसल बेचने के बाद बीमा किश्त जमा करने गए थे। वापसी में पूर्वी बाईपास पर वाहन की प्रतीक्षा कर रहे देवेंद्र सिंह को दो युवकों ने गांव तक छोड़ने का प्रस्ताव दिया। किसान बाइक पर बीच में बैठ गया। कुंवरपुर जनूं गांव मोड़ के पास पहुंचते ही बाइक चालक ने उल्टी आने की बात कहकर बाइक रोकी और किसान को नीचे उतार दिया। दोनों युवक तुरंत बाइक लेकर फरार हो गए। जब देवेंद्र सिंह ने अपनी जेब देखी तो उनकी जेब कटी हुई थी और सारा पैसा गायब था। पीड़ित किसान ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके के किसानों में आक्रोश फैल गया है।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट फैलाने का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम कमालपुर निवासी कबीर खां ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से भ्रामक एवं भड़काऊ सूचनाएं प्रसारित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनके तथा वीर सिंह के बीच रास्ते को लेकर विवाद था, जिसका निस्तारण न्यायालय और उपजिलाधिकारी स्तर पर हो चुका है तथा आदेश वर्तमान में प्रभावी है। इसके बावजूद गांव के ही दो लोगों द्वारा पुराने विवाद को आधार बनाकर गलत तथ्यों के साथ खबरें प्रसारित की जा रही हैं। प्रार्थी का आरोप है कि इससे हिंदू-मुस्लिम विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है और क्षेत्र की शांति एवं सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने परिवार और गांव के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### गंगा में समाए ट्रक का सुराग नहीं, लापता युवक की तलाश थमी



परिजन बॉडी ना मिलने पर मायूस होकर लौटे घर

कन्नौज। मेहंदी घाट पुल से गंगा में गिरे मैदा लदे ट्रक और उसमें लापता युवक का चौथे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका। रेस्क्यू अभियान भी फिलहाल बंद हो गया है। युवक के परिजन कई दिनों तक घाट पर डटे रहे, लेकिन सफलता न मिलने पर निराश होकर घर लौट गए। हरदोई जिले के बिलग्राम से औरैया के लिए मैदा लेकर जा रहा ट्रक 12 जुलाई की रात करीब दो बजे मेहंदी घाट पुल पर पहुंचा था। इसी दौरान चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित होकर लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा में जा गिरा। हादसे के समय ट्रक में विनीत कुमार द्विवेदी (26) निवासी गुरौली, हरदोई, श्रवण कुमार (36) निवासी गुरौली और संगीत कुमार (44) निवासी सहार, औरैया सवार थे। स्थानीय गोताखोरों ने श्रवण और संगीत को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन विनीत कुमार तब से लापता हैं। रेस्क्यू टीम ने दो दिनों तक गंगा में तलाश अभियान चलाया। टीम का दावा है कि कानपुर गंगा बैराज तक खोजबीन की गई और ट्रक की केबिन भी खंगाली गई, लेकिन विनीत का कोई पता नहीं चला। चौथे दिन न तो ट्रक निकाला जा सका और न ही युवक का कोई सुराग मिला। वहीं, मेहंदी घाट पुल पर मौजूद स्थानीय निवासी कल्लू और राधेश्याम का कहना है कि हादसे वाले दिन के बाद से न रेस्क्यू टीम दिखाई दी और न ही कोई अधिकारी मौके पर पहुंचे। उधर, हादसे में क्षतिग्रस्त हुई पुल की रेलिंग के पास प्रशासन ने बैरिकेडिंग करा दी है, ताकि दोबारा कोई दुर्घटना न हो। हालांकि बैरिकेडिंग के कारण पुल से गुजरने वाले वाहनों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# शारीरिक-मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी: रोविन यादव



- सपा सरकार बनने पर छिबरामऊ में बनाया जाएगा बड़ा खेल मैदान

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

ग्राम कसावा में एथलीट सचिन यादव व सुरजीत वर्मा के संयोजन में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोविन यादव ने कहा शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। युवा पीढ़ी को नशे और गलत रास्तों से दूर रखने में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा सपा सरकार बनने पर छिबरामऊ में एक बड़ा खेल मैदान बनाया जाएगा, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का उचित मौका मिल सके। दौड़ प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। 200 मीटर दौड़ में समीर प्रथम, तिसाल द्वितीय व सचिन तृतीय रहे। 800 मीटर में साहिल प्रथम, सौरभ द्वितीय व तिसाल तृतीय रहे। 1600 मीटर दौड़ में मोहित प्रथम, साहिल द्वितीय व सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। रोविन यादव ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रतीक चिन्ह व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा आयोजकों सचिन यादव व सुरजीत वर्मा की हौसला अफजाई की। इस दौरान अमित यादव (दीक्षिता लाईब्रेरी), रामऔतार यादव, दिलीप यादव, शिशुपाल सिंह, अनिल यादव, नवनीत यादव व राम यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी दुर्गाबाई देशमुख की जयंती पर श्रद्धांजलि



- नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा हैं दुर्गाबाई विजय मिश्रा

गुरसहायगंज कन्नौज। स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेविका एवं महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत दुर्गाबाई देशमुख जी की जयंती बुधवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर के रामगंज स्थित शिविर कार्यालय पर 196 छिबरामऊ, पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज विजय मिश्रा ने कहा कि दुर्गाबाई देशमुख का जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। आज भी करोड़ों महिलाएं उनसे शक्ति पाती हैं। हम सभी को उनके आदर्शों पर चलकर समाज में समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहिए। दुर्गाबाई देशमुख जी का जन्म 15 जुलाई 1909 को हुआ था और 9 मई 1981 को उनका निधन हुआ। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और बाद में समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्हें नारी सशक्तिकरण की प्रेरणास्रोत माना जाता है। विजय मिश्रा ने कहा कि दुर्गाबाई जी का समर्पण आज के युवाओं और महिलाओं के लिए मार्गदर्शक है। उनके विचारों को अपनाकर ही हम एक सशक्त और शिक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। इससे पूर्व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पण कर उन्हें नमन किया।

# रॉन्ग साइड से आ रही बाइक की टक्कर, दो घायल

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



प्रेमपुर-टड़ा मार्ग पर मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार स्प्लेंडर बाइक से भूपेंद्र प्रताप सिंह रोज की तरह छिबरामऊ से देवेश्वर राजकुमार पांडे इंटर कॉलेज नवीगंज पढ़ाने जा रहे थे। प्रेमपुर-टड़ा मार्ग पर पहुंचते ही रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आ रही हीरो एचएफ डीलक्स ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दूसरे बाइक चालक उमेश चंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों हेलमेट पहने हुए थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। सूचना पर पहुंचे प्रेमपुर चौकी प्रभारी विशेष कुमार ने दोनों घायलों को डायल 112 की मदद से सौ शैया अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं, जिन्हें पुलिस चौकी प्रेमपुर ले जाया गया।

# भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू का हुआ स्वागत

- आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर हुई चर्चा

गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू का प्रथम आगमन पर जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद जिले की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। क्षेत्रीय मंत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। आगामी विधानसभा चुनाव में हमें पहले से अधिक मतों से विजय प्राप्त करनी है। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। बैठक में उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए टिप्स भी कार्यकर्ताओं के साथ साझा किए गए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव संपर्क अभियान चलाएं, लाभार्थियों से संवाद करें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

संगठनात्मक मजबूती के साथ सेवा और समर्पण के भाव से कार्य करने पर बल दिया गया। इस मौके पर सभासद शिव गुप्ता, आंचल गुप्ता, अनित शुक्ला, विजय वर्मा, संजीव गुप्ता, संतोष चतुर्वेदी, अमित कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक अर्चना पांडे, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, अनूप गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू भी मौजूद रहे।

# वीर नारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन गंभीर: एडीएम




कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों (युद्ध विधवाओं) तथा दिवंगत सैनिकों के आश्रितों की समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने कहा कि देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के अथवा गंभीर रूप से बीमार पूर्व सैनिकों की सूची तैयार कर उनके आयुष्मान भारत कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाएं, ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही पेंशन, राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में राजस्व विभाग के तीन, कोषागार विभाग के चार, पुलिस विभाग के तीन तथा अन्य विभागों के दो मामलों समेत कुल 12 शिकायतों की समीक्षा की गई। एडीएम ने आवश्यकतानुसार संयुक्त जांच कर सभी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा, सिखलाई रेजीमेंट के जेसीओ चरनजीत सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित मौजूद रहे।

# समधन में टीकाकरण पर स्वास्थ्य विभाग ने की बैठक



समधन, समृद्धि न्यूज़।

मरहूम पूर्व चेयरमैन सैय्यद अहमद सुल्तान सिब्बू के आवास पर हुई चर्चा समधन नगर में बुधवार को टीकाकरण से संबंधित एक सामुदायिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक गावी,यूनीसेफ और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से मरहूम पूर्व चेयरमैन सैय्यद अहमद सुल्तान सिब्बू के आवास पर हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था जिसमें जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डीआईओ जितेन्द्र नाग और गावी के जिला समन्वयक विपिन सहित कई हत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैय्यद अहमद उसैव अहमद (वटटू), डाक्टर अकरम और डाक्टर बब्लू जैसे अन्य साथी भी मौजूद थे। जिन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

# दोनों शिक्षकों के जीवनसाथियों ने लगाए गंभीर आरोप

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



- स्कूल में टीचर-टीचर के कथित रोमांस वायरल वीडियो का मामला, दोनों सस्पेंड

जनपद के सौरिख ब्लॉक के बझेड़ी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का एक कथित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने सहायक शिक्षक अवधेश पाल और महिला सहायक शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। वीडियो के सामने आने के बाद दोनों शिक्षकों के जीवनसाथी भी सामने आए और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। इससे मामला विभागीय कार्रवाई के साथ पारिवारिक विवाद तक पहुंच गया है। वीडियो में दिखाई दे रहे सहायक शिक्षक अवधेश पाल की पत्नी रंजना पाल, जो ग्राम पंचायत अधिकारी हैं, ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। उनका दहेज उत्पीड़न का मुकदमा वर्ष 2021 से न्यायालय में विचाराधीन है। उनका दावा है कि पति के कथित संबंधों की जानकारी मिलने पर क्लासरूम में गुप्त कैमरा लगवाया गया, जिसमें दोनों की कथित आपत्तिजनक हरकतें रिकॉर्ड हुईं। वहीं, महिला शिक्षिका के पति ने भी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि उन्होंने मजदूरी कर पत्नी को बीएड-बीटीसी तक पढ़ाया, लेकिन नौकरी लगने के बाद पत्नी ने उन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जेल जाना पड़ा और पत्नी अब दो बच्चों से भी मिलने नहीं देती। उनका दावा है कि अब उन्हें पत्नी के सहकर्मी शिक्षक के साथ कथित संबंधों की जानकारी मिली है। वायरल वीडियो के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों का सीडीओ ने लिया जायजा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने नवाबगंज नगर पहुंचकर संभावित कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नगर पंचायत द्वारा निर्मित स्टेडियम का बारीकी से जायजा लिया और वहां उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का आकलन किया। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी और क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा ने स्टेडियम के हर हिस्से का निरीक्षण कर वहां कार्यक्रम आयोजित करने की संभावनाओं का आकलन किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के संभावित आगमन के मद्देनजर हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग के लिए प्रस्तावित हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जमीन की उपलब्धता, समतलीकरण और सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था हेतु संभावित स्थानों का भी जायजा लिया गया, ताकि आवागमन में कोई बाधा न हो। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजित होने की स्थिति में बैठने की क्षमता का भी आकलन किया। वीआईपी आगमन-प्रस्थान मार्ग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, मंच निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी चर्चा हुई। संबंधित विभागों के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें संभावित कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री का दौरा फिलहाल संभावित है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक स्तर पर व्यवस्थाओं का आकलन किया जा रहा है। दौरे की आधिकारिक स्वीकृति मिलने पर सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। निरीक्षण के समय नगर पंचायत और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।


तैयारियों का निरीक्षण करते सीडीओ मौजूद अन्य

# बदमाशों ने युवक से मारपीट कर बाइक-मोबाइल लूटा

- विरोध करने पर डंडे से किया हमला
- बीमार पिता को देखने गांव आया था युवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना मेरापुर क्षेत्र में मंगलवार रात लूट की एक सनसनीखेज घटना सामने आई। गांव कनासी के पास दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक पर डंडे से हमला कर उसे सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद मारपीट और गाली-गलौज करते हुए उसकी स्प्लेंडर बाइक व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना मेरापुर के गांव प्रहलादपुर निवासी ब्रजेश धोबी वर्तमान में जनपद शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव नगला दमन स्थित अपनी ससुराल में रहकर जीवनयापन करता है। मंगलवार को वह अपने बीमार पिता राजेन्द्र सिंह को देखने अपने पैतृक गांव प्रहलादपुर आया था। दिनभर पिता की देखभाल करने के बाद रात करीब आठ बजे वह अपनी स्प्लेंडर बाइक से वापस ससुराल जा रहा था। पीड़ित के अनुसार, जब वह गांव कनासी के पास पहुंचे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक आए। आरोप है कि बदमाशों ने चलते-चलते डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही दोनों युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। ब्रजेश का आरोप है कि बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया और उनकी स्प्लेंडर बाइक भी छीन ली। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। रात के समय सुनसान रास्ता होने के कारण पीड़ित तत्काल किसी की मदद नहीं ले सका।

बाद में उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और थाना मेरापुर पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित से पूरी जानकारी लेकर घटनास्थल के संबंध में पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।


जानकारी देता पीड़ित

## पिता की हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार


घटना का खुलासा करते सीओ मोहम्मदाबाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिता की हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 व 13 जुलाई की रात्रि में अभि0 श्याम सिंह उर्फ रामू ने अपने पिता की हत्या कर दी थी। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिल गयी, हत्या आरोपी श्याम सिंह उर्फ रामू पुत्र स्व0 रामदास निवासी ग्राम रोहिला मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त श्याम सिंह ने बताया कि पुत्री के विवाह में अधिक खर्च होने के कारण वह आर्थिक तंगी एवं कर्ज से परेशान था तथा अपने पिता से जमीन बेंचकर रुपये देने की मांग कर रहा था। 12/13 जुलाई की रात्रि में रुपये मांगने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद गुस्से में प्लास्टिक की कुर्सी से अपने पिता पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद उसने खून से सनी बनियान को घर के सामने घूर पर फेंक दिया और फरार हो गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त की निशानदेही पर उक्त खून से सनी बनियान बरामद की गई।

# किसान दिवस में कृषकों को योजनाओं की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कृषकों ने प्रतिभाग किया। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि अधिकारी द्वारा उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर बीज उपलब्ध हैं। कृषक ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग 16 जुलाई से प्रारंभ होगी, जिसका लाभ पात्र किसान उठा सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने, खरीफ फसलों का समय से फसल बीमा कराने तथा मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। साथ ही हरित खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं सड़ी हुई गोबर की खाद के उपयोग पर बल देते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य सुधार का संदेश दिया। किसान दिवस में प्रगतिशील कृषकों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएं रखीं। कृषकों ने सरकारी मंडियों में तौल व्यवस्था में सुधार तथा अनाज की तौल में अनियमितताओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। वहीं पशुपालन से जुड़े किसानों ने बरसात के मौसम में पशुओं में फैलने वाले संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु समयबद्ध टीकाकरण की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में 22 जुलाई से पशुओं के टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे पशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखा जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने तथा आधार, बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को आपस में लिंक कराने का आवाह्न किया, ताकि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों के लिए मृदा परीक्षण से संबंधित कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए तथा किसान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।


बैठक लेते सीडीओ

## योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री बनाकर ही पहनेंगे चांदी के चप्पलः गोल्डन बाबा


गोल्डन बाबा का स्वागत करते भक्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज स्थित मैन चौराहा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद सिंह चौहान तथा उनके भतीजे गौरव सिंह चौहान के यहां मनोज आनंद उर्फ गोल्डन बाबा पहुंचे। जहां लोगों ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं सभी सनातन धर्मियों ने उनका भव्य स्वागत किया। गोल्डन बाबा ने शंख बजाकर सनातन धर्म को एकत्र करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सनातनियों को एकत्र होना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि वह चांदी की चप्पल पहनते थे, लेकिन अब वह सनातन धर्म को एकत्र करने के लिए तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरे प्रदेश में उन्होंने यात्रा निकाली है। इस यात्रा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री बनाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर गौरव चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, एलेम्बिक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नवनियुक्त विकास खण्ड अधिकारियों को जिला विकास अधिकारी ने कराया भ्रमण


भ्रमण के दौरान डीडीओ व बीडीओ आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय पर जिला विकास अधिकारी डीडीओ श्याम कुमार तिवारी ने नई पोस्टिंग पर आयीं दो विकास खण्ड अधिकारियों का ग्राम पंचायत का भ्रमण कराया। उसके बाद मीटिंग हाल, खेल मैदान, कर्मचारी आवास, कार्यालय तथा विकासखंड अधिकारी आवास आदि के बारे में उनको जानकारियां देकर विजिट कराया। इस मौके पर विकासखंड कार्यालय के समस्त कर्मचारी तथा विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, अनुज कुमार, मनोज कुमार तथा विकासखंड के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा, आरोपी पुलिस हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कन्नौज के थाना समधन निवासी गिरंध सिंह ने थाना नवाबगंज को लिखित तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री मोनी की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज के गांव नगला पाल में एक युवक के साथ की थी। आरोप है कि युवक आए दिन पुत्री मोनी को गाली-गलौज कर मारपीट करता है। बुधवार को भी पुत्री मोनी को युवक व उसके परिजनों ने मारपीट की। जिसकी सूचना मोनी ने फोन कर अपने मायके में दी। मायके से मोनी के पिता व भाई मौके पर पहुंचे। तो युवक व उसके परिजनों ने गाली-गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी। थाना पुलिस ने ससुर को थाने पर पूछताछ के लिए बुलाया। बातचीत के बीच ही मोनी का देवर गुस्से से मोनी व उसके मायके पक्ष के पिता व भाई को धमकाने लगा। इसपर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने ससुर व देवर को थाने में बिठा लिया।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर स्वनिर्मित उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में आई.टी.आई. एवं कौशल विकास तथा पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनीय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, प्रधानाचार्य राज किशोर एवं प्रधानाचार्य बृजेश कुमार ने मां सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर विश्व युवा कौशल दिवस का शुभारम्भ किया। आयोजित प्रदर्शनी का भ्रमण किया एवं प्रशिक्षार्थियों को उनके द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों हेतु सराहना की गयी एवं स्वरोजगार को और अधिक बढ़ावा देने हेतु अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किये गये। जिसमें कमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को 5100 रू0, 2100 रू0 एवं 1100 रू0 का नगद पुरूस्कार स्वरूप प्रदान किये गये। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये गये और वर्ष 2025 में अपने-अपने व्यवसाय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को उत्तीर्ण हुये नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, प्रधानाचार्य राज किशोर एवं प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्वारा रा.औ.प्रशि.सं. के 18 प्रशिक्षार्थी, रा.औ.प्रशि.सं. अमृतपुर के 12 प्रशिक्षार्थी एवं रा.औ.प्रशि.सं. कायमगंज के 12 प्रशिक्षार्थी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विश्व युवा कौशल दिवस की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, राज किशोर प्रधानाचार्य रा.आई.टी.आई. कायमगंज, बृजेश कुमार प्रधानाचार्य, आशीष कुमार एम.आई.एस. मैनेजर, शुभांग मिश्रा डी.पी.एम., रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, राजकिशोर महतो समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# कुत्ते से बाइक टकरायी, चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे बादक सवार लालबाग रोड पर अचानक कुत्ते के सामने आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में पिता और 3 मासूम बच्चों समेत 4 लोग घायल हो गए।

मीरपुर गांव निवासी अवनीश पुत्र स्व0 दीनदयाल अपने 3 बच्चों को लेकर न्यू जूनियर शांति स्कूल गए थे। बड़ी बेटी दिव्याशी कक्षा 8, बेटा अभय कक्षा 7 और छोटी बेटी प्रांजलि कक्षा 3 में पढ़ती है छुट्टी होने के बाद अवनीश तीनों बच्चों को बाइक पर बैठाकर घर वापस आ रहे थे। जैसे ही बाइक लालबाग रोड के पास पहुंची, सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बाइक चला रहे पिता अवनीश, दिव्याशी, अभय और प्रांजलि के साथ बाइक पर सवार एक और व्यक्ति घायल हो गया।

आसपास के लोगों ने तुरंत मदद की और सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी का उपचार शुरू कर दिया है।


घायल बाप-बेटी

# सवा लाख रुपये व बाइक लूटने के मामले में पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

- युवक को काम के बहाने ले जाकर बेरहमी से पीटा, गंभीर
- पीड़िता ने लगाई एसपी से गुहार
- जानलेवा मारपीट की और उनके रुपये व गाड़ी लूटी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कादरीगेट क्षेत्र में एक युवक को काम के बहाने घर से बुलाकर बेरहमी से पीटने और उससे सवा लाख से अधिक की नकदी व मोटरसाइकिल लूटने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की हालत अत्यंत चिंताजनक है और वह इस समय कानपुर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

कादरीगेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला अम्बेडकर नगर सकरना निवासी रागिनी पत्नी रोहित ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 6 जुलाई की सुबह करीब 10:30 बजे नरकसा निवासी पवन पुत्र तोताराम अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर आया। आरोपी पवन ने उसके पति रोहित को काम दिलाने का बहाना बनाया और जबरदस्ती अपने साथ ले गया। पीड़ित के अनुसार, जब उसके पति रोहित घर से गए तो उनके पास अपनी टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल थी। इसके अलावा, उनके पास टैक्सी बिक्री के 1,15,000 रुपये और घर से नया वाहन खरीदने के लिए लिए गए 20,000 रुपये कुल 1,35,000 रुपये भी मौजूद थे। उसी दिन 6 जुलाई शाम करीब 7 बजे रागिनी को सूचना मिली कि रोहित को गंभीर व लहूलुहान हालत में किसी एम्बुलेंस चालक ने डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही जब रागिनी अस्पताल पहुंची, तो रोहित की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत रेफर कर दिया। फिलहाल रोहित का इलाज कानपुर के राघव हॉस्पिटल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। रागिनी का आरोप है कि उसके पति की जेब से सारे पैसे गायब हैं और उनकी मोटरसाइकिल का भी कोई सुराग नहीं मिल रहा है। जब उसने मुख्य आरोपी पवन से इस बारे में पूछताछ की, तो उसने कोई सही जवाब नहीं दिया। पीड़िता को पूरा अंदेशा है कि पवन और उसके साथियों ने मिलकर उसके पति रोहित के साथ जानलेवा मारपीट की और उनके रुपये व गाड़ी लूट ली। पीड़िता का कहना है कि उसने घटना के अगले ही दिन 7 जुलाई को थाना कादरीगेट में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की टालमटोल नीति से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# आबकारी टीम ने कम्पोजिट व शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा द्वारा मय स्टाफ जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट दुकानों में अमृतपुर, पिथनापुर, तथा देशी मदिरा दुकानों अमृतपुर, पिथनापुर, रतनपुर पामरान, स्थित दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## दबंग ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के नगला फारम गांव में मंगलवार शाम दबंग ने युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपीगण जेब में रखे २० हजार रुपये लूटकर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार नगला फारम निवासी अवधेश पुत्र लाला राम जाटव अपने काम से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही एक दबंग ने उसे रोक लिया। बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अवधेश ने विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो गये। आरोप है कि दबंग ने पहले लाठी-डंडों से जमकर पीटा। इसके बाद सिर पर ईंट से वार कर दिया। अवधेश खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी ने घायल की जेब में रखे 20 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर हालत में अवधेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया।

## बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा


बैठक लेते बीडीओ मौजूद सचिव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, आवास सर्वे की अंतिम मुहर तथा अपने ग्राम पंचायत में पूरा कलेक्शन अन्य कई मूलभूत सुविधाओं को ग्रामीण जनता में पहुंचने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत के सचिवों को बताया कि वह जिनके क्षेत्र में गौशाला है, सबसे अधिक प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा जिला के अधिकारी गौशालाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसके लिए सभी सचिव तथा अधिकारी गौशालाओं पर विशेष ध्यान दें और गोवंशों को कोई भी परेशानी ना हो सके, जिनके लिए हरे चारे की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था आदि की जाये। इस मौके पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, अरविंद कुमार, मोतीलाल यादव, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश आदि सचिव उपस्थित रहे।

## 545 ग्राम पंचायतों को कार्यों हेतु 6.11 करोड़ से अधिक की धनराशि उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से 545 ग्राम पंचायतों को क्रेडिट लिमिट के रूप में कुल 6,11,21,880 की धनराशि समान अनुपात में उपलब्ध करा दी गई है। उक्त धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता संबंधी कार्यों जैसे आर.आर.सी. (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) निर्माण, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैंबर, सोख्ता गड्ढा, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप, खाद गड्ढा, लीच पिट, ई-रिक्शा, हैंडपम्पों के सोकपिट, स्वच्छता किट, इंसीनेरेटर, कचरा पान, तालाबों का सौंदर्यीकरण तथा एस.एल.डब्ल्यू.एम. से संबंधित अन्य कार्यों पर किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम सचिव एवं कंसल्टिंग इंजीनियर द्वारा कार्यों का सत्यापन किया जाएगा।

इसके पश्चात सभी आवश्यक अभिलेख एवं विवरण एस.एन.ए. स्पर्श 2.0 पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। जनपद प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि स्वच्छता से जुड़े सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

# अभ्युदय का तात्पर्य जीवन की संभावनाओं का सूर्योदयः जिलाधिकारी


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत सत्र 2026-27 संचालित अभ्युदय कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। डीएम ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डीएम ने विद्यार्थियों को सफलता के गुर सिखाते हुए कहा कि अभ्युदय का तात्पर्य जीवन की संभावनाओं का सूर्योदय है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा के बल पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन, समर्पण एवं तकनीक के साथ तैयारी करने का आवाह्न करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नवीन सुअवसर प्राप्त हो सकेंगे। विद्यार्थियों को किताबों को पढ़ने के साथ उनसे सीखने का विश्लेषण अवश्य करना चाहिए, जिससे उन्हें अपने द्वारा किए गए अध्ययन कार्य की प्रगति का भास हो सके। छात्र-छात्राएं अपने मन में अध्ययन कार्य से जुड़ी हुई जिज्ञासाओं को अपने शिक्षकों के साथ अवश्य साझा करें जिससे आप अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि कोचिंग सेंटर का संचालन पूरी गुणवत्ता एवं नियमितता के साथ किया जाए तथा विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शंकाओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के विद्यार्थियों के लिए इस कोचिंग का शुभारंभ अत्यधिक हर्ष की बात है। परीक्षार्थी उचित मार्गदर्शन के अभाव में परीक्षा पाठ्यक्रम एवं पूर्व में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न पत्रों का सहयोग ले सकते हैं। सफलता के लिए विद्यार्थी कम पढ़ें, लेकिन गुणवत्तापूर्ण पढ़ें। अभ्युदय कोचिंग में विद्यार्थी अपने प्रश्नों के जवाब हेतु शिक्षकों का सहयोग अवश्य लें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी एक बड़े उद्देश्य के लिए नए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं, इसके लिए आप सभी को कुशल शिक्षकों का मार्गदर्शन कोचिंग के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले विद्यार्थी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को अपना आदर्श मानकर परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

समाज कल्याण अधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के उद्देश्य एवं कोचिंग सेंटर की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शालिनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, शिक्षण संस्थान के शिक्षकगण, अभ्युदय योजना से जुड़े संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


अभ्युदय कोचिंग सेंटर का शुभारम्भ करती डीएम


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व अन्य

# विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक नवीन मिश्रा एवं राजेन्द्र दीक्षित ने कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। समारोह का शुभारंभ छात्रा अनुष्का कुशवाहा के स्वागत गीत आरम्भ है प्रचण्ड..से हुआ। अनन्य कपूर एवं शिखा कुशवाहा ने विश्व युवा कौशल दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रिंस बाजपेई ने कविता से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया, जबकि स्वाति तिवारी ने गीत एवं प्रेरक उद्बोधन प्रस्तुत कर युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। संस्थान द्वारा अपने नए उपक्रम



कार्यक्रम में सम्मानित होते युवा

एशियन स्किल अकादमी का शुभारंभ किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एशियन स्कॉलरशिप परीक्षा 2026 तथा आधुनिक तकनीक पर आधारित आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कोर्स का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में कौशल आधारित शिक्षा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा संस्थान युवाओं को रोजगारपरक एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। वहीं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सिंघिका वर्मा, अभिनव दीक्षित, अंकुश कश्यप एवं भावना गुप्ता को कौशल सम्मान से सम्मानित किया गया। चार्ट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया तथा एडीसीए, ओ-लेवल एवं अकाउंटिंग पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। संरक्षक नवीन मिश्रा एवं राजेन्द्र दीक्षित ने युवाओं से नई तकनीक को अपनाने, कौशल विकास को प्राथमिकता देने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाह्न किया। प्रबन्ध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने कहा कि आज आवश्यकता है युवा स्वरोजगार से जुड़े। संचालन फाल्गुनी भैरवानी ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का दायित्व राधिका एवं सुपर्णा मिश्रा ने निभाया। इस अवसर पर आकांक्षा सक्सेना, शैलेंद्र मिश्रा, रक्षपाल सहित शिक्षकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ व्यापारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आवाह्न पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने बिजली विभाग की तानाशाही के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता और नगर अध्यक्ष अमित सेठ के नेतृत्व में व्यापारियों ने तहसील पहुंचकर सीएम योगी आदित्यनाथ को 5 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार हर्षित कुमार को सौंपा। 2 किलोवाट तक के कनेक्शन का मीटर शुल्क 750 रुपये से बढ़ाकर 5300 रुपये कर दिया गया। संगठन ने इसे अनुचित और जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया और तुरंत वापस लेने की मांग की। बिना नोटिस, बिना सुनवाई 47 लाख उपभोक्ताओं का लोड एकतरफा बढ़ाया गया। व्यापारियों ने कहा अगर लोड ज्यादा है तो विभाग डिमांड पेनाल्टी ले, लेकिन लोड पुराने स्तर पर बहाल हो। लोड बढ़ाने के साथ नई दरों से अतिरिक्त सिक्योरिटी मांगी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं पर अरबों का आर्थिक भार पड़ेगा। इसे तुरंत बंद किया जाए। बिलों में 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज जोड़ा जा रहा है जिससे हर वर्ग का बजट बिगड़ गया है। इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। अघोषित और अनियमित बिजली कटौती से उद्योग-धंधे ठप हो रहे हैं। व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। निर्वाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कौशल ने कहा उत्तर प्रदेश का व्यापार-उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर बिजली विभाग का ये दमनकारी रवैया नहीं रुका तो प्रदेश का औद्योगिक विकास ठप हो जाएगा। इस दौरान संजय गुप्ता, अमित सेठ, मनोज कौशल, संजीव अग्रवाल, लखपति सक्सेना, अनिल गंगवार, सुधीर गुप्ता, प्रतीक राज कौशल, आलोक सक्सेना, प्रेम कमल गुप्ता, मुस्तफा भाई, मुकेश गुप्ता, नितिन अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, ओम प्रकाश अरोड़ा, महेश कौशल आदि मौजूद रहे।

## सविता समाज ने मनाया 48वां स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सविता समाज का 48वां स्थापना दिवस शिवम गन हाउस पर मनाया गया। अध्यक्षता जीएल श्रीवास्तव ने की। वर्ष 1977 से निरंतर गति से संगठन समाज की सेवा में कार्य कर रहा है। समाज की एकजुटता के लिए पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रकार के आयोजनों को करके महिलाओं, पुरुषों व बालिकाओं को शिक्षा, आर्थिक व राजनीति में आगे बढ़ाया। मास्टर श्रीराम श्रीवास्तव ने संगठन में रहकर प्रतिवर्ष बड़े-बड़े कार्य किये और कन्नौज तक सम्मेलन कराये। समाज में फैली कुरीतियों पर सुधारात्मक कार्य किये गये। संगठन में सामूहिक विवाह समारोह के अलावा महिला संगठनों तथा अध्यक्षों को जोड़ा गया। स्थापना दिवस हुल्लास पूर्वक मनाया गया। संचालन श्रीराम श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर जीएल श्रीवास्तव, कैप्टन हरिराम श्रीवास्तव, डॉ. विजय कुमार, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, रामनिवास, कमलेश, दयाशंकर, सुखदेव फौजी, चमन श्रीवास्तव, अनिल कुमार, रामकृष्ण, राजपाल फौजी, रमेश ठाकुर, मुन्नाबाबू, रामसेवक, शिव कुमार, अमित, ओमशरन आदि लोग मौजूद रहे।



सांसद को ज्ञापन देते शिक्षक

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने टीईटी के विरोध में सांसद को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मानसून सत्र शुरू होने से पूर्व देश भर के सांसदों को टीचर्स फेडरेशन ऑफइंडिया के आवाहन पर सांसद मुकेश राजपूत को दूसरी बार टीईटी के विरोध में ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रादेशीय प्राथमकि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने सांसद से शिक्षकों की ज्वलंत समस्या को लोकसभा में रखने की मांग रखी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मिलकर इस गंभीर समस्या के स्थाई समाधान कराया जाना नितांत आवश्यक है। देश के 28 लाख शिक्षक प्रभावित हैं। मौजूदा मानसून सत्र में इस ज्वलंत मुद्दे का समाधान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुन्ना लाल, देवेंद्र यादव, उपेंद्र गंगवार, अमित मिश्रा, अमन कुमार, ओम सिंह चौहान, बलवीर सिंह, राघवेन्द्र सिंह, सुशील माथुर, अनुपम मिश्रा, सत्यभामा राठौर, ज्योत्स्ना, ममता, अर्चना सहित एक सैंकड़ा शिक्षक- शिक्षिकाओं ने टीईटी के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की।

# कै. गिरिजा शंकर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा निदेशक माध्यमिक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है।



प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर

जिला समन्वयक कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि वर्ष 2026 की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मुख्य थीम ष्किाऊपन के लिए विज्ञान और नवाचार निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं निम्नलिखित पाँच उप-विषयों में से किसी एक विषय पर अपना मौलिक प्रोजेक्ट तैयार कर प्रतिभाग करेंगे। कचरा प्रबंधन के लिए कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनः प्राप्त करें, पुनः डिज़ाइन करें एवं पुनर्चक्रण करें। ऊर्जा के लिए 4 अन्वेषण करें, प्रयोग करें, बढ़ाएं एवं विकसित करें। जल संचयन, दोहन, पुनर्चक्रण एवं संरक्षण। खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य। निरंतरता के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों का अनुप्रयोग। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में किसी प्रकार के क्रियाशील अथवा अक्रियाशील मॉडल प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे। प्रतिभागियों को केवल शोध-आधारित प्रोजेक्ट तैयार करना होगा, जिसमें तथ्य, साक्ष्य एवं मौलिकता अनिवार्य होगी।

किसी भी प्रकार की नकल स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 जुलाई से विद्यालय स्तर पर हो चुका है। प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर संबंधित प्रधानाचार्य विज्ञान शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों से प्रोजेक्ट तैयार कराएंगे।

कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं शोध संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 9 के वे छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। जिनकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2013 से 31 दिसंबर 2016 के बीच है, आयु 10 से 14 वर्ष। वहीं सीनियर वर्ग में कक्षा 10 से 12 के वे छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। जिनकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2013 के बीच है, आयु 14 से 17 वर्ष। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा लागू नहीं होगी तथा उनका वर्गीकरण अध्ययनरत कक्षा के आधार पर किया जाएगा।

प्रत्येक विद्यालय से जूनियर एवं सीनियर वर्ग में ब्लॉक स्तर पर 5 से 10 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## खून देकर समाजवादी पीडीए प्रहरी ने जच्चा-बच्चा की बचाई जान



रक्त देने के बाद महिला के स्वास्थ की जानकारी देते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी विचारधारा का झण्डा थामे पीडीए प्रहरी एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शिवम पटेल ने लोहिया के नाम से बने हुए जिला अस्पताल में महिला को रक्त देकर उसकी जान बचायी। प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि पिंकी शर्मा पत्नी सौरभ शर्मा निवासी कंपिल प्रसव हेतु लोहिया अस्पताल में भर्ती हुई थीं, जांच के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि पिंकी के शरीर में खून की अत्यधिक कमी है, जच्चा बच्चा को नुकसान पहुंच सकता है। परेशान पति सौरभ ने विश्वकर्मा ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला महासचिव अर्चित शर्मा को फोन पर पूरी जानकारी देते कहा कि तुरंत एबी-+ ब्लड की आवश्यकता है और ब्लड बैंक में ब्लड नहीं है। अर्चित शर्मा तुरंत अस्पताल पहुंचे और ब्लड बैंक में पता किया लेकिन वहां रक्त नहीं था। उन्होंने अपना ग्रुप चेक कराया, लेकिन मिलान नहीं हो पाया तब अर्चित शर्मा ने इस पूरे प्रकरण से अपने मित्र एवं समाजवादी पार्टी में यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शिवम पटेल को अवगत करवाया। उन्होंने रक्त देकर जच्चा-बच्चा की खतरे से जान बचायी।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत्त प्रा. शिक्षकों का भुगतान कराये जाने की मांग



संबोधित करते जिला संयोजक विजय बहादुर यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिला संयोजक विजय बहादुर यादव ने पेंशनरों की समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं वित्त लेखाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षक भवन फतेहगढ़ बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता विजय बहादुर यादव ने की। संचालन बलवीर सिंह यादव ने किया। बैठक में शिक्षकों की समस्यायें उठायी गई। साथ ही समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पूर्व अध्यापकों का भुगतान कराया जाये। अकील अहमद शमसाबाद, राजाराम नवाबगंज, राजकिशोर शमशाबाद, अनंतराम राजपूत नवाबगंज, श्रीकृष्ण कमालगंज, देवेन्द्र सिंह यादव आदि की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई। पेंशन स्वीकृत होने के उपरान्त शिक्षकों का सेवा पुस्तिकायें वापस की जाये। कार्यालय में तैनात बाबुओं की मनमानी के कारण वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान नहीं किया जाता है। इसमें सुधार किया जाये। इस मौके पर सेवानिवृत्त संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### समायोजन प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की बैठक महामंत्री डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी के आवास पर संपन्न हुई। वर्तमान में चल रही समायोजन प्रक्रिया में प्रदेश स्तर से जारी सर प्लस सूची पर विचार विमर्श किया गया। प्रदेश स्तर से जारी की गई सर प्लस सूची में संविलियन विद्यालय में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सरप्लस दर्शाया गया, जो शासन के पूर्व में जारी किए गए आदेशों के विरुद्ध है। इस संबंध में बेसिक शिक्षाधिकारी को संगठन द्वारा अवगत कराया गया। साथ ही एमडीएम खाता संचालन के संबंध में चयन वेतनमान के संबंध में एवं प्रोन्नत वेतनमान के संबंध में प्रमुख रूप से मांग रखी गई। बीएसए को सौंपे गये ज्ञापन में समस्याओं के हल कराने के लिए मांग की। जिस पर बीएसए ने विचार कर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिनेश मिश्र, महामंत्री डॉ0 बीरेंद्र त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, देवेश यादव, राहुल गंगवार, अरविंद राजपूत, जगदीश नारायण अवस्थी, संदीप शुक्ला, आदित्य कुमार सिंह, राजीव कुमार, प्रमोद मिश्रा, पवन गुप्ता, सुबोध दुबे, विनोद पाठक, पंकज शर्मा, मनोज वर्मा, आनंद राव, श्याम जी शुक्ला, संजीव पाठक, कुलदीप यादव, धीरेंद्र यादव, संतोष गुप्ता, वंदना शर्मा, रामवीर यादव, डॉ0 रामप्रताप, अनिल कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# समायोजन सूची में भारी विसंगति शिक्षकों ने जताया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए से मिलकर समायोजन सूची का विरोध जताया। जनपद के सभी विकास खंडों की जारी सरप्लस शिक्षकों की सूची में जमकर धांधली हुई। चहेते शिक्षकों को बचाने की फिर मनमानी की गई। किसी प्रधानाध्यापक को वरिष्ठ मानकर हटाया गया तो कहीं सहायक शिक्षक को हटाया गया। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार विकास खंड कायमगंज में किया गया। छात्र संख्या 154 होने के बाबजूद प्रधानाध्यापक को सरप्लस दिखाया गया है, जबकि उनके द्वारा अपना प्रत्यावेदन बीएसए कार्यालय को भी रिसीव करा दिया था। किसी स्कूल में 65 छात्र संख्या पर तीसरे को सरप्लस दिखाया गया, जबकि किसी स्कूल में 74 छात्र संख्या पर तीसरे को सरप्लस नहीं दिखाया गया। सबसे बड़ी अनियमितता वहां देखने को मिली, जिन स्कूलों में शिक्षक सरप्लस दिखाया गया उसी स्कूल को रिक्त पदों की सूची में शामिल किया गया। कई चहेते शिक्षकों को सरप्लस सूची से बाहर रखा गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने सभी प्रभावित शिक्षकों से अपने अपने प्रत्यावेदन बीएसए कार्यालय को रिसीव कराने के निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यदि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अग्रिम कार्यवाही के लिए तैयार रहने आह्वान किया। पिछले दिसंबर/जनवरी में नियम विरुद्ध किए गए समायोजन के खिलाफ जो शिक्षक कोर्ट गए थे, उनके स्टे होने के बाबजूद उन सभी का फिर से समायोजन किया गया है।

## अंकित उर्फ कृष्णा की पुस्तक का हुआ विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले के युवा लेखक अंकित माथुर उर्फ कृष्णा की चर्चित पुस्तक का मंगलवार को मां गमा देवी मंदिर, ग्रानगंज में विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सिंह राठौर का मंदिर परिसर में फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विमल यादव रहे। वहीं प्रदीप राठौड़, एक यू-ट्यूब चैनल के डायरेक्टर अनिल प्रजापति, विशाल श्रीवास्तव सहित लोग मौजूद रहे। पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि अंकित माथुर उर्फ कृष्णा ने कम उम्र में लेखन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विशिष्ट अतिथि विमल यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी को पुस्तकों से जोड़ने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। प्रदीप राठौड़ ने कहा कि युवा लेखक समाज की आवाज होते हैं और अंकित ने अपने लेखन के माध्यम से समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया है।

# एक संघर्ष, एक संकल्प, एक जनआंदोलनः उर्मिला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने अपने जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया। बड़ी संख्या में सपा नेताओं एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई दी। उर्मिला राजपूत ने कहा कि मेरा जीवन एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष व सेवा और जन विश्वास का प्रतीक है। मैंने विद्यार्थी जीवन से महिलाओं व किसानों एवं मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों और समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों की आवाज़ बनने का संकल्प लिया। अन्याय, भ्रष्टाचार, अत्याचार और जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष करना ही मेरे सार्वजनिक जीवन का उद्देश्य रहा है।

अभावों और कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए मैंने कभी अपने कदम पीछे नहीं हटाए। मेरे इस लंबे राजनीतिक और सामाजिक सफर में




कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद मुन्नूबाबू

अनगिनत उतार-चढ़ाव आए। ऐसे अनेक अवसर आए, जब परिस्थितियाँ अत्यंत कठिन थीं, लेकिन जनता के स्नेह, साथियों के विश्वास और शुभचिंतकों के सहयोग ने मुझे हमेशा नई ऊर्जा दी। उन्होंने मुलायम सिंह यादव को अपना प्रेरणा श्रोत बताया और नेता जी ने हमेशा बड़े भाई बनकर मेरा सम्मान किया। उन्होंने बताया कि मैंने कई बार जेलयात्रा की। डा0 राममनोहर लोहिया की विचारधारा से मैं प्रेरित हूं। आज आवश्यकता है कि हम सभी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, संविधान और गंगा-जमुनी तहज़ीब की रक्षा के लिए एकजुट हों। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी जोन प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों को समाजवादी अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद मुन्नू बाबू तथा रामसेवक यादव सहित अनेक का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंदीप यादव, प्रियंका शाक्य, पंचशील राजपूत, अल्का राजपूत, डॉ. रामकृष्ण राजपूत, सर्वेश अम्बेडकर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं को समझाया हुनर व कौशल का महत्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व युवा कौशल दिवस पर राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज के शिक्षकों ने युवाओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व एवं हुनरमंद बनने की सीख दी। देश में से बेरोजगारी कम करने के लिए तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से युवा सरकारी व निजी क्षेत्र के संस्थानों में नौकरी के अतिरिक्त स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। प्रधानाचार्य सुमित मिश्रा ने कहा कि आज युवाओं को हुनरमंद बनाने की आवश्यकता है। उन्हें स्वरोजगार के काबिल बनाने के लिए लीक से हटकर रोजगार परक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना होगा। राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए व उनको बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। यांत्रिक प्रवक्ता आशुतोष कुमार ने कहा कि तकनीकी रूप से सशक्त युवा ही विकसित भारत का आधार हैं।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से छात्र छात्राएं न सिर्फ बेहतर रोजगार पाएंगे, बल्कि भारत को विकसित भारत बनाने में भी योगदान देंगे। गणित प्रवक्ता अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज युवाओं को हुनरमंद, कौशल संपन्न एवं एक श्रेष्ठ इंजीनियर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है और यहां की प्रयोगशालाओं में छात्र छात्राएं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर कुशल इंजीनियर बन रहे हैं। कम्प्यूटर साइंस प्रवक्ता कल्याणी सिंह ने कहा कि आज हमारे देश के युवाओं पर यह जिम्मेदारी है कि वह आने वाले समय में खुद का सर्च इंजन बनाएं और संचार के बेहतर स्वदेशी एप्लिकेशन बनाकर तैयार करें। इसके लिए युवाओं का कौशल से पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज युवाओं को कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में सैद्धांतिक व प्रयोगात्मक रूप से सशक्त बनाने का लगातार कार्य कर रहा है। पीजीडीसीए प्रवक्ता शिखा सिंह ने कहा कि कम्प्यूटर का प्रयोग आज हर क्षेत्र में किया जा रहा है। छात्र छात्राओं के लिए ग्रेजुएशन के बाद पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन सबसे अधिक उपयुक्त रहता है। स्वरोजगार के बेहतर अवसर इस पाठ्यक्रम के बाद युवाओं को मिलते हैं। आसपास के जिलों के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन नहीं है। यह कोर्स सिर्फ राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में उपलब्ध है। सिविल इंजीनियरिंग के महत्व को समझाते हुए कृष्णा मिश्रा ने बताया कि किसी भी इमारत को बनाने से पहले उसके ढांचे और नक्शे को डिजाइन किया जाता है। एक मजबूत इमारत बनाने के लिए हुनरमंद इंजीनियर्स की जरूरत होती है। जब तक युवा इंजीनियर्स में ये हुनर नहीं होगा, तब तक वो मजबूत इमारतें नहीं बना सकते। युवाओं को बेहतर सिविल इंजीनियरिंग का तकनीकी ज्ञान राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में दिया जा रहा है। कर्मशाला अनुदेशक अनिल पाल ने बेल्डिंग शॉप, फिटिंग शॉप, कारपेंट्री शॉप की कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई।

## भाकियू हरपाल गुट ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन, पीएम को भेजा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते भाकियू नेता


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने भारत-अमेरिका डील में किसानों के हितों की रक्षा और स्थानीय समस्याओं को मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालयों पर धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि किसानों की खतौनी भूमि रिकॉर्ड में आ रही त्रुटियों को तत्काल सही कराया जाए। खाद वितरण की पुरानी व्यवस्था बहाल हो, कृषि फार्मर्स रजिस्ट्री के माध्यम से रासायनिक खाद वितरण की व्यवस्था को बंद कर, पूर्व में चल रही पुरानी व्यवस्था के तहत ही किसानों को खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए। आलू की फसल में भारी नुकसान झेल रहे किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 500 प्रति क्विंटल की दर से राहत राशि प्रदान की जाए। आलू रखने वाले शीतगृहों का किराया/भाड़ा सरकार खुद वहन करें ताकि किसानों पर आर्थिक बोझ न पड़े। वर्ष 2017 में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड कर्ज माफकरने की जो घोषणाएं की गई थीं, उन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर कर्ज माफकराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार कठेरिया, मो0 इनाम खाँ, सुल्तान सिंह सहित कई किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उम्मरपुर के प्रा.वि. में शिक्षक पहुंचते हैं देरी से, बच्चे रोज गेट पर करते हैं इंतजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड नवाबगंज के गांव उम्मरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों और प्रधानाचार्य के समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने का मामला सामने आया है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक अक्सर निर्धारित समय से देर से पहुंचते हैं, जिससे बच्चों को रोजाना स्कूल के मुख्य गेट पर खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। इस कारण विद्यालय में पढ़ाई भी समय पर शुरू नहीं हो पाती और बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय का समय सुबह 7:30 बजे से शुरू होता है। अधिकांश बच्चे समय से पहले ही





जानकारी देते स्कूली छात्र

स्कूल पहुंच जाते हैं, लेकिन कई बार विद्यालय का गेट समय पर नहीं खुलता, क्योंकि शिक्षक और प्रधानाचार्य देर से पहुंचते हैं। बच्चों का कहना है कि उन्हें रोजाना काफी देर तक बाहर इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद शिक्षक आने पर ही विद्यालय का संचालन शुरू हो पाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। कई अभिभावकों ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब शिक्षक स्वयं समय का पालन नहीं करेंगे तो बच्चों में अनुशासन की भावना कैसे विकसित होगी। उनका कहना है कि सरकार बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन विद्यालय स्तर पर लापरवाही के कारण इन प्रयासों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया है, जिससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। बच्चों ने भी बताया कि वे प्रतिदिन समय से विद्यालय पहुंचते हैं, लेकिन शिक्षकों के देर से आने के कारण उनकी पढ़ाई का महत्वपूर्ण समय बर्बाद हो जाता है। उनका कहना है कि यदि शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचें तो नियमित रूप से पढ़ाई शुरू हो सकेगी और उनका शैक्षिक नुकसान नहीं होगा। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय में शिक्षकों और प्रधानाचार्य के देर से आने की शिकायत मिली है तो मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्यालय में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी करने वालों को परिणाम भुगतना पड़ेगा: गोल्डन बाबा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर के संत मनोजआनंद महाराज (गोल्डन बाबा) ने बुधवार को दुर्वासा ऋषि आश्रम पहुंचकर संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। उन्होंने पत्रकारों से विभिन्न चर्चा करते हुए राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर कहा कि जिसने भी अपराध किया है, उसे कानून और उसके कर्मों का परिणाम अवश्य भुगतना पड़ेगा। गोल्डन बाबा फतेहगढ़ पुलिस लाइन के निकट स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल पहुंचे, जहां अस्पताल संचालक राघवेंद्र अग्निहोत्री, गौरव चौहान, शरद पाठक, गोविंद अग्निहोत्री, रिंकू अग्निहोत्री सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। दुर्वासा ऋषि आश्रम



गोल्डन बाबा के साथ मौजूद लोग

के पहुंचकर गोल्डन बाबा ने महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महंत ईश्वर दास जी महाराज और गोल्डन बाबा ने एक-दूसरे का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न भेंट किए तथा पारंपरिक सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सोना धारण करना उनकी परंपरा और व्यक्तिगत पसंद का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वह क्षत्रिय समाज से हैं, इसलिए सोना पहनते हैं। राम मंदिर में कथित चोरी के मामले पर उन्होंने कहा कि जिसने भी अपराध किया है, उसे कानून और उसके कर्मों का परिणाम अवश्य भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वह प्रदेशभर के भ्रमण पर हैं और उनकी व्यक्तिगत इच्छा है कि भविष्य में योगी आदित्यनाथ देश के प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक उनकी यह इच्छा पूरी नहीं होती, तब तक वह चांदी के जूते धारण नहीं करेंगे। इस मौके पर विमलेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ‘कृषि व डेयरी उत्पादों का आयात हुआ तो होगा राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह’

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील में कृषि उत्पादों को शामिल करने का विरोध

**किसानों ने सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि एवं दुग्ध उत्पादों के आयात का विरोध करते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की ओर से प्रशासनिक अधिकारी कौशल कुमार सिंह को सौंपकर समझौते से कृषि और डेयरी उत्पादों को बाहर रखने की मांग की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सार्वजनिक रूप से कृषि एवं दुग्ध उत्पादों के आयात से इनकार कर रहे हैं, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी भारत में कृषि व डेयरी उत्पादों के निर्यात की बात कर रहे हैं। इससे देश का किसान गंभीर आशंका और चिंता में है। ज्ञापन में कहा गया कि अमेरिका में कृषि और डेयरी क्षेत्र को भारी सरकारी सब्सिडी दी जाती है, जिससे वहां उत्पादों की लागत काफी कम रहती है। यदि ऐसे उत्पाद भारत में आयात किए गए तो वे सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगे, जिससे भारतीय किसानों को अपनी उपज घाटे में बेचनी पड़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो जाएगी।

किसानों ने कहा कि पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बेचने में किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विदेशी कृषि एवं डेयरी उत्पादों का आयात शुरू होने पर खेती और पशुपालन दोनों ही गंभीर संकट में आ जाएंगे तथा युवा पीढ़ी का खेती से मोहभंग और बढ़ेगा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को शामिल किया गया तो देशभर के किसान अपने हितों की रक्षा के लिए व्यापक सत्याग्रह और आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, कैप्टन मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, शिवकुमार वर्मा, रामसागर वर्मा, अवधेश कुमार, नरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, मंजीत सिंह, विनोद कुमार, अरविंद कुमार, हरनाम, राधेश्याम, गुरु प्रसाद, नत्थूलाल, पप्पू वर्मा, कौशल वर्मा, अनूप वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**किसान संगठनों के नेतृत्व में किसानों ने गांवों से गोला तहसील तक बाइक रैली**

प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार सझौते (फ्री ट्रेड डील) के विरोध में बुधवार को देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले आंदोलन का शुभारंभ किया गया।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित तथा भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने गांवों से गोला तहसील तक बाइक रैली निकाली। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी को सौंपकर ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता भारतीय किसानों के लिए ‘डेथ वारंट’ साबित होगा। इससे किसानों, खेत मजदूरों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

## बिना सूचना बढ़ाया बिजली कनेक्शनों का लोड व्यापार मंडल ने जताया विरोध

**उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा बिजली बिल का बोझ, एमडी यूपीपीसीएल को भेजा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर में विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शनों का लोड बिना पूर्व सूचना बढ़ाए जाने के विरोध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण प्रथम के माध्यम से भेजकर बढ़ाए गए लोड की समीक्षा कर उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शनों का लोड स्वतः बढ़ाया जा रहा है। एक किलोवाट के कनेक्शन को दो किलोवाट, दो किलोवाट को तीन किलोवाट तथा तीन किलोवाट के कनेक्शन को चार किलोवाट कर दिया गया है। विभाग ने यह कार्रवाई उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना दिए बिना और उनकी सहमति के बिना की है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि लोड बढ़ने से बिजली बिल में अनावश्यक वृद्धि होने की आशंका है। इसका सीधा असर व्यापारी वर्ग के साथ-साथ आम नागरिकों, गरीबों और मजदूरों पर पड़ेगा। व्यापार मंडल का कहना है कि अधिकांश उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी तब हुई, जब उनके मोबाइल पर विभाग का संदेश प्राप्त हुआ।

## प्रख्यात समाजसेवी सुरेश चंद्र शुक्ला का निधन रामघाट पर अंतिम संस्कार

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** शहर के रामनगर कॉलोनी निवासी और प्रख्यात समाजसेवी सुरेश चंद्र शुक्ला का बुधवार को 70 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से शहर और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सुरेश चंद्र शुक्ला पिछले काफी समय से अस्वस्थ थे। उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही रामनगर कॉलोनी स्थित उनके घर पर शुभचिंतकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों का तांता लग गया।

## खबरें एक नजर में

### कटाव निरोधक परियोजना का अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता ने किया निरीक्षण

**‘2.19 करोड़ की परियोजना से 6 हजार आबादी और 43 हेक्टेयर कृषि भूमि होगी सुरक्षित’**

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।** शारदा नदी के कटाव से प्रभावित क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से निर्माणाधीन कटाव निरोधक परियोजना का अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार निरंजन एवं अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 360 मीटर लंबाई में कटाव निरोधक कार्य कराया गया है, जिसकी कुल लागत लगभग 2 करोड़ 19 लाख रुपये है। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की करीब 6 हजार की आबादी तथा लगभग 43 हेक्टेयर कृषि भूमि शारदा नदी के कटाव से सुरक्षित रहेगी। इससे बरसात के दौरान होने वाले नुकसान में कमी आएगी और किसानों की फसलों को भी संरक्षण मिलेगा। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने सहायक अभियंताओं एवं जूनियर इंजीनियरों को निर्देश दिए कि मानसून अवधि में कार्यस्थल की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके माध्यम से वर्षों से कटाव की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर सहायक अभियंता गजेंद्र वर्मा, जूनियर इंजीनियर कुंदन लाल एवं हरिवंश, क्षेत्रीय लेखपाल अमन कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अंबेडकर पार्क में एबीवीपी ने किया वृक्षारोपण

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नगर इकाई पड़रिया की ओर से बुधवार को विकास खंड बिजुआ के ग्राम मुड़िया हेम सिंह स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एबीवीपी के जिला संयोजक सचिन राज तथा पंचायत मित्र अंकित शुक्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी देखभाल करना समय की आवश्यकता है। युवाओं की भागीदारी से ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के विकास के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखरेख करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में एबीवीपी नगर इकाई पड़रिया के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया।

### बांकेगंज में करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

**विधायक रोमी साहनी बोलेः जनता का भरोसा आखिरी सांस तक नहीं टूटने दूंगा**

**समृद्धि न्यूज़, बाँकेगंज (खीरी)।** पलिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से बांकेगंज स्थित ‘द रॉयल पार्क’ में लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोमी साहनी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। समारोह का शुभारंभ विधायक रोमी साहनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक रोमी साहनी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पलिया विधानसभा का सर्वांगीण विकास और प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करना है। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के हर गरीब व्यक्ति की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की परवाह नहीं है, बल्कि जनता की सेवा ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन पर लगातार तीन बार विश्वास जताकर विधायक चुना है और वह इस विश्वास को अपनी आखिरी सांस तक टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बेटियों के विवाह, गरीबों के इलाज और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा जैसे जनकल्याण के कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### पूल पार्टी में नन्हे-मुन्नों ने की जमकर मस्ती मौसमी फलों का भी लिया आनंद

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** उमा देवी चिल्ड्रेन्स एकेडमी मोहम्मदी में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम में बच्चों को मनोरंजन के साथ स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पानी में खेलते हुए खूब मस्ती की। रंग-बिरंगे स्विमिंग कॉस्ट्यूम में पहुंचे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूल पार्टी के दौरान बच्चों ने अपने साथियों और शिक्षिकाओं के साथ पानी में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। ठंडी फुहारों और संगीत के बीच बच्चों की खिलखिलाहट से विद्यालय परिसर पूरे समय गुलजार रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया। मनोरंजन के साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा गया। उन्हें तरबूज, खरबूजा, आम सहित विभिन्न मौसमी फलों का वितरण किया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को मौसमी फलों के पोषण संबंधी लाभ बताते हुए जंक फूड से दूरी बनाकर पौष्टिक भोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ ऐसे रचनात्मक और आनंददायक कार्यक्रम आयोजित करना है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित हो। उन्होंने बताया कि पूल पार्टी बच्चों के लिए सीख और मनोरंजन का सुंदर संगम साबित हुई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के मुस्कुराते चेहरे और उत्साह ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की।

## टाटा पावर के सोलर प्लांट में लाखों की चोरी, कॉपर के तार ले उड़े चोर

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, रात्रि गश्त पर उठे सवाल**

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार सुबह पड़रिया तुला कस्बे के पास स्थित टाटा पावर के सोलर प्लांट से लाखों रुपये मूल्य के कॉपर के तार चोरी होने का मामला सामने आया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और भीरा पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह प्लांट संचालित करने पहुंचे ऑपरेटर ने जैसे ही विद्युत आपूर्ति शुरू की, कुछ ही देर बाद प्लांट अचानक बंद हो गया। इसकी सूचना तत्काल क्लस्टर हेड पवन यादव को दी गई। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने पर पता चला कि अज्ञात चोर प्लांट से कॉपर के तारों की केबल काटकर ले गए हैं। बताया जा रहा है कि चोर गन्ने के खेत की ओर से प्लांट परिसर में दाखिल हुए। उन्होंने पहले बाउंड्री पर लगे लोहे के तार काटे और उसके बाद कॉपर की केबलें काटकर फरार हो गए। घटनास्थल के पास खेत में पैरों के निशान भी मिले हैं, जिन्हें पुलिस अहम सुराग मानकर जांच कर रही है। चोरी की घटना के कारण प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे इससे जुड़े उपभोक्ताओं और कुटीर उद्योग संचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलने पर भीरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## वाइब्रेंट विलेज के प्रस्तावित कार्यों की डीपीआर जल्द तैयार करें : डीएम

**सीएम डैशबोर्ड पर विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश**



समृद्धि न्यूज, महराजगंज। जनपद में विकास योजनाओं की प्रगति को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर दर्ज विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सभी कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाए, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध ढंग से शुरू कराया जा सके। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, नेडा, पर्यटन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उद्यान, मत्स्य सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करता रहे। फैमिली आईडी निर्माण अभियान की समीक्षा करते हुए डीएम ने इसे मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने लाभार्थियों की फैमिली आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनवाएं तथा इस माह के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। उद्यान विभाग को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने निर्यात की संभावनाओं वाली बागवानी फसलों का चयन कर शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों को अधिक सशक्त बनाने, उनकी व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि विकास योजनाओं की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए और जनपद की रैंकिंग हर हाल में बेहतर बनी रहनी चाहिए।

### प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रबुद्धजनों से किया सीधा संवाद योजनाओं पर लिए सुझाव

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** शहर स्थित शिव शक्ति मैरिज लॉन में भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी तथा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने प्रबुद्धजनों के साथ सीधा संवाद किया।

संवाद के दौरान राम मोहन, धर्मेंद्र शुक्ल, धर्मचंद्र जैन और सरदार अमरजीत अजमानी ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभों के साथ ही उनके क्रियान्वयन में आ रही कुछ कमियों और जनसमस्याओं को रखा।

## चार्ज हो रहे ई-रिक्शे में उतरा करंट संपर्क में आयी महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैनहवा में बैट्री चार्ज हेतु लगाये गए ई- रिक्शे में करंट उतरने से एक महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मैनहवां निवासी शांति देवी पत्नी रामसुभग उम्र लगभग 55 वर्ष रोज की भांति बुद्धवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पशुओं को चारा डालने जा रही थी कि इसी बीच घर के बगल रास्ते में चार्जिंग हेतु खड़े ई -रिक्शा के सम्पर्क में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पीआरवी द्वारा सूचना मिलने पर उप निरीक्षक राजीव सिंह मय हमराही मौके पर पहुंचे और आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गए। इस



सम्बंध में थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि चार्ज हो रहे ई -रिक्शे के सम्पर्क में आने से मैनहवा निवासी शांति देवी की मौत हो गई है ।आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा कर पोष्टमार्टम हेतु भेंज दिया गया और ई -रिक्शा को कब्जे में ले लिया गया है ।

## स्कूली बसों पर यातायात विभाग की लगी नजर, हुई कार्रवाई

**पांच वाहनों का हुआ चालान, 10 हजार जुर्माना लगाया गया**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीतें दिनों यातायात पुलिस ने फरेंदा कस्बा क्षेत्र में संचालित स्कूल एवं कॉलेज बसों का सघन सुरक्षा एवं फिटनेस निरीक्षण अभियान चलाया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने बसों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन खिड़की, फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की गहन जांच की।निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों एवं विद्यालय प्रबंधनों




को सभी स्कूली बसों में सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से संचालित रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, अग्निशामक यंत्र एवं पर्याप्त फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध रखने तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 5 वाहनों का चालान करते हुए दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यातायात विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## होनहार युवा वैज्ञानिक राहुल सिंह का असामयिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सिसवा नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-17, इंदिरा नगर (असमन छपरा) निवासी युवा वैज्ञानिक राहुल सिंह का लखनऊ में असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद खबर से परिवार, रिश्तेदार, मित्र और क्षेत्र के लोग गहरे सदमे में हैं। हर कोई उनकी प्रतिभा, सादगी और विनम्र व्यक्तित्व को याद कर भावुक हो उठा। राहुल सिंह बचपन से ही मेधावी छात्र थे। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर उन्होंने वैज्ञानिक के प्रतिष्ठित पद तक पहुंचकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे महराजगंज जनपद का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धियां क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत थीं। उन्होंने यह साबित किया कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। नौकरी की व्यस्तता के कारण उनका गांव आना कम हो गया था, लेकिन जब भी वे अपने घर आते, तो पुराने



मित्रों, पड़ोसियों और गांव के बुजुर्गों से पूरे सम्मान और आत्मीयता के साथ मिलते थे। उनका सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव उन्हें सभी का प्रिय बनाता था। गांव के लोग बताते हैं कि ऊंचे पद पर पहुंचने के बाद भी राहुल ने कभी अपने संस्कार और अपनी मिट्टी से जुड़ाव नहीं छोड़ा। राहुल के पिता किसान हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। दो भाइयों में राहुल सबसे छोटे थे। बड़े भाई रोहित सिंह का विवाह इसी वर्ष अप्रैल माह में हुआ था। परिवार अभी विवाह की खुशियों से पूरी तरह उबर भी नहीं पाया था कि यह हृदयविदारक घटना घट गई। राहुल अपने पीछे माता-पिता, बड़े भाई रोहित सिंह, बहन निशु सहित समस्त परिजनों को गहरे शोक में छोड़ गए हैं। इस असामयिक निधन ने पूरे परिवार की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। राहुल सिंह के निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और परिचितों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। क्षेत्रवासियों का कहना है कि राहुल सिंह जैसा प्रतिभाशाली, विनम्र और संस्कारी युवा समाज के लिए प्रेरणा था। उनका असमय निधन केवल उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे महराजगंज जनपद की अपूरणीय क्षति है। उनकी उपलब्धियां, सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनका व्यवहार हमेशा लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेगा।

## नौतनवा में सामूहिक विवाह आज

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज वृहस्पतिवार को नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम नौतनवा स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज के समीप एक रिजॉर्ट में आयोजित होगा। इस सामूहिक विवाह समारोह में विकास खंड नौतनवा, लक्ष्मीपुर, नगर पालिका परिषद नौतनवा तथा नगर पंचायत सोनौली क्षेत्र के पात्र जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटियों के विवाह को सम्मानजनक ढंग से संपन्न कराया जाता है तथा नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से निर्धारित सहायता भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी नौतनवा अमित मिश्रा, खंड विकास अधिकारी लक्ष्मीपुर तथा संबंधित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को सहायक नोडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समारोह में क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।

## डीपीआरओ ने किया ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**मुक्तिधाम व विकास कार्यों का लिया जायजा**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) राम उदय यादव ने मंगलवार की देर शाम विकास खंड हलिया की ग्राम पंचायत गलरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों और मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीपीआरओ राम उदय यादव ने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत गलरा स्थित मुक्तिधाम परिसर का भ्रमण किया। मुक्तिधाम के मुख्य द्वार, बाउंड्रीवॉल, शेड, पौधरोपण व अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखी। और



ग्राम प्रधान अरुण मिश्रा की सराहना किया उन्होंने मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने और परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ ने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, नाली-खड़ंजा, मनरेगा कार्यों व अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। अभिलेखों का रखरखाव, जॉब कार्ड अपडेट व ग्राम पंचायत में हो रहे कार्यों में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। डीपीआरओ ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूरे कराए जाएं। मुक्तिधाम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पेयजल, छाया व बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अरुण मिश्रा, सचिव मनोज गौतम, पंचायत सहायक समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिरसा मुंडा मैदान में चला वृक्षारोपण अभियान, विधायक व अधिकारियों ने रोपे आम, पीपल व बरगद के पौधे

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा मैदान में बुधवार को ष्एक पेड़ माँ के नामष् वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में छानबे विधायक रिंकी कोल, एसडीएम अजीत कुमार व बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय ने आम, पीपल, बरगद, सीताफल व महुआ के पौधे रोपे।

विधायक रिंकी कोल ने कहा कि ष्एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रधानमंत्री की सोच है।

हर व्यक्ति को अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। पेड़-पौधे ही जीवन का आधार हैं।



एसडीएम अजीत कुमार ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की। बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर छायादार व फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। आज हथेड़ा के बिरसा मुंडा मैदान में 51 पौधों का रोपण किया गया। रोपे गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए जाएंगे।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया-लालगंज मार्ग पर गढ़वा गांव के पास मंगलवार रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया, जहां से दो की हालत गंभीर देख मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।थाना क्षेत्र के सुबाव कला गांव निवासी 18 वर्षीय सत्यम अपने साथी 28 वर्षीय करन के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वे गढ़वा गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे प्रयागराज जनपद के भवनीपुर निवासी 25 वर्षीय विपिन की बाइक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।